▸ वर्ष 72 ▸ अंक 187 ▸ पृष्ठ 12
▸ रीवा, रविवार 06 अप्रैल 2025
▸ चैत्र शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com




# प्रभु श्रीराम के जन्म पर देश में उत्सव



22 जनवरी 2024 का स्वर्णिम पल जब देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने श्रीराम लला की सजीव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किए ।

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनिया मना रही दूसरा जन्मोत्सव

यह देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निरंतर प्रयासों और दृढ़ इच्छा संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि मान. उच्चतम् न्यायालय के निर्णय के बाद इतनी शीघ्र अयोध्या में श्री रामलला की जन्म भूमि पर अति भव्य मनोहारी और ऐसा विशाल मंदिर बन कर भगवान श्री रामलला की प्रतिमा में पुर्न प्राण प्रतिष्ठा हुई है।

आज अयोध्या का श्री राम मंदिर भारत ही नहीं वरन सारी दुनियां में रहने वाले हिन्दुओं के लिए गौरव का विषय है। हम सनातन हिन्दुओं का मस्तिष्क आज संसार के दूसरे धर्मों के तीर्थ स्थलों के सामने गर्व से ऊंचा हो गया है की हाँ, हम हिन्दुओं का प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर संसार के सबसे सुंदर, पवित्र और आकर्षक धर्म स्थलों में से एक प्रमुख स्थान है।

मुझे इस बात का गौरव भगवान श्री राम ने प्रदान करके मेरे जन्म को धन्य किया है कि मैंने भी जैसे की एक छोटी सी गिलहरी ने अपने मुंह में रेत भर-भर कर राम सेतु के निर्माण में सेवा दी थी। वैसे ही मैंने भी प्रतिवादी क्र.-20 के रूप में हिन्दू पक्ष से 31 वर्ष तक राम जन्मभूमि का मुकदमा इलाहाबाद हाईकोर्ट से लेकर देश के सुप्रीम कोर्ट तक लड़कर विजयी हुआ। प्रभू श्री राम की कृपा से मैं उनके मंदिर की नींव का एक छोटा सा पत्थर बन सका **- मदन मोहन गुप्त, प्रतिवादी क्र.-20, श्री राम जन्म भूमि प्रकरण सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया**

### बुक माय शो ने लिस्ट से हटाया कामरा का नाम

**मुंबई, जेएनएन।** टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म बुक माय शो ने कॉमेडियन कुणाल कामरा का नाम वेबसाइट की आर्टिस्ट्स लिस्ट से हटा दिया है। साथ ही कामरा से जुड़ा सारा कंटेंट भी रिमूव कर दिया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को कामरा ने अपने शो में गद्दार कहा था। इसके बाद शिवसेना नेता राहुल कनाल ने 3 अप्रैल को बुक माय शो को लेटर लिखकर उनके शो की टिकट नहीं बेचने की मांग की थी।




### रामनवमी पर पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और झारखंड में हाईअलर्ट

# कोलकाता में पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात, जुलूस की होगी वीडियोग्राफी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रामनवमी रविवार को है। इस पर्व पर देश के तीन राज्यों-पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और झारखंड में अलर्ट है। सबसे ज्यादा तनाव पश्चिम बंगाल में है, जहां हाईकोर्ट की अनुमति के बाद हिंदू संगठन दर्जनों रैलियां करेंगे। पुलिस-प्रशासन को इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है कि कहीं कोई दंगा-फसाद न हो।

शनिवार को राज्य सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी समुदाय के लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में 29 आईपीएस अफसरों के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। अकेले कोलकाता में पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। रामनवमी जुलूसों की तस्वीरें ली जाएंगी और वीडियो बनाए जाएंगे, ताकि उपद्रव होने की स्थिति में जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने में आसानी हो। पुलिस ने कहा है कि रामनवमी की आड़ में बंगाल में अशांति ■ शेष पृष्ठ 7 पर



#### हावड़ा में अंजनी पुत्र सेना ने लगाए विवादित पोस्टर

कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा जुलूस निकालने की इजाजत के बाद हावड़ा में अंजनी पुत्र सेना ने विवादित पोस्टर लगाए हैं। हालांकि, कोर्ट के आदेश के बाद हिंदू संगठन हावड़ा में पारंपरिक रास्ते ही रामनवमी का जुलूस निकालेंगे। हाईकोर्ट ने जुलूस में अस्त्र-शस्त्र न लेने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के बाद हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोग जुलूस में प्लास्टिक की गदा लेकर शामिल होंगे। लेकिन विवादित पोस्टरों के बाद हावड़ा में तनाव है। पुलिस को पोस्टर हटवाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। भाजपा ने इन पोस्टरों की निंदा की है।

#### रांची में अदालत के आदेश पर बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

रामनवमी पर रांची में बिजली की आपूर्ति होगी या नहीं, इस पर चल रहे विवाद का समाधान सुप्रीम कोर्ट ने कर दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को रामनवमी के दौरान निकलने वाली शोभायात्रा के मार्गों पर बिजली आपूर्ति रोकने की अनुमति दे दी, ताकि किसी को करंट न लगे। झारखंड हाईकोर्ट ने विहिप की याचिका पर सुनवाई करते हुए बिजली आपूर्ति बाधित न करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था।

#### उत्तर प्रदेश में शोभा यात्राओं की ड्रोन से होगी निगरानी

रामनवमी को लेकर उत्तर प्रदेश में भी हाई अलर्ट घोषित किया गया है। संवेदनशील शहरों में जुलूस और शोभा यात्राओं की ड्रोन से निगरानी की जाएगी। सीएम योगी ने जिलों के पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने गुरुवार को सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी थी। उन्होंने अपने आदेश में कहा था कि सिर्फ परंपरागत मार्गों से ही जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है। कोई नया मार्ग या परंपरा लागू नहीं की जाएगी। शोभायात्राओं के रास्ते में पड़ने वाले घरों पर भी नजर रखी जाएगी। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और होटलों की चेकिंग की जाएगी।

#### अयोध्या में होगा रामलला का सूर्य तिलक

राम जन्मोत्सव के लिए अयोध्या सजधज कर तैयार है। अनुमान है कि इस दिन 50 लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचेंगे। राममंदिर के गर्भ गृह में रविवार को सूर्य तिलक का ट्रायल किया गया। रामलला का 90 सेकेंड तक सूर्य तिलक हुआ। दिन में ठीक 12 बजे सूर्य तिलक का ट्रायल किया गया। 8 मिनट तक सूर्य तिलक का ट्रायल चला। रामलला के गर्भ गृह में 3 मिनट तक पर्दा लगा रहा।

### हवा में तैरेगा जापान का फ्लोटिंग कूलर

*जापान की एक स्टार्टअप कंपनी ने ऐसा एयर कूलर विकसित किया है जो न तो दीवार पर लगता है, न जमीन पर रखा जाता है—बल्कि हवा में तैरता है! जी हां, यह 'फ्लोटिंग एयर कूलर बॉल' कमरे के अंदर हवा में घूमती है और 360 डिग्री में एयरफ्लो देती है। यह डिवाइस एक हल्की मैग्नेटिक सिस्टम और ड्रोन जैसी टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जिससे यह जमीन से करीब 4-5*

### आष्टा में शिवराज सिंह के काफिले का पुलिस वाहन पलटा, 3 घायल

**जागरण, आष्टा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले में शामिल एक पुलिस वाहन पलट गया। हादसा शनिवार को सीहोर जिले में आष्टा थाना क्षेत्र के ग्राम बेदाखेड़ी में हुआ। दरअसल केंद्रीय मंत्री भोपाल से देवास जिले के खातेगांव और संदलपुर जा रहे थे। इसी दौरान काफिले में शामिल एक पुलिस वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन पुलिस जवान घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों में एएसआई एसपी सिमोलिया, नीरज शुक्ला और आकाश अटल शामिल हैं। इन तीनों को तुरंत सीहोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उनका इलाज चल रहा है। इस हादसे के बाद भी चौहान ने अपनी यात्रा जारी रखी।

#### विशेष सूचना

**प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव पर विशेष आलेख - भए प्रकट कृपाला, दीन दयाला**

**(पढ़ें सम्पादकीय पेज पर)**

#### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**हैदराबाद बनाम गुजरात**

समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: दिल्ली ने चैन्नई को 25 रन से हराया।**

## टीसीएस मैनेजर सुसाइड मामले में आरोपी पत्नी-ससुर गिरफ्तार

**अहमदाबाद, जेएनएन।** आगरा में टीसीएस कंपनी में मैनेजर मानव शर्मा के सुसाइड करने के मामले के आगरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अहमदाबाद से मानव की पत्नी और उसके ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बाप-बेटी पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग जगह पर शरण लिए हुए थे। 24 फरवरी को थाना सदर क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी निवासी सुसाइड से पहले मानव ने पत्नी पर उत्पीड़न और अवैध संबंध का आरोप लगाया था। इसके बाद वीडियो के आधार पर कदमा दर्ज किया था। और मानव के ससुरालियों की गिरफ्तारी के जुट गई थीं। मुकदमा दर्ज होने के मानव के ससुरालियों फरार चल रहे थे। हालांकि, पुलिस ने 13 मार्च को मानव शर्मा की साली और सास को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था और

#### यह है मामला

मानव और निकिता की शादी जनवरी 2024 में हुई थी। दोनों मुंबई में रहने लगे, लेकिन जल्द ही उनके बीच तनाव उत्पन्न हो गया। परिवार के अनुसार, निकिता अक्सर झगड़ा करती थी और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देती थी। कुछ ही समय बाद मानव शर्मा ने आत्महत्या कर ली थी। शर्मा ने एक 6 मिनट 47 सेकंड का वीडियो बनाया था, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी निकिता शर्मा और ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए थे।

मानव की पत्नी निकिता और मानव के ससुर दोनों फरार चल रहे थे। जिसके चलते पुलिस ने निकिता और उसके पिता पर 10-10 हजार रुपए का इनाम भी रखा था।

### नए पंबन ब्रिज का आज उद्घाटन करेंगे मोदी



**रामेश्वरम, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। यह भारत का पहला वर्टिकल रेलवे लिफ्ट पुल होगा। पाक जलडमरूमध्य पर स्थित यह ब्रिज 2.07 किलोमीटर लंबा है। इसकी जानकारी स्वयं मोदी ने एक्स पर पोस्ट करके दी है। बता दें कि रामेश्वरम में बना नया पुल 1914 में बने पुराने पंबन ब्रिज की जगह लेगा। यह पुल रामेश्वरम द्वीप को भारत की मुख्य भूमि से जोड़ता है। पुराने पंबन पुल पर परिवहन बढ़ने के कारण असुविधा हो रही थी। इसे देखते हुए नए पुल का निर्माण कराया गया है। केंद्र सरकार ने 2019 में नया पुल बनाने की मंजूरी दी थी।

## मणिपुर संकट: कोकोएमआई समूह ने मैतेई व कुकी शांति वार्ता को ठुकराया

### आरोप: राज्य के हालात को जातीय संघर्ष बताना गलत, यह 'एक प्रॉक्सी वॉर'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मणिपुर की इंफाल घाटी से जुड़े एक प्रभावशाली सामाजिक संगठन 'कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी' (कोको-एमआई) ने केंद्र सरकार द्वारा आयोजित मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शांति वार्ता को सिरे से खारिज कर दिया है। यह वार्ता केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर दिल्ली में आयोजित की गई थी, लेकिन कोकोएमआई ने इसे 'पूर्वनियोजित नाटक' और 'गुमराह करने वाला राजनीतिक हथकंडा' करार देते हुए इसमें भाग नहीं लिया। संगठन का आरोप है कि दिल्ली में जल्दबाजी में बुलाई गई यह बैठक, कुछ चुनिंदा लोगों को बुलाकर केवल 'राजनीतिक दिखावे' के लिए आयोजित की गई, ताकि संसद में गृह मंत्री अपनी बात को 'शांति की दिशा में कदम' बताकर पेश कर सकें।

कोकोएमआई के संयोजक 'लाइकुराम जयेंता' ने कहा कि केंद्र सरकार इस संकट को एक सतही जातीय संघर्ष के रूप में पेश कर रही है, जबकि इसकी जड़ें कहीं अधिक गहरी, खतरनाक और राजनीतिक रूप से प्रायोजित हैं। मणिपुर में चल रहा हिंसक संघर्ष वास्तव में 'एक प्रॉक्सी वॉर' है, जिसे खुद केंद्र सरकार ने 2005 से चल रहे सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस समझौते के माध्यम से परोक्ष रूप से बढ़ावा दिया है।

#### भ्रामक व अधूरी व्याख्या

कोकोएमआई का आरोप है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में मणिपुर संकट को महज मैतेई और कुकी दो समुदायों के बीच का जातीय टकराव बताया। यह पूरी तरह 'भ्रामक और अधूरी व्याख्या' है। कोकोएमआई पहले भी गृह मंत्रालय के अधिकारियों से हुई बैठकों में स्पष्ट कर चुका है कि मणिपुर की जनता केंद्र सरकार को इस संघर्ष में एक 'निष्पक्ष मध्यस्थ नहीं', बल्कि 'एक सक्रिय पक्षधर' के रूप में देखती है।

**खुलासा** | सीआईए के दस्तावेज सामने आने के बाद नाजी तानाशाह की मौत का रहस्य गहराया

# दूसरे विश्व युद्ध के बाद जीवित बच निकला था हिटलर!

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** हिटलर की मौत के बारे में आमतौर पर यही तथ्य माना जाता है कि दूसरे विश्व युद्ध के खात्मे के बाद, जर्मन तानाशाह ने अप्रैल 1945 में बर्लिन के एक बंकर में आत्महत्या कर ली थी। हाल ही में सार्वजनिक किए गए सीआईए दस्तावेज इस दावे को संदिग्ध बना देते हैं। दस्तावेजों से संकेत मिलता है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने युद्ध के बाद के सालों में हिटलर के दक्षिण अमेरिका में जीवित होने की संभावनाओं की जांच की थी। सीआईए के दस्तावेजों और अर्जेंटीना सरकार के हालिया निर्णयों ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नाजी नेताओं की गतिविधियों पर नई रोशनी डाली है। 1955 में, सीआईए के एक मुखबिर 'साइमिलॉडी एक्स' ने रिपोर्ट में कहा कि एक पूर्व एसएस सैनिक, फिलिप सिट्रोएन, ने दावा किया था कि हिटलर कोलंबिया में जीवित थे।



सिट्रोएन के मुताबिक, उन्होंने हिटलर से कोलंबिया के टुंजा में मुलाकात की थी। यहां स्थानीय जर्मन समुदाय उन्हें 'डेर फ्यूहरर' कहकर संबोधित करता था और नाजी सलामी देता था। सिट्रोएन ने हिटलर के साथ एक तस्वीर भी भेजी, जिसमें हिटलर को 'एडोल्फ शुट्टेलमायर' नाम से पहचाना गया था।

### अर्जेंटीना में नाजियों की मौजूदगी

अर्जेंटीना लंबे समय तक नाजी युद्ध अपराधियों के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल रहा है। हाल ही में, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली ने घोषणा की है कि उनकी सरकार उन सभी दस्तावेजों को सार्वजनिक करेगी जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नाजियों को शरण देने और उनकी सहायता करने से संबंधित हैं। यह निर्णय साइमोन वीजेन्थल सेंटर के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान लिया गया, जिसमें उन्होंने इन दस्तावेजों तक पूर्ण पहुंच की मांग की थी।

#### रैटलाइन्स की जानकारी

इन दस्तावेज़ों में 'रैटलाइन्स' के बारे में भी जानकारी मिलने की संभावना है। यह गुप्त मार्ग थे जिनके माध्यम से दूसरे विश्व युद्ध के बाद नाजी युद्ध अपराधी यूरोप से भागकर दक्षिण अमेरिका पहुंचे। इन रास्तों में वेटिकन के कुछ अधिकारियों की अनौपचारिक सहायता भी शामिल थी।

#### नई रोशनी की उम्मीद

हिटलर के जीवित बचने के दावों पर सीआईए की जांचों और अर्जेंटीना के दस्तावेजों के आने से द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की घटनाओं पर नई रोशनी पड़ी है। इनके माध्यम से यह समझने में मदद मिलेगी कि कैसे नाजी युद्ध के बाद न्याय से बचने में सफल रहे और दक्षिण अमेरिका में शरण ली।

#### इतिहासकारों और विशेषज्ञों की राय

इन दस्तावेजों से नई जानकारी सामने आई है, अधिकांश इतिहासकार इस बात पर सहमत हैं कि हिटलर ने 1945 में बर्लिन में आत्महत्या की थी। इन नए दावों के बावजूद, कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है जो यह साबित करे कि हिटलर युद्ध के बाद दक्षिण अमेरिका में जीवित थे।

इन दावों के बावजूद, सीआईए मुख्यालय ने इस मामले में आगे की जांच करने में संकोच दिखाया। एक आंतरिक ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस मामले में ठोस सबूत हासिल करने की संभावनाएं कम हैं, और इसलिए, इसमें अधिक संसाधन लगाना उचित नहीं होगा।

### गडरा गांव में तीन लोगों के शव फंदे पर लटके मिलने का मामला

## न्यायिक जांच का भरोसा मिलने के बाद हो सका अंतिम संस्कार



**जागरण,रीवा।** पिता और दो बच्चों की संदिग्ध मौत के बाद मऊगंज के गडरा गांव में एक बार फिर पुलिस सवालों में है। पिता और दो बच्चों के शव गांव में पहुंचते ही ग्रामीण आदिवासियों का आक्रोश बढ़ गया। मृतकों के परिजन और ग्रामीणों ने एंबुलेंस घेर लिया। ग्रामीण पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग पर अड़े थे और शवों को एंबुलेंस से उतारने नहीं दे रहे थे। ग्रामीणों की नाराजगी देखते हुए एसडीओपी अंकिता सूल्या को हटाकर आईजी कार्यालय में अटैच कर दिया गया। पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच का भरोसा मिलने पर ही तीनों शवों का अंतिम संस्कार हो सका। असल में शुक्रवार को जिले के गडरा गांव में औसेरी साकेत (55), उसकी बेटी मीनाक्षी (11) और बेटे अमन (8) के शव सड़ी-गली हालत में घर में लटके मिले थे। पुलिस ने तत्काल तीनों शव पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए थे, लेकिन जैसे ही तीनों शव लेकर एंबुलेंस गांव में पहुंची, लोगों में बीते 22 दिनों से दबा आक्रोश फूट पड़ा। लोगों का आरोप है कि पुलिस ने ही घर में घुसकर मारपीट की और तीनों को मारकर लटका दिया। जन आक्रोश भड़कने की सूचना मिलते ही मऊगंज कलेक्टर संजय जैन और एसपी दिलीप सोनी मौके पर पहुंचे। पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बना ने मौके पर पहुंचकर आदिवासियों को समझाया।

# गांव-गांव शराब की पैकारी से युवा हो रहे हैं अपराधी : दिलीप मिश्रा



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उचेहरा के मंडलम सेक्टर इचौल एवं गोबराव की बैठक संपन्न

**जागरण सतना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उचेहरा के मंडलम एवं सेक्टर की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा के मुख्य अतिथ्य एवं विधानसभा के प्रत्याशी रही रश्मि सिंह पटेल की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उचेहरा के अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने किया बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि गांव-गांव जिले में हो रही शराब की पैकारी एवं नियम विरुद्ध शराब की दुकानो के संचालन से गांव का युवा अपराधी हो रहा है श्री मिश्रा ने जिला आबकारी अधिकारी पर गांव-गांव शराब की पैकारी कराने एवं नियम विरुद्ध शराब की दुकानो के संचालन का आरोप लगाया श्री मिश्रा ने कहा कि शराब की पकौरी से युवा अपराधी के साथ.साथ बेरोजगार हो रहे है श्री मिश्रा आबकारी अधिकारी पर हमला बोलते हुए कहा कि अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते सड़क से 220 मीटर के अंदर दुकानों का संचालन किये जाने की स्वीकृत दी जा रही है कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही पोलिंग बूथ में भ्रमण कर पार्टी के अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात करेंगे । भारतीय जनता पार्टी की सरकार भूमि अधिग्रहण बिल के माध्यम से किसानो की जमीन को बिना मुआवजा भुगतान किए अधिग्रहण करना चाह रही है जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत में बिना मुआवजा भुगतान के नहीं लेने देगी। विधानसभा की प्रत्याशी श्रीमती रश्मि सिंह पटेल ने कहा कि आज दिनांक तक किसानों के धान खरीदी के पैसे का भुगतान नहीं हुआ श्रीमती पटेल ने किसानों के धान खरीदी के पैसे का भुगतान तत्काल कराने की मांग करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री आवास के सर्वे पर 2000 लिए जा रहे हैं कार्यक्रम में आदित्य प्रताप सिंह, रामनरेश सिंह पटेल, फूलचंद कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, गुड्डू पांडे, धीरज चौधरी, दिनेश पटेल, संतोष कुमार, दिवाकर वर्मा, रघुनंदन चौधरी, सोमचंद, राम विश्वास रजक, सिकंदर खान भाईजान, मोहन पांडे, विनोद रजक, दरबारी लाल केवट, आबिद अली, इकबाल अहमद, अभिसेक सेन, मिठाई लाल, पवन चौधरी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा को प्रैक्टिकल अनुभव के साथ जोड़ना चाहिए : अंकुल कुलकर्णी

## इंडोनेसिया में भी कम्प्यूटर हेड के रूप में किया कार्य



**जागरण सतना।** शिक्षा को प्रैक्टिकल अनुभव के साथ जोड़ना चाहिए जिससे विद्यार्थियों को वह बाते लम्बे समय तक याद रह जाती है। ये बाते भारत इंटरनेशनल स्कूल की नवागत प्राचार्य अंकुल कुलकर्णी ने एक मुलाकात के दौरान कहीं। उन्होने बताया कि उनकी पूरी शिक्षा दिक्षा जबलपुर के केन्द्रीय विद्यालय में हुई है। फिलहाल वे एकेएस विश्वविद्यालय सतना से शिक्षा विषय पर पीएचडी कर रही है। चर्चा के दौरान प्राचार्य ने बताया कि उन्हे 24 वर्षो का एक लम्बा अनुभव शिक्षा क्षेत्र का है। इसके पूर्व उन्होने जबलपुर के गुरू गोविंद सिंह कॉलेज में कार्य किया है। इसके बाद जबलपुर कॉलेज आफ कम्प्यूटर में असिसटेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य किया है। इतना ही नही उन्होने भारत के बाहर यानी विदेश जाकर इंडोनेसिया में भी कम्प्यूटर हेड के रूप में कार्य किया है। भारत इंटरनेशनल स्कूल में प्राचार्य के रूप में पदस्थ होने के पश्चात उन्होने विद्यालय प्रबंधन की तारीफ करते हुये कहा कि एक बडे और अच्छे विद्यालय में विद्यार्थियों के क्या-क्या बेसिक बाते और सुविधाए होनी चाहिए उसका सारा इंतजाम प्रबंधन द्वारा किया गया है। बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखने और विद्यार्थियों के लिए सुगम और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना ही अपना लक्ष्य बताया है।

## स्फटिक शिला घाट से शैवाल और प्लास्टिक निकाल हुई मंदाकिनी नदी की सफाई




**जागरण सतना।** कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की प्रेरणा और मार्गदर्शन में प्रत्येक शनिवार को चलाए जा रहे मंदाकिनी नदी के सफाई कार्यक्रम की श्रंखला में नगर परिषद चित्रकूट , ग्रामोदय विश्वविद्यालय जल गंगा संवर्धन स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम के लोगों ने मिलकर चित्रकूट की पवित्र सलिला मंदाकिनी की सफाई का कार्य स्फटिक शिला घाट पर किया गया। ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष प्रो घनश्याम गुप्ता ने बताया कि यूट्रॉफिकेशन के कारण नदी में बहुतायत में शैवाल उगे हुए हैं । पर्यटकों द्वारा नदी में खाने पीने के अवशेष खाली बोतलें,पॉलिथीन,घरेलू सामग्री इत्यादि फेंक दी जाती है जो कि नदी को प्रदूषित करती है। इन सभी को नदी से निकला गया।

# विट्स के छात्रों का एनपीटीईएल में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जागरण सतना।** विट्स महाविद्यालय सदैव ही उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति कटिबद्ध रहा है। निरंतर ही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र व प्राध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित करते रहे हैं। ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नालॉजी एनहांस्ड लर्निंग द्वारा आयोजित परीक्षा में गत वर्ष कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग संकाय के 15 छात्रों ने डेटा एनालिटिक्स विथ पायथन, पायथन फॉर डेटा साईंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सर्टीफिकेशन कोर्सेस पूर्ण किये जिसमें भूमि अग्रवाल नेशनल टॉपर 1 परसेंट केटेगरी एवं मनीषा शुक्ला, अमन त्रिपाठी, रिद्धिमा तिवारी व नितीश शर्मा सिल्वर इलाइट केटेगरी में रहे। इसी क्रम में जुलाई-दिसम्बर 2024 सत्र में आयोजित परीक्षा में कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग संकाय के 30 छात्रों ने ऑपरेटिंग सिस्टम फण्डामेंटल, डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम, डेटा स्ट्रक्चर एण्ड एलगोरिथम्स, गूगल क्लाउड कम्प्यूटिंग फांउडेशन, प्रोग्रामिंग इन जावा, प्रोग्रामिंग इन मार्डन सी प्लस प्लस, थ्योरी ऑफ कम्प्यूटर साईंस, सायबर सीक्यूरिटी एण्ड प्राइवेसी जैसे विषयों पर सर्टीफिकेशन कोर्सेस पूर्ण किया जिसमें आदर्श सिंह बघेल व भूमि अग्रवाल नेशनल टॉपर 1 परसेंट केटेगरी, रानी सोनी नेशनल टॉपर 2 परसेंट केटेगरी, सृष्टि त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, नितीश शर्मा, आकांक्षा मिश्रा, मनीषा शुक्ला नेशनल टॉपर 5 परसेंट केटेगरी पर रहे। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संकाय के छात्र हर्ष सिंह बागरी ने डीसी माइक्रोग्रिड एण्ड कंट्रोल सिस्टम विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 68 परसेंट अर्जित किये। इसी क्रम में बताया गया कि गत वर्ष इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व मैकेनिकल इंजीनियरिंग संकाय के 10 से अधिक छात्रों ने एनपीटीईएल द्वारा आयोजित परीक्षा में सर्टीफिक्केशन अर्जित किये।

# जबलपुर रेल मंडल में डीआरयूसीसी बैठक सम्पन्न



## मनोज गुप्ता ज़ोनल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य द्वारा दिए गए सुझाव

**जागरण सतना।** जबलपुर रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति डीआरयूसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने की। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से बहुमत के आधार पर ज़ोनल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में 'आशीष शुक्ला' का चयन किया। मंडल रेल प्रबंधक ने डीआरयूसीसी के सभी सदस्यों का पुष्प देकर स्वागत करते हुए मंडल में चल रही यात्री सुविधाओं एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे स्टेशन के विकास के बारे में जानकारी दी।

## बैठक में निम्न सदस्य रहे उपस्थित

डीआरयूसीसी के 20 सदस्यों में से 15 सदस्यो में जबलपुर से आशीष शुक्ला,अखिल मिश्र, पियूष शर्मा, जैतवार से शुभम कुमार त्रिपाठी, केशव बंसल,सागर से मोहम्मद इरशाद, पिपरिया से मनीष कुमार साहू, हिनोता रामवन से मनोज कुमार गुप्ता, उचेहरा से सोमचंद्र ताम्रकार, दमोह से सुधीर असाटी, मैहर से सत्यभान सिंह, कटनी मुडवारा से पवन कुमार मित्तल,सतना से कन्हैया लाल पोहनी, बरगवां से साधु शरण साहू, सीधी से तुषार धर द्विवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जबलपुर मंडल की उपलब्धियों एवं वर्तमान में प्रदान की जा रही यात्री सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## जल ही जीवन है के नारे के साथ पानी बचाने का लिया संकल्प

**जागरण सतना।** बच्चे कल का भविष्य है, उनकी रचनात्मकता से भविष्य का सकारात्मक युवा तैयार होगा। इस विचार को आगे बढ़ाते हुए जन अभियान परिषद सतना के जलदूत विभिन्न विद्यालयों में जाकर जल संरक्षण संवाद और जल ही जीवन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों के बीच जागरूकता और रचनात्मकता का प्रसार कर रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन 30 मार्च से 30 जून तक चलाई जा रही है। इस योजना के तहत शनिवार को कलेक्टर सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में विकासखंड मझगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरकछार में जलदूत परामर्शदाता संजू मिश्रा द्वारा सीएमसीएलडीपी छात्रों एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से शा.उ.मा. विद्यालय पाथरकछार के छात्रों के माध्यम से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों के साथ जल संगोष्ठी कर जल के महत्व से संबंधित लघु फिल्म दिखाकर बच्चों एवं उपस्थित शिक्षकों को जागरूक करने की पहल के साथ जल संरक्षण हेतु शपथ के माध्यम से संकल्पित कराया गया। आयोजित जल संवाद में 100 से अधिक बच्चों ने संवाद कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए जल स्रोतों के महत्व एवं जल का जीवन में महत्व को समझा। चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता करते हुए छात्रों ने अपने जीवन में जल बचाने के विभिन्न पहलुओं को रंगों के माध्यम से अपनी भावनाओं का प्रकटीकरण ड्राइंगशीट पर किया।

# रघुनाथ साकेत विधायक प्रतिनिधि बने



**जागरण मुकुन्दपुर।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुन्दपुर के समस्त कार्यों से संबंधित डॉ राजेंन्द्र कुमार सिंह वर्तमान विधायक व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश एवं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मध्यप्रदेश शासन के द्वारा रघुनाथ साकेत मुकुन्दपुर को विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है।इस नियुक्ति से क्षेत्र के समस्त लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस नियुक्ति से विशेष रूप से एससी.एसटी ओबीसी के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लोगों ने दादाभाई का आभार व्यक्त किये हैं।

## बूथ स्तर तक भाजपा मनायेगी अपना स्थापना दिवस : भगवती

**जागरण सतना** । भारतीय जनता पार्टी 06 अप्रैल को अपना 45वॉ स्थापना दिवस समारोह मनाने जा रही है इस दौरान जिले से लेकर बूथ तक कार्यक्रम आयोजित होगें। स्थापना दिवस को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं मे जबरजस्त उत्साह और वे इसे एक उत्सव के रुप मे मनाने जा रहे है। यह बात स्थानीय भाजपा कार्यालय मे आयोजित प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान पार्टी के 'जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कही। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय ने स्थापना दिवस से लेकर 13 अप्रैल तक होने वाले समस्त कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया कि 06 अप्रैल को बूथ स्तर पर झण्डा वंदन होगाए प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता अपने.अपने घर मे झण्डा रोहण करेगा। 06 एवं 07 अप्रैल को बूथ स्तर पर रैली निकाली जायेगी। 08 एवं 09 अप्रैल को प्रत्येक विधानसभा मे सक्रिय सदस्यो का सम्मेलन होगा। जबकि 07 से 13 अप्रैल तक पार्टी द्वारा गांव बस्ती चलो अभियान चलाया जायेगा जिसमे तीन दिनो तक पार्टी के वरिष्ठ नेता अपना 08 घंटे का समय क्षेत्र मे देगें। श्री पाण्डेय ने कहा कि 1980 से लेकर 2025 तक बड़े बदलाव आये है इन सभी बदलावो की भाजपा साक्षी रही है। अब तक के आये बदलावो व जिलाध्यक्षो के कार्यकाल को लेकर एक प्रदर्षनी भी पार्टी कार्यालय मे लगाई जायेगी।

## तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवि करण साहू का हुआ आगमन

**जागरण ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवीकरण साहू गुलाब सिंह गोल्हानी का आगमन साहू समाज के अध्यक्ष सुरेश साहू के वार्ड क्रमांक 03 निवास पर हुई जिसमें गोदवाल में बन रहा मां कर्मा का मंदिर जिसका भूमि पूजन 1 साल पहले हुआ था वह अधूरा है उसको शीघ्र पूरा करना एवं साहू समाज में व्याप्त बुराइयां नशाखोरी दहेज प्रथा बाल विवाह जैसे कुरीतियों पर रोक लगाने के संबंध में चर्चा हुई कैबिनेट मंत्री रवि करण साहू साहू समाज के कार्यक्रम में निवास जिला सिंगरौली जा रहे थे अल्प समय के लिए व्यवहारी के साहू समाज के अध्यक्ष सुरेश साहू के घर में रुके थे जहां उन्होंने समाज के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की जिसमें ब्यौहारी के नगर परिषद के अध्यक्ष राजन गुप्ता , श्रवण साहू विश्व हिंदू परिषद के शहडोल जिले के उपाध्यक्ष रोशन नागपाल सिन्धी, कामता सोनी , कमलेश गुप्ता , साहू समाज के ब्यौहारी के उपाध्यक्ष महावीर साहू , उमेश साहू , हीरालाल साहू , रामपाल साहू , वेंकट साहू , नीता साहू , साहू समाज की महिला सचिव रेखा साहू एवं सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# भोपाल डिवीजन ने रीवा को हराकर प्रह्लाद ट्रॉफी पर किया कब्ज़ा



**जागरण सतना।** प्रह्लाद दिव्यांग क्रिकेट ट्रॉफी के तीसरे संस्करण का भव्य फाइनल मुकाबला सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड मनकहरी में संपन्न हुआए जिसमें भोपाल डिवीजन ने रीवा डिवीजन को 50 रनों से हराकर खिताब जीत लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा दिव्यांगजनों का यह संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। सरकार इस प्रकार के आयोजनों को आगे भी हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी एवं मुझे गर्व है कि हमारे प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे मंच उन्हें और ऊंचाईयों तक ले जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के प्रेसिडेंट मनीष सिन्हा ने कहा यह टूर्नामेंट सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि दिव्यांगजनों की आत्मशक्ति और संकल्प का उत्सव है। हमारी कंपनी इस अभियान में सहयोग करते हुए गर्व महसूस कर रही है एवं भविष्य में भी ऐसे ही समाज कल्याण का कार्य करती रहेगी। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन सूरज मनकेले ने सभी सहयोगी एवं अतिथियों को धन्यवाद दिया एवं रामपुर विधायक विक्रम सिंह का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस आयोजन की नींव रखी। उन्होंने बताया कि 2019 से दिव्यांग जनों का यह खेल सतना राष्ट्रीय 2021 टूर्नामेंट से फला फूला एवं आज प्रदेश के अंदर 350 दिव्यांग बच्चों इस क्रिकेट को खेल रहे हैं 10 संभागों के रूप में जो कि यह हम सब के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया कंटूर ट्रेंच का अवलोकन

**जागरण मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने विकासखंड बीजाडाडी के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने टिकरिया पहुंच कर कंटूर ट्रेंच आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में AASHA GANGWANI था। जिसे मै शादी के बाद में अपना नया नाम ASHA GODHWANI कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम ASHA GODHWANI W/O MOHIT GODHWANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. 35 ACHARYA KRIPLANI WARD, MURWARA DISTT KATNI (M.P.) है।

R.N. 80715

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करता हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में KAIALSH PRASAD SONI था। जिसे मै बदल कर मै अपना नया नाम KAILASH KUMAR SONI कर लिया हूं कृपया अब से मुझे नये नाम KAILASH KUMAR SONI S/O SHIV KUMAR SONI के नाम से जाना एवं पहचाना और संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. VILLAGE - POST-MURACHH, PAWAI Distt. PANNA (M.P.) है।

R.N. 80716

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में VEENA KUMARI था। जिसे मै शादी के बाद मै अपना नया नाम VEENA SINGH कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम VEENA SINGH W/O JITENDRA KUMAR SINGH के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता . LAST OF RAMESHWARAM MANDIR, ROAD JAGANNATH PURI, BHARHUT NAGAR, RAGHURAJ NAGAR DISTT SATNA (M.P.) है।

R.N. 80717

**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 06 अप्रैल रविवार को रीवा में**



रीवा-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 06 अप्रैल 2025 को (प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द (माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (07) वर्षों से कमाता क्लीनिक में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.

# प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में चैत्र नवरात्रि की धूम



**जागरण सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कालोनी स्थित शिव मंदिर में मॉ दुर्गा की स्थापना धमूधाम से की गई। इस अवसर पर मनीष कुमार सिंह प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड एवम मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने विद्वत आचार्यों के मार्गदर्शन में सर्वजन हिताय विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर मॉ दुर्गा की मूर्ति स्थापित की। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर नौ दिन तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन किये गये। रामनवमी के अवसर पर हवन एवं भंडारे के साथ चैत्र नवरात्र का समापन होगा। चैत्र नवरात्रि के अवसर मनीष कुमार सिंह प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड वा मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने सभी कालोनीवासियों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनायें देते हुये सभी से विभिन्न कार्यक्रमों का आनंद उठाने की अपील की। इस अवसर पर आशीष कुमार हिंगर एकाउंट हेडए ओ पी वर्मा वाइस प्रेसीडेंट आशीष कम्पानी राजेश कुमार रंजन वर्मा भूपेन्द्र ठाकुर के साथ . साथ काफी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं कालोनीवासी उपस्थित रहे।



# विकसित भारत
## की ओर विश्वस्तरीय संरचनाएँ

नया पांबन पुल – रामेश्वरम में भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल



## नए पांबन पुल

- 2.08 मीटर लम्बे पुल से हर साल रामनाथस्वामी मंदिर आने वाले 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को होगा लाभ
- उन्नत सामग्री और अत्याधुनिक जंग-रोधी तकनीक का उपयोग
- 72.5 मीटर का लिफ्ट स्पैन 17 मीटर की ऊँचाई प्रदान कर बड़े जहाजों की आवाजाही सुनिश्चित करता है, जिससे समुद्री संपर्क बेहतर होता है
- स्थानीय पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा

## विलुप्पुरम-पुडुचेरी खंड (NH-332) का चार लेन चौड़ीकरण
## पूंडीयानकुप्पम-सत्तानाथपुरम खंड (NH-32) का चार लेन चौड़ीकरण
## चोलापुरम-तंजावुर खंड (NH-36) का चार लेन चौड़ीकरण

- चौड़ी सड़कें बेहतर यातायात, कम यात्रा समय और ईंधन की बचत सुनिश्चित करेंगी
- मुख्य बंदरगाहों और तटीय जिलों के बीच संपर्क और मजबूत होगा

**का राष्ट्र को समर्पण**

## रामेश्वरम – तांबरम (चेन्नै) नई ट्रेन

- तमिलनाडु के डेल्टा क्षेत्र में बेहतर सड़क और रेल संपर्क से स्थानीय विकास को गति
- धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक सुगम पहुँच

**का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ**

## वालाजापेट/रानीपेट-तमिलनाडु/आंध्र प्रदेश सीमा खंड के एनएच-40 का चार लेन चौड़ीकरण

- आध्यात्मिक स्थलों और महानगरों के बीच रेल संपर्क होगा और भी तेज
- श्रद्धालुओं, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों को सीधे सफर का लाभ

**का शिलान्यास**

₹ 8500 करोड़ की परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण एवं शिलान्यास

# नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री
द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**आर. एन. रवि**
राज्यपाल, तमिलनाडु

**एम. के. स्टालिन**
मुख्यमंत्री, तमिलनाडु

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. एल. मुरुगन**
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**तंगम तेन्नरसु**
वित्त एवं पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री
तमिलनाडु सरकार

**आर. एस. राजकण्णप्पन**
दुग्ध व डेयरी विकास मंत्री
तमिलनाडु सरकार

रविवार, 6 अप्रैल, 2025 | रामेश्वरम, तमिलनाडु | 12:45 बजे



हमें फॉलो करें /RailMinIndia

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें

# नीम के पेड़ की जड़ से प्रकट हुई थी मरही माता की प्रतिमा

## डेढ़ सौ साल पुराना है मरही माता मंदिर का इतिहास

**जागरण, कटनी।** जिसका इतिहास करीब डेढ़ सौ वर्ष पुराना है। यहां नीम के पेड़ की जड़ से मरही माता की प्रतिमा अचानक प्रकट हुई थी जिसे उस समय सुखदेव प्रसाद बर्मन ने देखा और स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर का निर्माण करवाया। यहां बर्मन परिवार की तीसरी पीढ़ी माता की सेवा में जुटी हुई है। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर चंद्रशेखर आजाद वार्ड के बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर आस्था और भक्ति का केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए बल्कि दूर दराज से आने वाले भक्तों के लिए भी विशेष महत्व रखता है। प्राचीनकाल से चली आ रही धार्मिक परंपराओं और आधुनिक समय की भक्ति का अनूठा संगम यहां देखने को मिलता है। मरही माता मंदिर में विराजमान डेढ़ सौ वर्ष प्राचीन प्रतिमा के दर्शन के लिए वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। मान्यताओं के अनुसार माता रानी हर भक्त की पुकार सुनती हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। यह विश्वास लोगों को दूर-दूर से यहां खींच लाता है। शाम होते ही यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आकर अपनी मनोकामनाएं माता से मांगते हैं। माता के परम भक्त बद्री पंडा द्वारा यहां आने वाले श्रद्धालुओं की फरियाद माता तक पहुंचाई जाती है। ऐसा माना जाता है कि उन्हें माता से सिद्धी प्राप्त है और सिद्धि की इसी विधि से वे लोगों के कष्टों को दूर कर रहे हैं। यही कारण है कि कम समय में ही मंदिर की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल गई है और लोग यहां पहुंचकर माता रानी के दर्शन करते हैं।




### मंदिर का इतिहास और महत्व

लगभग 150 वर्ष पुरानी एक रोचक कथा के अनुसार यह मंदिर एक चमत्कारिक घटना से जुड़ा हुआ है। मंदिर के वर्तमान पुजारी बद्री पंडा के अनुसार दो दशक पूर्व एक नीम के वृक्ष की जड़ों से माता की प्रतिमा प्रकट हुई थी। इस अद्भुत घटना के बाद उनके पूर्वज सुखदेव प्रसाद बर्मन ने स्थानीय लोगों के सहयोग से इस पवित्र स्थल पर मंदिर का निर्माण करवाया और मरही माता की प्रतिमा स्थापित करवाई। समय-समय पर लोगों के सहयोग से मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार भी किया गया। बद्री पंडा के साथ ही परिवार के सदस्य भीम बर्मन, नकुल बर्मन एवं अर्जुन बर्मन, करन बर्मन पूर्ण समर्पण के साथ माता की सेवा में लगे हुए हैं।

### अष्टमी के दिन हुआ हवन आज राम नवमी पर विसर्जन

मरही माता मंदिर में नवरात्र पर्व की अष्टमी तिथि के दिन 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से पूर्णाहूति हवन का आयोजन किया गया है, इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। नवमी के दिन 7 अप्रैल को जवारों का विसर्जन किया जाएगा। शाम 7 बजे मंदिर से एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा, जो ईश्वरीपुरा वार्ड, सन्मुख गली, गौतम मोहल्ला होते हुए कटनी नदी तक जाएगा जहां भक्तिमय वातावरण में जवारों का विसर्जन किया जाएगा।

# माझी समाज ने धूमधाम से मनाई निषादराज जयंती

## 11 मई को आयोजित होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**जागरण, कटनी।** माझी समाज जिला कटनी द्वारा भगवान गुहराज निषादराज की जयंती उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे में संरक्षक दादा सुखराम निषाद के निवास पर उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक योगेश सोंधिया ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गुहराज निषादराज जी के तैलचित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया और पूजा अर्चना की।

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गुहराज निषादराज जी के जीवन चरित्र को लेकर अपने उद्गार व्यक्त किए। इसके उपरांत आगामी समय में युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया ने बताया कि माझी समाज जिला कटनी द्वारा आगामी 11 मई 2025 रविवार को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष पत्रकार आशीष रैकवार एवं आभार प्रदर्शन अजय निषाद ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक सुखराम निषाद, जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया, संरक्षक योगेश सोंधिया, नगर परिषद विजयराघवगढ़ के उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, सचिव सचिन कश्यप, प्रेमचंद निषाद, रमेश रैकवार, जितेन्द्र सोंधिया, संतोष बर्मन, सनी निषाद आदि की उपस्थिति रही।

## एक करोड़ से अधिक की लूट के अपराधी संजुल राजा को 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड

**छतरपुर ।** छतरपुर पुलिस ने वर्ष 2023 में थाना नौगांव क्षेत्र अंतर्गत ईशानगर रोड नौगांव से लूट की घटना में प्रभावी कार्यवाही करते हुए केवल 12 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार कर एक करोड़ से अधिक की संपत्ति बरामद कर सफलता हासिल की थी। साइबर टीम, डॉग स्क्वाड, एफ एस एल सहित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए गए थे, समय से न्यायालय प्रस्तुत किया गया था। पुलिस द्वारा विवेचना एवं समंस, वारंट तामीली में समय से की गई। गवाहों को सुरक्षित एवं भय मुक्त तरीके से न्यायालय पेश करवाया गया।आज दिनांक 4 अप्रैल 2025 को माननीय न्यायालय द्वितीय अपर सत्र नौगांव छतरपुर के माननीय न्यायाधीश श्री दिनेश कुमार प्रजापति द्वारा आरोपी संजुल राजा को भारतीय दंड विधान की लूट की धारा में 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थ दंड एवं आयुध अधिनियम के तहत दंडित किया गया। प्रकरण के पैरवी कर्ता अधिकारी अपर लोक अभियोजक श्री दयाराम पाठक, लाईजिनिंग ऑफिसर थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह, प्रारंभिक अनुसंधानकर्ता अधिकारी तत्कालीन थाना प्रभारी नौगांव उप निरीक्षक दीपक यादव, समय पर एकत्रित साक्ष्य, कोर्ट पेशी, समंस वारंट तामीली, गवाहों की पेशी कर्तव्य में कोर्ट मुंशी धीरेंद्र राजावत, भूपेंद्र यादव, एवं उदय पाल की भूमिका रही।

## बरही में कुत्ते को बेहोश कर बीएमओ के घर चोरी



**कटनी।** जिले के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत संदीप कालोनी में निवास कर रहे बीएमओ के घर मे बीती रात चोरी की घटना हो गई है बताया जा रहा है कि चोरों द्वारा पहले कुत्ते को बेहोश कर दिया गया और अज्ञात चोरों द्वारा बरही अस्पताल के बीएमओ डॉ राममणि पटेल के घर मे चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए कीमती हीरे का हार आभूषण सहित 1 लाख नगदी पार कर दिए, तो वही कालोनी बरही में सरला कम्प्यूटर के संचालक संतोष गुप्ता के मकान में किराए से संचालित समूह लोन देने वाली आरोहन बैंक में भी चोरी की वारदात घटित हुई है। इन दोनों चोरी की वारदात की खबर मिलने के बाद शनिवार की दोपहर मौका मुआयना करने बरही पुलिस पहुँची हुई थी और पूरे मामले की पड़ताल में जुट गई है।

## महोबा रोड एटीएम मशीन में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर ।** चार दिन पूर्व थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड स्थित हिताची एटीएम के फरियादी कस्टोडियन की एटीएम मशीन में चोरी करने की नीयत से तोड़फोड़ संबंधी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर जाकर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए, एटीएम मशीन एवं क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। एकत्रित साक्ष्य के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी करने की नीयत से एटीएम मशीन में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी निखिल उर्फ निक्की अनुरागी पिता नरेंद्र अनुरागी निवासी पानी की टंकी के पास टोरिया मोहल्ला छतरपुर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया, अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, अवधेश चतुर्वेदी, शैलेंद्र सिंह, उमाशंकर, नरेश सिंह, शिव प्रताप सिंह एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

## विधायक के अथक प्रयासों से सलैया पड़खुरी को मिला अतिरिक्त भवन

**जागरण, कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक अपने क्षेत्र की कितनी चिंता करते हैं यह विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो को देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की मांग पर सांसद ने सलैया पडखुरी पंचायत के लिए अतिरिक्त भवन की स्वीकृति प्रदान की। निर्माण कार्य के पूर्व पंचायत के मुखिया सरपंच बाबू ग्रोवर ने ग्रामीणों की उपस्थिति मे भूमि पूजन कर विकास कार्य को गति प्रदान की। सरपंच बाबू ग्रोवर ने जानकारी देते हुए कहा की। हमारी ग्राम पंचायत सलैया पडखुरी के लिए विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के प्रयासों से सांसद ने सांसद निधि से लागत 15 लाख का अतिरिक्त भवन को स्वीकृति प्रदान की। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का समय-समय पर मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है जिसे लेकर हम विकास कार्य करते हैं। अगर हमारे विधायक हमें योजनाओं का लाभ न दिए तो पंचायतों व विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र मे विकास कैसे होता मुमकिन ही नहीं है। भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम गांव की कन्याओं ने दिप प्रज्वलित कर शुभ कलश के साथ सरपंच का भव्य स्वागत किया पंडित पूजारियों द्वारा भूमि का पूजन कर भगवान से प्रार्थना कर विघ्नवाधा दूर करने की प्रार्थना की गयी। इस दौरान सरपंच बाबू ग्रोवर के साथ धन्नीलाल पटेल, मंजू सिंह परिहार, विष्णु प्रसाद चौधरी, मोनिका विश्वकर्मा, रुक्मणी पटेल, भागवली पटेल, गणेश कुशवाहा तथा पंचायत के सभी नर नारी उपस्थित रहे।



# महिला अपराधों की रोकथाम के लिए छतरपुर पुलिस का नवाचार

## बेटी की पेटी अभियान के तहत एएसपी ने छात्राओं को किया जागरुक



**जागरण, छतरपुर ।** महिला अपराधों की रोकथाम के लिए छतरपुर पुलिस द्वारा नवाचार करते हुए बेटी की पेटी अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत शहर के 5 स्थानों पर शिकायत पेटी लगाई गई हैं। गुरुवार को एएसपी विदिता डागर ने एमएलबी स्कूल में लगाई गई शिकायत पेटी का शुभारंभ करते हुए छात्राओं को जागरुक किया।

एएसपी विदिता डागर ने बताया कि आमतौर पर छात्राएं और महिलाएं स्वयं के साथ अपराध घटित होने के बावजूद पुलिस के पास जाने में हिचकिचाती हैं और पुलिस को उनके साथ हुए अपराध की जानकारी नहीं मिल पाती जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ जाते हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं की इसी समस्या को ध्यान में रखकर बेटी की पेटी अभियान शुरु किया गया है, जिसके तहत स्कूल, कॉलेजों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर शिकायत पेटी लगवाई जा रही है। एएसपी ने बताया कि छात्राएं, महिलाएं अपनी शिकायतों को नाम सहित अथवा बिना नाम के इस पेटी में डाल सकती हैं। पुलिस टीम समय-समय पर इन पेटियों को खोलकर शिकायतों पर कार्रवाई करेगी। एमलएलबी स्कूल में लगाई गई बेटी की पेटी का शुभारंभ करते हुए एएसपी विदित डागर ने छात्राओं को साईबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट, नशावृत्ति, यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एएसपी ने कहा कि- अभियान के प्रथम चरण में अभी चिन्हित स्थानों पर बेटी की पेटी लगवाई जा रही है। अगले चरण में जिले के सभी स्कूल, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर यह अभियान चलाया जाएगा।

# निजी स्कूलों में लापरवाही और कमियों के खिलाफ कलेक्टर ने की कार्रवाई

**जागरण, छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा नवीन सत्र 2025-26 प्रारंभ होने के परिपेक्ष्य में एवं अभिभावकों से अशासकीय विद्यालयों द्वारा पुस्तकें, गणवेश व अन्य शैक्षिक सामग्री के अनुचित एवं अधिक कीमत वसूलने के संबंध में समय-समय पर प्राप्त शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुये तीन सदस्यीय ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया था। उक्त समिति द्वारा विगत दिनों किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट जिला स्तरीय समिति को भेजी गई जिसके आधार पर कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा अशासकीय डीपीएस स्कूल, क्रिश्चियन, शीलिंग होम, सुमति एकेडमी, एडिफाई, डीसेन्ट स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव तलब किया गया।

उक्त सभी अशासकीय स्कूलों द्वारा मध्य प्रदेश शासन मान्यता नियम 2017 एवं संशोधित नियम 2020 में निहित प्रावधानो का उल्लघन किया जाना पाया गया है। अतः क्यो न सम्बंधित से मान्यता नियम 2017 में निहित प्रावधानो के अंतर्गत 2 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित करते हुए, मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही की जाए ? इस आशय का समाधानकारक स्पष्टीकरण 02 दिवस में अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। आपके द्वारा समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने अथवा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक नही पाये जाने पर प्रस्तावित कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिये सम्बंधित स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**जांच में मिली इन कमियों के आधार पर हुई कार्यवाही :** 3 अप्रैल 2025 को एसडीएम सहित दल द्वारा डी.पी.एस. (दिल्ली पब्लिक स्कूल) पन्ना रोड में स्कूल के निरीक्षण में भण्डार कक्ष में विक्रय हेतु पुस्तकें, ड्रेस एवं कापियां पाई गई। कापियों के कॅवर पर डी.पी.एस. का लोगो भी छपा हुआ था एवं कापियों पर विक्रय मूल्य अंकित नही पाया गया। कापियां एवं पुस्तकें कक्षावार बण्डल बनाकर रखे पाये गये। इसी प्रकार से स्कूल की ड्रेस मी भण्डार कक्ष में अलमारी एवं बोरियों में पैक रखी पाई गई। जिससे स्पष्ट है कि यह सामग्री विद्यालय के काउन्टर से ही विक्रय की जाती है। उक्त सामग्री की सूची एवं पंचनामा समस्त दल के समक्ष बनाया गया। साथ ही 1 अप्रैल को पुस्तक मेले में प्रशासन द्वारा आयोजित पुस्तक मेले में उक्त स्कूल की पुस्तकें किसी भी स्टॉल पर उपलब्ध नही थी। इसी क्रम में 3 अप्रैल को क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज छतरपुर का संयुक्त दल द्वारा किए गए स्कूल निरीक्षण में पाया गया कि आईसीएसई बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू है। आईसीएसई बोर्ड की पुस्तके एवं ड्रेस आदि स्कूल से विक्रय होना नही पाया गया। किंतु बच्चों से बातचीत से यह स्पष्ट हुआ कि विद्यालय की पुस्तकें निश्चित दुकानों (अग्रसेन बुक डिपो, ओके एण्ड जेके, राधा बल्लम) पर ही विक्रय हेतु उपलब्ध रहती है। साथ ही पुस्तक मेला में क्रिश्चियन इंग्लिश स्कूल की पुस्तकें विक्रय हेतु उपलब्ध नही होने के कारण तत्काल स्कूल प्रबंधन को पुस्तक मेला में पुस्तकें विक्रय हेतु स्टॉल लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही विद्यालय संबंधी आवश्यक जानकारियां जैसे प्रवेश प्रक्रिया, फीस विवरण, पुस्तक, स्टेशनरी इत्यादि नोटिस बोर्ड पर चस्पा नही पाई गई। इसके अलावा पुस्तक मेले में उक्त स्कूल की पुस्तकें किसी भी स्टॉल पर उपलब्ध नही थी। शीलिंग होम पब्लिक स्कूल में एसडीएम अखिल राठौर ने दल द्वारा शीलिंग होम पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर के गेट क 01 के बगल में दो दुकानों में स्कूल की ड्रेस टाई, बेल्ट एवं कितायें विक्रय हेतु बहुत अधिक मात्रा में रखी हुई पाई गई। शासन के निर्देशों के बावजूद भी दिनांक 01 से 05 अप्रैल तक विद्यालय की पुस्तकें पुस्तक मेला में छात्रों को उपलब्ध नहीं कराई गई। जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया। पुस्तक क्रय हेतु विद्यालय में उपस्थित अभिभावक रमजान खॉन के अनुसार उनका पुत्र मो. अशद खॉन आरटीई के तहत कक्षा 4 में अध्ययन करता है जिस पर पुस्तक एवं ड्रेस विद्यालय से क्रय करने हेतु दबाव बनाया जाता है।



इसके अलावा सुमति एकेडमी में संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कक्षा 1 से 5वीं तक प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें संचालित पाई गई। कक्षा 6वीं से 12वी तक एनसीईआरटी पुस्तकें संचालित पाई गई। पुस्तक मेले में पुस्तके उपलब्ध कराने एवं डिस्कांउट प्रदान करने के संबंध में निर्देशित किया गया। इसी प्रकार एडिफाई स्कूल के निरीक्षण में विद्यालय में कक्षा 1 से 5वी तक प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया 1 से 5वीं तक की पुस्तकें स्कूल हेडक्कार्टर हैदराबाद से सीये रामा जंक्शन बुक सेलर के पास आती है जहाँ से विद्यार्थियों के द्वारा ली जाती है विद्यालय द्वारा यही पुस्तके खरीदने हेतु दबाव बनाया जाता है। कक्षा 6वी से लेकर 12वी तक एनसीईआरटी की बुक्स चलती है कक्षा 1 से 5वी तक की किताबों में एडीफाई एजुकेशन प्राइवेट लि. अंकित पाया गया। किताबों पर विक्रय मूल्य अंकित नही पाया गया। शासन के निर्देशों के बावजूद भी पुस्तक मेले में पुस्तके उपलब्ध नहीं कराई गई।


### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



### लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

### बेचना है

2 मंजिला मकान, उत्तरमुखी, सर्वसुविधायुक्त बेचना है। प्लॉट एरिया 1600 स्क्वायर फिट, सुपर बिल्डअप एरिया 3,000 स्क्वायर फिट, 11 कमरे, 4 लैट बाथ, 2 किचन, बालकनी, कार पार्किंग, बिजली, 24 घंटे पानी, अंडरग्राउण्ड वाटर टैंक, **लोकेशन:** पद्मधर कॉलोनी, ढेकहा, रीवा। **कीमत :** 73 लाख रुपए। **सम्पर्क :** 9171155750

आर.एन. 80796(7/4)

### मैरिज गार्डन किराये से देना है

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:- मो. 6260806864

आर.एन. 82043(10/4)

### स्टाफ की आवश्यकता

**1. ऑफिस बॉय**-जो बेसिक ऑफिस कार्य संभाल सके। **2. ऑफिस स्टाफ**-जो कम्प्यूटर पर काम करने में सक्षम हो। स्थान : चक्रधर सिटी कॉम्प्लेक्स, ताला हाउस के सामने, जिला न्यायालय, रीवा। **इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें:-** 7869038601, 9340099667

आर.एन. (6/4)

### बेचना है

Honda City Diesel White Model-2015
Tata Acc छोटा हाथी Model 2020
New Condition में बेचना है
Mob. No. 9238453755

आर.एन. 82202(6/4)

### अतिशीघ्र बेचना है

**विश्वविद्यालय रोड खुटेही में 12×30 की दुकान नीचे की बेचना है, कृपया दलाल संपर्क न करें।**
**मो. नं. : 8982649433**

आर.एन. (7/4)


## कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के बारे में ली जानकारी



**जागरण, कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम ऐप कोष के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझाना था। इस कार्यशाला का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन में हुआ जबकि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.साधना जैन ने इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली। इको क्लब की प्रभारी डॉ.रीना मिश्रा के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मनीषा कनकने, जो वामाटेक की डायरेक्टर हैं ने छात्राओं को संबोधित किया और उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के साथ-साथ रचनात्मकता का पाठ पढ़ाया।

श्रीमती मनीषा कनकने ने अपने संबोधन में बताया कि कचरे के उत्पादों, जिन्हें आमतौर पर बेकार समझा जाता है, का उपयोग करके सुंदर और मनमोहक वस्तुएँ बनाई जा सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इन वस्तुओं का प्रयोग घरों और सार्वजनिक स्थानों की साज सज्जा में किया जा सकता है। यह न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करता है बल्कि अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक रचनात्मक और किफायती समाधान भी प्रस्तुत करता है।

## जल संरक्षण कर मवेशियों को राहत प्रदान की, नलकूपों का जल स्तर बढ़ा



**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन पर सलैया पड़खुरी सरपंच बाबू ग्रोवर अपनी पंचायत का कायाकल्प करने मे कोई कसर नहीं छोड़ते। इतिहास गवाह है पूर्व से ही गर्मियों के आते ही सम्पन्न व्यक्तियों द्वारा पेयजल व्यवस्था मवेशियों और मानव सुरक्षा के लिए कराई जाती थी। इसी तारतम्य मे विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने इस प्रथा को आगे बढ़ाते हुए अपनी विधानसभा क्षेत्र मे अनेको जगह हर वर्ष पौसरे खोले जाते हैं। विधायक के कार्यो से प्रेरणा लेकर तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर सलैया पड़खुरी सरपंच बाबू ग्रोवर ने अपनी पंचायत के एक वीरान तालाब का गहरीकरण कर उसमे दूर खदान से पानी लाकर एकत्र किया ताकि गर्मीयों मे मवेशियों को पानी के लिए तरसना न पड़े। मूक मवेशी न ही अपना दुख दर्द बता पाता न ही समझा पाता, दूर दराज तक पानी की तलाश मे निकल पड़ता है इस दर्द को सलैया पड़खुरी सरपंच बाबू ग्रोवर ने समझा ही नहीं बल्कि उसे अंजाम तक पहुंचाया। आज हजारों मवेशियों को इस तालाब के पानी से राहत मिल रही है वही तलाब गहरीकरण व भराव से पंचायत को भी लाभ मिला बंद पड़े नल स्रोतो मे पर्याप्त पानी पहुंच चुका है जिससे मावन जाति की भी प्यास बुझ रही है।

# सड़क किनारे खड़ी बुजुर्ग महिला को बस ने कुचला, हालत गंभीर

**छतरपुर ।** शहर के जवाहर मार्ग पर पंजाब नेशनल बैंक के सामने यात्री बस की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला के घायल होने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि बगराजन मंदिर के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला मुन्नी सोनी, पंजाब नेशनल बैंक के पास सड़क के किनारे पर खड़ी थी, तभी बस स्टैंड की ओर से आ रही श्याम ट्रैवल्स कंपनी की बस क्रमांक एमपी 16 पी 0266 के चालक की लापरवाही से मुन्नी बाई को टक्कर लग गई। टक्कर लगने के बाद मुन्नी बाई जमीन पर गिर गई और बस का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग आनन-फानन में मुन्नीबाई को जिला अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। वहां घटना के बाद बस का चालक मौके से भाग निकला था। कोतवाली पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरु की है।


### आम सूचना/शुद्धि पत्र

दिनांक 05/04/2025 को दैनिक जागरण रीवा के पृष्ठ 4 में सूचना दी गयी थी जिसमें किरण साहू पति आर.के. साहू लिख गया था, जो किरण शाही पति आर.के. शाही है। एवं विक्रय पत्र क्रमांक MP 328492015 है। शेष यथावत रहेगा।

वि.प्र.

### गुमशुदा की तलाश



नाम अमिता गुप्ता पति स्व. नारेन्द्र प्रसाद गुप्ता निवासी रायपुर कर्चुलियान तहसील/थाना रायपुर कर्चु. उम्र 58 वर्ष, रंग गोरा, कद लम्बा, बदन हेल्दी उंचाई 5 फिट के करीब, अधपके लंबे बाल, भगवा कलर की साड़ी पहनी हैं। नाक में सोने की कील गले में तुलसी की माला है। दिमागी संतुलन सही नहीं है। जो दिनांक 2 अप्रैल 2025 से लापता हैं। जिस किसी सज्जन को दिखे या मिले कृपया नीचे लिखे मोबाइल पर बाताएं या सूचना देने का कष्ट करें।

RN-82205

सूचना देने वाले अथवा पहुंचाने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा

मो.: 7869113035,7415469713

पता : शुभी ट्रेडर्स, रायपुर कर्चुलियान, रीवा (म.प्र.)


## आयुध निर्माणी राजपत्रित संघ 11 अप्रैल को ज्ञापन सौंपेगा

**कटनी।** देश की सभी 41 आयुध निर्माणियों की तर्ज पर आयुध निर्माणी कटनी में भी राजपत्रित संघ आगामी 11 अप्रैल को अपनी विविध मांगों को लेकर रक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपेगा। तत्संबंध में गत दिवस एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। देश की सभी 41 आयुध निर्माणियों सहित आयुध निर्माणी कटनी में भी एनपीएस और यूपीएस के विरोध सहित प्रसार भारती मॉडल लागू करने जैसी विभिन्न भागों को लेकर और अराजपत्रित अधिकारियों के कैडर के द्वारा शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम आरंभ किया गया है। ऑल इंडिया एसोसिएशन आफ नान गैजेटेड एसोसिएशन के आव्हान पर आयोजित यह शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम आगामी 11 अप्रैल तक देश की सभी 41 आयुध निर्माणियों में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को सीडीआर से सम्बद्ध क्लेरिकल एवं सुपरवाइजर संघ का भी समर्थन मिल रहा है। आयुध निर्माणी कटनी राजपत्रित संगठन के अध्यक्ष उमाशंकर सिंह सचिव प्रकाश सिंह गौतम ने आयोजित विरोध कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया किए आयुध निर्माणी के निगमीकरण की प्रक्रिया के उपरांत प्रायः सभी कर्मचारियों में अपनी सर्विस को लेकर आशंका है अतएव यह शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम मूलतः इसी मांग को लेकर हैए जिसमें प्रसार भारती मॉडल की ही तरह आयुध निर्माणियों के सभी कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति तक डेपुटेशन में सरकारी कर्मचारी रहना सुनिश्चित किया जाए। पदाधिकारियों ने कहा किए उपरोक्त प्रमुख मांगों के अलावा एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर सभी कर्मचारियों को ओपीएस पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने कनिष्ठ कार्य प्रबंधक से डब्ल्यू एम में प्रमोशन जेडब्ल्यू एमएएलडीसीएई एसजी केडर की कुछ श्रेणियों में यथावत स्थितियां, रक्षा संस्थान के सुचारू रूप से संचालन में अत्यंत ही गंभीर हैं और इसे कर्मचारियों, खासकर अराजपत्रित कैडर बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 06 अप्रैल 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.20 अस्त : आज
05.50 उदय : कल

शहर का तापमान
39.0 0 अधिकत
19.0 0 न्यूनतम



# 47 करोड़ से ज्यादा खर्च, नहीं सुधरी पीएम सड़कें



जागरण गोलमाल

## 338 पीएम सड़कों की मरम्मत में चल रहा गोलमाल

### कागजों में 1595 किमी सड़कों के संधारण का दावा



जागरण, सीधी

जिले में प्रधानमंत्री सड़कों के मेंटीनेंस कार्य में भारी गोलमाल किया जा रहा है। कागजों में भले ही करोड़ों की राशि खर्च हो रही है लेकिन मौके पर क्षतिग्रस्त सड़कों का सुधार न होने के कारण वाहनों की आवाजाही में जगह-जगह दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के होने के कारण यहां मालवाहकों एवं भारी वाहनों का दबाव भी काफी रहता है। इस वजह से प्रधानमंत्री सड़कें जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने लगती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री सड़कों की मरम्मत का कार्य विभाग द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से हर वर्ष कराया जाता है। यह समूचा काम सांठ-गांठ के चलते कागजों में ही ज्यादातर पूरे कर लिए जाते हैं। मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई सीधी द्वारा 28 फरवरी 2025 की स्थिति में सीधी जिले के विकासखंड कुसमी, मझौली, सिहावल, रामपुर नैकिन, सीधी में 338 मार्गों में मेंटीनेंस कराने का आंकड़ा दर्ज किया गया है। 1595.62 किलोमीटर लंबाई की सड़कों में कुल व्यय 4731.63 लाख दर्शाया गया है। इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद यदि मौके पर काम किया गया होता तो ग्रामीण सड़कें जगह-जगह से क्षतिग्रस्त न दिखतीं। सीधी जिले के अंदर एक भी ऐसी ग्रामीण सड़क नहीं है जिसमें जगह-जगह गड्ढे एवं उखड़ी न हो। विभाग के फरवरी तक चल रहे कार्यों में टमसार पोंड़ी रोड़ से धुपखड़ मार्ग, मेन रोड पोंड़ी से बहेरा टोला मार्ग, बस्तुआ चिनगवाह बहेरवार रोड़, लोहझर गिजवार रोड से बकवा बैगान टोला, खजुरिहा रोड से झपरी पश्चिम टोला मार्ग, झपरी पश्चिम टोला मार्ग से नवा नगर समदा मार्ग, तिलवारी जनकपुर मार्ग से बनिया टोला बैगान बस्ती, एनएच 75 से बम्हनी मगरोहर रोड, बम्हनी मगरोहर रोड, लोहरा बिजहिया टोला से कोतरिया वाया गहिरा टोला मार्ग, मेन रोड से डोल कोठार बैगान बस्ती मार्ग, बमुरी कन्या आश्रम से भाभी टोला बैगान बस्ती, मेन रोड अहिरान बस्ती भगोहर से आवास बस्ती बैगान टोला, बहरी पोंड़ी सिरसी मार्ग, बरबंधा रोड़ से बैगान टोला, प्रायमरी स्कूल जेठुला से भठवा टोला शामिल हैं। कुल 18 कार्यों के लिए 6862.06 लाख रुपए का अनुबंध किया गया था। भुगतान भी हो चुका है।

**पीएम सड़कों के संधारण की स्थिति**

| क्र. | विकासखंड | मार्गों की संख्या | लंबाई किमी | कुल व्यय लाख में | असंधारित मार्गों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुसमी | 35 | 216.78 | 619.71 | 02 |
| 2. | मझौली | 49 | 215.92 | 473.02 | 00 |
| 3. | सिहावल | 82 | 346.71 | 926.15 | 00 |
| 4. | रामपुर नैकिन | 70 | 388.74 | 1138.89 | 02 |
| 5. | सीधी | 102 | 427.48 | 1573.86 | 01 |
| | योग | 338 | 1595.62 | 4731.63 | 05 |

दिनांक 28.02.2025 की स्थिति में

### सड़कों के किनारे पटरी की नहीं होती सफाई

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों में पटरी की सफाई के लिए हर वर्ष करोड़ों की राशि विभाग द्वारा खर्च की जाती है। स्थिति यह है कि बरसात के बाद सड़कों की पटरियों पर जो झाड़ एवं पेंड़ उग आते हैं उनकी कटाई तक नहीं कराई जाती। विभाग द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से समूचा काम कराया जाता है। ठेकेदारों द्वारा मौके पर काम की कुछ औपचारिकताएं निभा दी जाती हैं और फर्जी बिल लगाकर अधिकारियों से सांठ-गांठ कर भुगतान निकाल लिया जाता है। जानकारों के अनुसार ग्रामीण सड़कें मेंटीनेंस के अभाव में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। सड़कों में यदि कहीं गड्ढे हो जाते हैं तो उसकी भराई का काम भी नहीं किया जाता। यह दीगर बात है कि जो प्रधानमंत्री सड़कें ज्यादा व्यस्त हैं उनमें मरम्मत के लिए कुछ औपचारिकताएं दर्शाई जाती हैं। विभागीय अधिकारियों के पास इतनी फुर्सत नहीं होती कि वह ग्रामीण सड़कों के निरीक्षण के लिए निकल सकें। जो सड़कें 5 साल की गारंटी पीरियड में हैं उनके सुधार का कार्य भी अधिकारियों की इसी सुस्ती के चलते सीधी जिले में नहीं हो रहा है। जिले में प्रधानमंत्री सड़कों की हालत सुधरने की बजाय लगातार दयनीय होती जा रही है। पहले जहां प्रधानमंत्री सड़कों की गुणवत्ता काफी अच्छी थी अब भ्रष्टाचार के चलते उनकी गुणवत्ता काफी न्यून हो चुकी है।

## दुष्कर्म के फरार आरोपी को पुलिस ने पहुंचाया जेल



**जागरण, सीधी।** नाबालिक के साथ दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी को अमिलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल पहुँचाया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व मे अमिलिया पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार थाना अमिलिया मे एक परिजन ने रिपोर्ट किया था की उनकी नाबालिक पुत्री घर से गायब है जिसका गांव परिवार, रिश्तेदारी, नातेदारी मे कहीं पता नहीं चल रहा है। मामला गंभीर होने पर त्वरित रूप से मामला कायम कर थाना प्रभारी अमिलिया ने टीम गठित कर किशोरी के पता तलाश एवं दस्त्याबी तथा वैधानिक कार्रवाई हेतु रवाना किया गया था जिस पर किशोरी को पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब कर न्यायालय के समक्ष पेश कर कथन कराया गया था। विवेचना के दौरान पाया गया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को पहले फुसलाकर बाहर जाने हेतु बुलाया था तथा आरोपी द्वारा नाबालिक के साथ बालात्संग को अंजाम दिया, जिसमे उसके 2 दोस्तों द्वारा आरोपी मदद की गई थी। उक्त मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 64(2)(ड), 70(2), 96, 49 बीएनएस 2023 तथा 3/4, 5एल/6 पास्को एक्ट का इजाफा कर लंबे समय से फरार सह आरोपी को भौतिक एवं तकनीकी दक्षता के आधार पर गिरफ्तार किया जाकर कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल सीधी दाखिल कराया गया है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक इंद्राज सिंह, सहायक उप निरीक्षक दाधीच अग्निहोत्री, आरक्षक ब्रजेश बैस, आरक्षक सुमेन्द्र पाण्डेय, आरक्षक सतीश सिंह, महिला आरक्षक स्वाति कुशवाहा तथा साइबर सेल के आरक्षक प्रदीप मिश्रा व कृष्ण मुरारी का योगदान रहा है।

## शिक्षा माफियाओं पर कार्यवाही करें जिला प्रशासनः पंकज



**जागरण, सीधी।** प्राइवेट स्कूलों की शिक्षा माफिया से गठजोड़ पर जिला प्रशासन से कार्यवाही करने की मांग करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने कहा कि निजी स्कूलों की अवैध फीस वसूली तथा पुस्तक विक्रेताओं एवं प्रकाशकों से सांठ-गांठ के हर रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं। इससे अभिभावकों को किस प्रकार लूटा जा रहा है यह पता चलता है कमीशनखोरी की वजह से अलग अलग दुकानों में किताबो के अलग-अलग दाम है। निजी स्कूलों द्वारा प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं से सांठ-गांठ कर अभिभावकों से अवैध वसूली की जा रही है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा विभिन्न प्रकार से मनमानी फीस वसूली जा रही है यूनिफॉर्म और शैक्षणिक सामग्री दुकान विशेष से खरीदने के संबंध में कहा जाता है। जहां उनका कमीशन सेट होता है बिना जरूरत के नई किताबों को सिलेबस में शामिल करना, निम्न स्तरीय सस्ती फर्जी और डुप्लीकेट पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से कमीशनखोरी, फीस की अनुचित वृद्धि, किताबें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म चिन्हित दुकानों से मनमाने दामों पर खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है। जिला प्रवक्ता पंकज सिंह प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि निजी स्कूलों और शिक्षा माफिया के गठजोड़ को तोड़ने के लिए बड़ी कार्रवाई की जरूरत है। जिससे अभिभावकों को लूटने से बचाया जा सकता है।

## जल स्त्रोतों को बचाने हेतु किया गया श्रमदान




**जागरण, सीधी।** बीरबल की जन्मस्थली घोघरा नदी के तट पर माँ चंडी देवी के पास जन सहभागीता से जल स्त्रोतो को बचाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ धूप अगरबती नारियल तोड़कर सुभारम्भ किया गया। विकासखंड सिहावल सेक्टर अमिलिया ग्राम पंचायत घोघरा में रेही नदी के तट से जलकुम्भी और घास निकाल कर श्रम दान किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल श्रोतों के बचाव और संरक्षण के तहत अनिल कुमार पाठक ब्लाक समन्वक सिहावल के कुशल मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन से संबद्ध नवांकुर संस्था श्रीअवध सदभावना समिति चितवरिया की अध्यक्ष इंद्रकली पटेल और उनके टीम द्वारा साफसफाई किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से पहाड़ी से राजू सिंह परिहार हटवा से साबिर अली खान कवि अरुनेन्द्र सिंह हटवा मेंटर धुवकान्त द्विवेदी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। श्री पाठक ब्लाक समन्वक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल स्रोतो कि सफाई लगातार होती रहनी चाहिए। मध्य प्रदेश शासन ने यह तय किया है कि 30 मार्च से 30 जून तक लगातार नदियों तालाबों कुआं बाबड़ी कि साफ-सफाई के साथ साथ जल श्रोतों को संरक्षित करने कि आवश्यकता है। श्रमदान कार्यक्रम में सुरेश कुमार कुशवाहा, साबिर अली, नेहा पटेल, गौरव सिंह, सौरव सिंह, अम्ब्रीश कुमार सिंह बढ़ौना, रोहित सिंह खोरवाटोला, अम्बिकेश पटेल बरहाटोला, नितिन पटेल बरहाटोला, सत्यम गुप्ता बरहाटोला, प्रकाश चौहान कोल्हूडीह, अर्पिता सिंह हटवा पटियाटोला, अंकित कुशवाहा घोघरा, संतोष पटेल बरहाटोला इत्यादि जन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## तुषारधर द्विवेदी ने रेलवे डीआरएम को दिए सुझाव



**जागरण, सीधी।** जबलपुर में आयोजित मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति डीआरयूसीसी की 152वीं एवं वर्तमान समिति के कार्यकाल की प्रथम बैठक में तुषार द्विवेदी सम्मिलित हुए हैं। जिन्होने रेलवे को लेकर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के प्रति आभार जताते हुए कई मुद्दों पर अपनी बात रखे हैं। इसके पहले रेलवे के डीआरएम ने तुषारधर द्विवेदी को पुष्पगुच्छ देकर कर उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही रेल सम्बंधित विभिन्न विषयों पर डीआरएम कमल कुमार तलरेजा सहित अधिकारियों से चर्चा हुई। सीधी लोकसभा के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में अधिकारियों से ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजनाए मड़वास स्टेशन में कैंटीन सुविधा प्रारंभ करने, जबलपुर-निजामुद्दीन 12190 का समय परिवर्तन सहित विभिन्न विषयों एवं यात्री सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने हेतु सुझाव दिए। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के अथक प्रयासों से बघवार में ट्रेन के सफल ट्रायल कराने हेतु अधिकारियों का अभिनंदन भी किया। रेलवे में सीधी-सिंगरौली रेल के महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी तुषार ने अपनी मांग रखी है। साथ ही सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास से ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना का काम अब काफी तीव्र गति से शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा सांसद द्वारा भदौरा में ओव्हरब्रिज बनाने सहित अन्य कई ट्रेनों को लेकर रेल मंत्री से मिलकर सांसद ने संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए अनोखी उपलब्धि अर्जित कर रहे हैं। इसके लिए सांसद बधाई के पात्र हैं।

## आइपीएल देखने लखनऊ पहुंचे सीधी के युवा



**जागरण, सीधी।** जिले के युवाओं में भी आइपीएल सिर चढ़कर बोल रहा है। युवा मैच देखने मोबाइल व टीवी पर डटे रहते हैं। इतने में भी कुछ युवाओं को संतोष नहीं हुआ तो शनिवार का मैच देखने अटल बिहारी स्टेडियम लखनऊ पहुंच गए। जहां वे लखनऊ व राजस्थान के मध्य होने वाले क्रिकेट मैच का आनंद लिए। लखनऊ जाकर आइपीएल क्रिकेट मैच का लुत्फ उठाने वालों में संतोष सिंह चंदेल, मिंटू सिंह, प्रफुल्ल सिंह, ललित सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

## आराध्या फाउण्डेशन द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**जागरण, सीधी।** आराध्या फाउण्डेशन द्वारा दिन गुरुवार को आराध्या तिवारी पलक के जयंती पर ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर जिला चिकित्सालय में उपचारित बच्चों को फल वितरित किया गया। रक्तदान शिविर में सिविल सर्जन डॉ. दीपा इसरानी उपस्थिति होकर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित की और डॉ. हरिओम सिंह सेंगर, डॉ. शिशिर मिश्रा ने रक्तदान कर आराध्या तिवारी के जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बता दे कि आराध्या तिवारी मेजर थैलीसीमिया से पीड़ित थी जिसका लंबे समय तक चले उपचार के बाद बेल्लूर में ट्रांसप्लांट दौरान मृत्यु हो गई थी। आराध्या तिवारी के स्मरण पर आराध्या फाउण्डेशन के पदाधिकारी सीधी जिले सहित अन्य विभिन्न जिलों में रक्त दान के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं। इस दौरान रक्तदान दाता डॉ. हरिओम सिंह सेंगर ने कहा कि रक्तदान करना चाहिए, इससे संभवतः हम किसी की जान बचा सकते हैं। वहीं रक्तदान दाता डॉ. शिशिर मिश्रा ने कहा किमुझे अच्छा लग रहा है कि आराध्या फाउण्डेशन द्वारा चलाए गए रक्तदान अभियान में रक्तदान कर सहभागी बना।

## सत्ताधारियों के संरक्षण में हो रहे हैं जिले में अवैध धंधेः ज्ञान

**जागरण, सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जिले में हो रहे अवैध धंधों एवं मादक पदार्थ की तस्करी में सत्ताधारियों के संरक्षण का आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में मड़वास चौकी के गोतरा में भारी मात्रा में स्कॉर्पियो वाहन से अवैध मादक पदार्थ गांजा पकड़ा गया। उक्त वाहन में भाजपा का झंडा लगा हुआ था। उक्त तस्करी में संलिप्त तस्करों को पुलिस ने पकड़कर कार्यवाही की लेकिन इसके पीछे कौन लोग हैं और इनका सरगना कौन है। इन्हें किसका राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, इस विषय की भी जांच कर पुलिस को उसका भी खुलासा करना चाहिए। क्योंकि बिना सत्ता के संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर तस्करी का यह खेल जिले में संचालित करना असंभव है। उक्त वाहन किसका था और उस पर भाजपा का झंडा क्यों लगा हुआ था यह भी जांच का विषय है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व प्रतिनिधिमंडल के साथ पुलिस अधीक्षक सीधी को जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें जिले की कानून व्यवस्था को लेकर बहुत सारे प्रश्न उठाए गए थे जिले में आए दिन हत्या, लूट जैसी अपराधी घटनाएं घटती रहती हैं सट्टा जुआ का फड गली-गली में चल रहा है। मादक पदार्थों की बिक्री जोरों पर है और युवाओं का भविष्य चौपट कर रहा है।

## 1037 बूथो पर आयोजित होंगे कार्यक्रमः देव कुमार सिंह




**जागरण, सीधी।** भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल को 46 वा स्थापना दिवस भव्यता और दिव्यता के साथ जिले के 1037 बूथो पर मनाएगी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आम जनों के साथ मिलकर पार्टी का जन्म दिवस पार्टी की गौरवपूर्ण उपलब्धियां के साथ मनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुटे हुए हैं। उक्त आशय के विचार पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों की टोली के संयोजक प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, समिति के सदस्य जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, जिला मंत्री सुनीता रानी वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, सह प्रभारी डॉ. मनीला सिंह चौहान उपस्थित रही।

# अवैध रूप से आधिपत्य की गई दुकानों का आवंटन निरस्त

## पिछड़ा वर्ग ने हरिजन जाति का लगाया प्रमाण पत्र



जागरण, सीधी

नगर पालिका परिषद सीधी क्षेत्र में छत्रसाल स्टेडियम शॉपिंग कंपलेक्स की दुकानों का पूर्व में हुआ आवंटन सुर्खियों में आ गया है। आरोप है कि इन दुकानों के आवंटन के दौरान पिछड़ा वर्ग के हितग्राही ने स्वयं को हरिजन जाति का होना बताकर 5 दुकानों का आवंटन करा लिया था जिसकी जानकारी के पश्चात नगर पालिका परिषद सीधी ने कार्यवाही करते हुए पांच दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया है। दरअसल नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा द्वारा 15 जनवरी 2024 के निर्देशित पत्र अनुसार छत्रसाल स्टेडियम शॉपिंग कंपलेक्स की दुकान क्रमांक 52, 53, 54, 55 एवं 56 का आवंटन निरस्त कर उक्त दुकानों को नगर पालिका के अआधिपत्य में लेकर पुनः निविदा आमंत्रित किए जाने का निर्देशित पत्र नगर पालिका सीएमओ मिनी अग्रवाल को प्रेषित किया हैए जिसमें ध्यान दिलाया गया है कि तथ्यों व परिस्थितियों की ओर आकर्षित होकर तत्काल कठोर कार्रवाई कराई जाए। बता दें कि छत्रसाल स्टेडियम शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकान क्रमांक 52 विनय प्रजापति तनय जयराम प्रजापति निवासी चकदही मार्ग सीधी के नाम अनुसूचित जाति कोटे से आवंटित है। जबकि विनय प्रजापति के पिता जयराम प्रजापति आयुर्वेद के चिकित्सक थे जो उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से सन् 1980 के आसपास सीधी में आकर आवाद हुए थे। उत्तर प्रदेश राज्य में प्रजापति पिछड़े वर्ग में आते हैं लेकिन विनय कुमार प्रजापति के नाम से तहसील द्वारा द्वारा जारी हरिजन जाति का प्रमाण पत्र नगर पालिका की पत्रावली में लगा है। जहां यह भी आरोप है कि प्रथम तो तहसीलदार को जाति प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार नहीं है यह अधिकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को जारी करने का अधिकार है। वहीं प्रकरण क्रमांक 1244/बी-121स/1993/94 में 3 अगस्त 1994 का प्रमाण पत्र निरस्त भी किया जा चुका है। विनय प्रजापति ने यह भी बताया कि नगर पालिका के किसी दुकान के आवंटन के लिए उनके द्वारा कोई बोली नहीं लगाई गई है और ना ही छत्रसाल स्टेडियम शॉपिंग कांप्लेक्स परिसर की किसी दुकान पर उनका आधिपत्य है। इसी तरह छत्रसाल स्टेडियम शॉपिंग कंपलेक्स की दुकान क्रमांक 53 अजय प्रजापत के नाम अनुसूचित जाति कोटे से आवंटित है उक्त डॉक्टर अजय प्रजापति के पिता जय राम प्रजापति आयुर्वेद के चिकित्सक थे जो उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के से सन 1980 के आसपास सीधी में आकर आबाद हुए। उत्तर प्रदेश राज्य में प्रजापति पिछड़े वर्ग में आते हैं जबकि डॉ. अजय प्रजापति के नाम से तहसीलदार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र नगर पालिका की पत्रावली में लगा है। छत्रसाल स्टेडियम शॉपिंग कंपलेक्स की दुकान क्रमांक 54 जयराम प्रजापति तने झींगुरी प्रजापति के नाम अनुसूचित जाति कोटे से आवंटित है। ऐसे में जयराम प्रजापति के नाम से जारी हरिजन जाति का प्रमाण पत्र नगर पालिका की पत्रावली में नहीं लगा है।

# रामपुर में निकली भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा





**जागरण, सीधी।** रामनवमी के उपलक्ष्य में श्री राम जन्मोत्सव समिति रामपुर नैकिन द्वारा आज भगवान श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा 5 अप्रैल को बूढ़ी माता मंदिर से मेन रोड होते हुए दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर में पहुंची। जहां आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात नया बस स्टैड सब्जी मंडी मेन बाजार होते हुए पीपल तिराहा शोभा यात्रा पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। धर्मसभा एवं भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सहभागी होने के लिए आमंत्रित किया गया था। रामपुर में निकली भगवान श्री राम की शोभायात्रा के दौरान भगवा ध्वज से समूचा नगर भक्ति में डूबा नजर आ रहा था। इस दौरान जय श्री राम के जय घोष लगातार श्रद्धालु लगा रहे थे। भगवान श्री राम की शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही थी। शोभा यात्रा में शामिल लोगों की सुविधा के लिहाज से जगह-जगह जलपान की व्यवस्था भी बनाई गई थी।

## गेहूँ उपार्जन हेतु 9 तक पंजीयन

**जागरण, सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी नागेंद्र सिंह परिहार ने जानकारी देकर बताया कि किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं करवाया है, वे 9 अप्रैल तक गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

# पनवार चौहानन टोला में आगजनी में घर एवं सामान खाक

## आगजनी के पूर्व कुछ लोगों ने दी थी धमकी

### क्षति का मुआवजा लेने मौके पर पहुंची राजस्व टीम



जागरण, सीधी

शहर के जमोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र पनवार चौहानन टोला स्थित एक कच्चे घर में शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे आग लगने से हड़कंप मच गया। परिवार के लोगों के हो-हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक एक तिहाई घर जलकर खाक हो चुका था। घर का तीन हिस्सा जल चुका है और चौथाई भाग ही बचा। तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पनवार चौहानन टोला के दयाशंकर पाण्डेय उम्र 65 वर्ष, दीनदयाल पाण्डेय उम्र 61 वर्ष एवं दामोदर पाण्डेय उम्र 55 वर्ष का परिवार इसी घर में रहता था। परिवार के लोगों का कहना है कि मीडियाकर्मी रवि पाण्डेय को खबर को लेकर कुछ लोगों द्वारा घर आकर तथा मोबाइल पर भी धमकी दी गई थी। इसके बाद 4 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे घर में आग लगने की जानकारी परिवार के लोगों को हुई। जब तक परिवार के लोग कुछ कर पाते आग विकराल रूप ले चुकी थी। कच्चा मकान होने के कारण घर के खपरैल एवं रखी समूची सामग्री जलकर खाक हो गई। आगजनी में भारी क्षति होने की जानकारी मिलने पर आज सुबह जनपद पंचायत सीधी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से चर्चा करते हुए सांत्वना प्रदान की। वहीं राजस्व टीम भी सुबह क्षति का आंकलन करने के लिए मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार वृत्त सेमरिया डॉ. सुदामा प्रसाद कोल, आरआई एवं हल्का पटवारी के साथ मौके पर पहुंचे और आग लगने से हुई क्षति पर पंचनामा तैयार कराया। उधर पीड़ित परिजनों का कहना था कि आगजनी में करीब 10 लाख की क्षति हुई है। मकान का अधिकांश हिस्सा और अंदर रखी गृहस्थी की समूची सामग्री जलकर खाक हो गई है। ऐसे में अब पीड़ित परिवार के पास रहने के लिए घर का सहारा ही छिन चुका है। घर का छोटा हिस्सा ही आग लगने से बचा है जिसके कारण परिवार के सभी सदस्यों को रहने की समस्या हो गई है।

### पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा गया ज्ञापन

मीडियाकर्मी रवी पाण्डेय निवासी ग्राम पनवार चौहानन टोला के घर में 4 अप्रैल 2025 की रात आग लगने की घटना पर आज पत्रकारों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ लोगों के द्वारा घर के पिछले हिस्से में आग लगा दी गई जिससे घर में रखी दैनिक उपयोग की सामग्री भी जलकर खाक हो गई। आगजनी की घटना में लगभग 10 लाख रुपए से अधिक की क्षति हुई है। इसके पूर्व भी कुछ लोगों द्वारा घर में आकर एवं फोन के माध्यम से धमकी भी दी गई थी। जिसकी काल रिकार्डिंग पत्रकार के पास सुरक्षित है। उक्त घटना के कारण पत्रकार एवं उनका पूरा परिवार काफी डरा व सहमा हुआ है। ऐसे में पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच एक हफ्ते के अंदर सुनिश्चित कराई जाए व दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकार शिवपूजन मिश्रा, हरीष द्विवेदी, पुजेरीलाल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



पनवार चौहानन टोला में दयाशंकर पाण्डेय, दीनदयाल पाण्डेय, दामोदर पाण्डेय के घर में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी के साथ आकर आग लगने से हुई क्षति का आंकलन किया गया है। नियमानुसार प्रशासनिक मदद दिलाने की कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. सुदामा प्रसाद कोल**
**नायब तहसीलदार वृत्त सेमरिया**



आग यदि देर रात में लगी होती तो घर के सदस्यों का बच पाना भी मुश्किल था। आग लगने के दौरान सभी लोग जग रहे थे इस वजह से जल्द ही घर के बाहर निकल गए। आगजनी के संबंध में लिखित रिपोर्ट जमोड़ी थाना में की गई है। पुलिस द्वारा कहा गया है कि विवेचना के दौरान संदेहियों का नाम दर्ज किया जाएगा। नायब तहसीलदार मौके पर राजस्व टीम के साथ आकर क्षति का निरीक्षण कर गए हैं।

**दीनदयाल पाण्डेय, पीड़ित**

॥गीता॥

**नाहं देहो न मे देहो बोधोऽहमिति निश्चयी।**
**कैवल्यं इव संप्राप्तो न स्मरत्यकृतं कृतम॥**

**भावार्थ :** न मैं यह शरीर हूँ और न यह शरीर मेरा है, मैं ज्ञानस्वरुप हूँ, ऐसा निश्चित रूप से जानने वाला जीवन मुक्ति को प्राप्त करता है। वह किये हुए (भूतकाल) और न किये हुए (भविष्य के) कर्मों का स्मरण नहीं करता है।

# व्यापार की नई संभावनाएं तलाशने की जरूरत

जैसा कि पूर्व घोषित था, उसी के मुताबिक अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26 फीसदी 'जैसे को तैसा टैरिफ' भारत पर थोपने की घोषणा की है। इसे 'मुक्ति-दिवस' कहा जा रहा है। इस जमात में जापान, वियतनाम, स्विट्‌जरलैंड, कंबोडिया, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, ब्राजील और सिंगापुर आदि देश भी शामिल हैं, लेकिन अमरीका ने भारत के संदर्भ में यह 'दोस्ती का ढोल' पीटने के बावजूद किया है। एलन मस्क की टेस्ला कार, प्रीमियम बाइक हार्ले डेविडसन और अमरीकी बर्बन व्हिस्की आदि पर भारत पहले ही टैरिफ-कटौती की घोषणा कर चुका है। अमरीका अपना गेहूं, सेब, बेबी कॉर्न, मक्का सहित कई अन्य अनाज भी भारत में खपाना चाहता है। क्या भारत अनाजों की पैदावार में सक्षम नहीं है? यदि हम सक्षम हैं, तो 'जैसे को तैसा टैरिफ' झेलने या उससे डरने की कोई जरूरत नहीं है। भारत का 'यूरोपीय संघ' के साथ 'मुक्त व्यापार समझौता' भी आखिरी दौर में है। भारत के कुल व्यापार का करीब 14 फीसदी यूरोपीय संघ के साथ होता है, जबकि अमरीका के साथ करीब 18 फीसदी है। बहुत ज्यादा फासला नहीं है। इसे बढ़ा कर भरपाई की जा सकती है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अमरीका के देश भी भारत के नए व्यापारिक साझेदार बनने को तैयार हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ को मात देने का सबसे कारगर तरीका यह है कि बाकी देश आपस में मौजूदा टैरिफ के आधार पर ही वसूली करें। इससे अमरीका दुनिया के व्यापारिक दायरे में अलग-थलग पड़ सकता है। उनके सलाहकारों के अनुमान हैं कि 'जैसे को तैसा टैरिफ' से अमरीका के खजाने में 43 लाख करोड़ रुपए सालाना का राजस्व आएगा। 'जैसे को तैसा टैरिफ' के बाद कई और नए टैरिफ सामने आएंगे। अमरीकी प्रशासन के लिए उन्हें संभालना मुश्किल होगा। भारत के लिए भी नई चुनौतियां आएंगी। बहरहाल चीन की प्रतिक्रिया भी गौरतलब है। चीनी विदेश मंत्री ने टैरिफवाद को 'ब्लैकमेलिंग' करार दिया है। यह अमरीका को कितना फायदा या नुकसान देता है, यह सोचने के बजाय भारत को अपने अनुकूल निर्णय लेने चाहिए।

**भारत विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा सबसे बड़ा बाजार भी है। चीन भी भारत के साथ आयात को विस्तार देने के पक्ष में है। यदि अमरीका के साथ व्यापार प्रभावित होता है, तो यूरोप और एशिया में नई संभावनाएं तलाश की जा सकती हैं।**

## नया कश्मीर-अज़ान और घंटियों की आवाज़ों का संदेश

कश्मीर घाटी में ईद और कश्मीरी हिन्दुओं के नूतन वर्ष नवरेह धूमधाम से मनाए जाने की खबरें सुखद हैं। दरअसल, कश्मीर में यह नया बदलाव एक दिन में नहीं आया है, इसके लिए केन्द्र सरकार की सरपरस्ती में दीर्घकालीन नीति पर काम किया गया है। सबसे पहले कश्मीर की शांति के लिए नासूर बने मुद्दों की पहचान की गई, कश्मीर की बर्बादी के लिए जिम्मेदार वंशवाद की राजनीति पर प्रहार किया गया, मस्जिदों से संचालित हो रहे आतंकवाद और कथित जिहाद को समाप्त किया गया, नीतियों में अकर्मण्यता और जड़ता को खत्म किया गया और जनता द्वारा चुने गए स्थानीय शासन की पद्धति को बहाल किया गया।

कौन नहीं जानता कि लंबे समय तक अशांति, देश विरोधी ताकतों और पत्थरबाजी के कारण कश्मीर घाटी जलती रही। सबसे अहम बात यह है कि कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों के हताहत होने की संख्या में भारी गिरावट आई है। वर्ष 2004 और 2014 के बीच, जम्मू और कश्मीर में 7,217 आतंकवादी घटनाएं दर्ज की गईं; 2014 और 2024 के बीच, यह संख्या घटकर 2,242 रह गई। आतंकी हमलों के कारण नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या आधी हो गई है। ये आंकड़े सिद्ध करते हैं कि कश्मीर अब देश की मुख्य धारा से जुड़ चुका है। श्रीनगर में घूमते हुए यह समझ आ जाता है कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र लंबी-लंबी छलांगें लगा रहा है। यकीन मानिए कि अकेले 2023 में ही, रिकॉर्ड 2.11 करोड़ पर्यटकों ने जम्मू और कश्मीर का दौरा किया। जाहिर है, इससे कश्मीर की अर्थव्यवस्था को गति मिली है। श्रीनगर के लाल चौक में 55 साल के बैंक कर्मी मकसूद भट्ट कुछ भावुक होकर कह रहे थे कि यह वही कश्मीर है, जिसे उन्होंने अपने बचपन में देखा था। तब यहां सब मिल-जुलकर रहते थे। लंबे समय तक उनका राज्य जलता रहा, लेकिन अब यहां अमन और विकास की बयार बहने लगी है। आज कश्मीर में अमन है, जनता में भारत के लिए जबरदस्त जज्बा है, और यह यकीन है कि अब कश्मीर आगे बढ़ चुका है और सचमुच भारत का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है। पाकिस्तान की मशहूर लेखिका याना मीर कहती हैं कि कश्मीर की अवाम भारत के साथ खुश है, लेकिन पाकिस्तान खुले रूप से माहौल बिगाड़ना चाहता है, जिसमें वह सफल नहीं होगा। अब पाकिस्तान भारत से कश्मीर लेने की नहीं, बल्कि पीओके को बचाने, बलूचिस्तान और गिलगित को टूटने से रोकने की जद्दोजहद में लगा हुआ है। मौजूदा स्थिति यह है कि आज कश्मीरी खुद कहते हैं कि वे खुली हवा में सांस ले रहे हैं, राज्य में स्कूल और अस्पताल बन रहे हैं, उनके बच्चे भी देश के अन्य बच्चों की तरह पढ़ रहे हैं, अब उनके अंदर भी यह जज्बा कायम हो गया है कि वे कश्मीर और भारत का नाम ऊंचा करें।

**विवेक शुक्ला**

## श्री राम नवमी पर विशेष

# भय प्रगट कृपाला, दीनदयाला...

**मदन मोहन गुप्त**
प्रतिवादी क्र.-20, श्री राम जन्म भूमि प्रकरण सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया



**प्र**भू श्री राम में भारत के करोड़ों लोगों के प्राण बसते हैं... हिन्दू जनमानस उन्हें परब्रह्म परमात्मा के रूप में पूजता है... राम भारतीय सँस्कृति का केन्द्र बिन्दु है और हमारी भारतीय सँस्कृति के आधार भी श्री राम ही हैं... भगवान श्री राम की अमृत वाणी से आज भी करोड़ों- करोड़ लोग न सिर्फ प्रेरणा पाते हैं बल्कि वह अपने जीवन की तमाम मुसीबतों और तकलीफों को भी 'राम' नाम के सहारे पार कर जाते हैं... राम के इसी चरित्र का वर्णन करते हुए... राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा था कि-

**राम तुम्हारा चरित्र स्वयं ही काव्य है।**
**कोई कवि बन जाये सहज सम्भाव्य है।।**

कविता का जन्म पीड़ा से होता है... करुणा से होता है... और... प्रभु श्री राम तो साक्षात करुणा के सागर हैं... यदि मैं उद्‌भट विद्वान पंडित रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों को दोहराऊं तो-

***"राम की प्रेरणा से आज भी भारतीय जनता राम के सौंदर्य पर मुग्ध होती है... उनके महत्व पर श्रद्धा रखती है... शील की ओर प्रवृत्त होती है... सन्मार्ग पर पैर रखती है... विपत्ति में धैर्य धारण करती है... कठिन से कठिन कर्म में उत्साहित होती है... व्यथा से आर्द्र होती है... बुराई पर ग्लानि करती है... शिष्टता का अवलम्बन लेती है और जीवन के हर सुख-दुख में धर्म के महत्व का अनुभव करती है..."***

प्रभु श्री राम का यह स्वरूप अलौकिक है... दिव्य है... अद्भुत है... जिसे भारतीय जनमानस और भारतीय सँस्कृति अपने अंतःकरण में एकाकार कर चुकी है... राम भारतीयता का पर्याय हैं... उनके जैसा लोक नायक भारतीय संस्कृति और सम्पूर्ण विश्व की सभ्यता में दूसरा कोई नहीं है...

अयोध्या... प्रभु श्री राम की जन्मस्थली है... मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने इसी पुण्य नगरी अयोध्या में अपनी बाल लीलाएँ की... यहीं की फिजाओं में गूंजे थे तराने **'ठुमक चलत रामचन्द्र बाजे पैजनिया'** पुण्य सलिला सरयू नदी की गोद में बसने वाली अयोध्या नगरी में भगवान श्री राम ने मानवीय जीवन के तमाम रस... सभी सुख... भरपूर बरसाए हैं...

इसीलिए आज भी! हजारों वर्षों के बाद भी!! यह अयोध्या नगरी हम भारतवासियों का पवित्रतम् तीर्थ बनी हुई है... इस तीर्थ की आत्मा है... वह पवित्र स्थान जहाँ भगवान श्री राम ने मानव रूप धरकर माता कौशिल्या की कोख से जन्म लिया था-

**'भाए प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशिल्या हितकारी'**

अंग्रेजों ने राम जन्मभूमि विवाद को जन्म देने के लिए 1885 में सूट नम्बर 0-61/280 कायम किया अंग्रेजों की नीति ही फूट डालो राज्य करो की थी। अतः "Divide & Rule" की नीति के तहत उन्होंने हिन्दू-मुसलमानों के बीच राम जन्म भूमि को मुकदमें से कभी न मिट सकने वाली दरार डाल दी थी...

***यह देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निरंतर प्रयासों और दृढ़ इच्छा संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि मान. उच्चतम् न्यायालय के निर्णय के बाद इतनी शीघ्र अयोध्या में श्री रामलला की जन्म भूमि पर अति भव्य मनोहारी और ऐसा विशाल मंदिर बन कर भगवान श्री रामलला की प्रतिमा में पुर्न प्राण प्रतिष्ठा हुई है।***

***आज अयोध्या का श्री राम मंदिर भारत ही नहीं वरन सारी दुनियां में रहने वाले हिन्दुओं के लिए गौरव का विषय है। हम सनातन हिन्दुओं का मस्तिष्क आज संसार के दूसरे धर्मों के तीर्थ स्थलों के सामने गर्व से ऊंचा हो गया है की हाँ, हम हिन्दुओं का प्रभू श्री राम का भव्य मंदिर संसार के सबसे सुंदर, पवित्र और आकर्षक धर्म स्थलों में से एक प्रमुख स्थान है।***

***मुझे इस बात का गौरव भगवान श्री राम ने प्रदान कर के मेरे जन्म को धन्य किया है की मैंने भी जैसे की एक छोटी सी गिलहरी ने अपने मुंह में रेत भर-भर कर राम सेतु के निर्माण में सेवा दी थी। वैसे ही मैंने भी प्रतिवादी क्र.-20 के रूप में हिन्दू पक्ष से 31 वर्ष तक राम जन्म भूमि का मुकदमा इलाहाबाद हाईकोर्ट से लेकर देश के सुप्रीम कोर्ट तक लड़कर विजयी हुआ। प्रभू श्री राम की कृपा से मैं उनके मंदिर की नींव का एक छोटा सा पत्थर बन सका।***

भारत की धरती वह पवित्र भूमि है जहाँ ईश्वर ने साक्षात् भगवान श्री राम के रूप में अवतार लिया है... हम भारतीयों ने प्रभु श्री राम को दीन-हीनों के उद्धारक के रूप में पूजा है... श्री राम शबरी के जूठे बेर खाने वाले दीनदयाला भगवान हैं... केवट जाति में जन्मे कमजोर पिछड़ों को अपने सीने से लगाने वाले करुणामय प्रभू हैं श्री राम... मानस में तुलसीदास भी भगवान श्री राम का अवतार और प्रभू के प्रगट होते ही उन की स्तुति इसी दीनदयाल के रूप में करते हैं... प्रभु श्री राम को गोस्वामी तुलसीदास राजपुत्र की अपेक्षा उन्हें दीन-हीन के रक्षक के रूप में करते हैं...

**'भयेप्रगट कृपाला, दीन दयाला'**

प्रभू श्री राम हमारे राष्ट्रीय शौर्य-तप-सत्य निष्ठा की पराकाष्ठा हैं... प्रत्येक हिन्दू आज भी उन्हें अपने मन-मस्तिष्क में बसाये हुये है... वह हमारे आदि संस्कार हैं... यह युगों-युगों से हम भारतवासियों के हृदय में बसने वाले संस्कार हैं... जो कि प्रभू श्री राम की उदार चरित्र की कथाओं से हमें मिले हैं... भारतीय जनमानस की वैचारिक सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के परम आधार भगवान श्री राम ही हैं...

प्रभु श्री राम पर इतना अटूट विश्वास है इस देश के लोगों का कि... वे एक जन्म में नहीं बल्कि जन्म-जन्मांतरों तक... भगवान श्री राम की साधना... उनकी आराधना... और उनके श्री चरणों में अटूट विश्वास और प्रीत की प्रार्थना करते हैं...

प्रभू श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं... वह सर्व समर्थ होते हुए भी कभी मनमानी नहीं करते... धर्म का पालन करने... धर्म की रक्षा करने... विधर्मी संस्कृति का नाश करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु ने ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के रूप में अवतार ग्रहण किया है... वह कृपालु हैं... दया के सागर हैं... करुणा के अजस्त्र निर्झर हैं... उन के प्रगट होते ही संसार उन की स्तुति कर कहने लगा था... **'भये प्रगट कृपाला'** प्रभु श्री राम शरणागतों के परम रक्षक हैं और दया के सागर हैं...

भगवान श्री राम मानव का शरीर धारण कर के भी करुणा-वरुणालय हैं। श्री राम प्रभू दुःख भंजक हैं। वह उन सब के दुःखों का हरण कर लेते हैं जो उन की शरण में आते हैं...

मानव जीवन का एक ही लक्ष्य एक ही पुरुषार्थ है कि... जो अप्राप्त है उसे प्राप्त करो... जो अज्ञात है उसे ज्ञात करो... जो मानव जीवन में जो अपूर्णता है उसे पूर्ण करो... और वह अज्ञात... वह अप्राप्त सिवाय वह परमात्मा के और कुछ भी नहीं है... सिर्फ एक मात्र एक परमात्मा ही पूर्ण है... शेष तो सब अपूर्ण ही हैं... तभी तो धर्म-अर्थ काम और मोक्ष... मानव जीवन के यह चार पुरुषार्थ हैं... लेकिन इन चार पुरुषार्थों में पहला पुरुषार्थ धर्म ही है... क्यों कि धर्म ही जीवन की पूर्णता को प्राप्त करने का मार्ग है...

जब राम कृपा हो जाती है तब निमिष मात्र में मनुष्य दुःखों से उबर जाता है... 'राम' नाम निरंतर सुमिरना चाहिये... ना जाने कब राम कृपा हो जाये...

**कवन सो काज कठिन जग माहीं।**
**जो नहिं होई तात तुम्ह पाहीं।।**

प्रभू श्री राम की महिमा परमात्मा का अवतार होने में नहीं है... राम की महिमा इस कारण भी इतनी बड़ी नहीं है कि... साधु जन निरंतर राम नाम का जाप करते हुए उनका सुमिरन करते रहते हैं... वरन् राम की महिमा इस लिए इतनी बड़ी और महान है क्यों कि... दयाद्र हो कर जब-जब किसी पतित ने... किसी श्रापित ने... अथवा किसी दीन-हीन ने उन्हें पुकारा है... तब-तब... करुणा-वरुणालय श्री राम ने उस के दुःखों को प्रत्येक युग में दूर किया है... चाहे वह अहिल्या का दुःख रहा हो या कि शबरी का... चाहे वह निषाद राज का मोक्ष रहा हो या कि फिर जटायू का... तारने का...

श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं... ईश्वर हो कर भी वह मानव हैं... मानव धर्म का प्रतिपालन ही उन की मर्यादा है... संसार में शील और स्नेह का निर्वहन करने में श्री राम अप्रतिम हैं... राम किसी भी आडम्बर से... दिखावे से... छल-कपट से एकदम दूर हैं...

मिटा देते हैं... जब 'राम'... वन-वन भटक रहे थे... तब उन्हें 'हनुमान' जैसा सेवक मिल गया... जो स्वर्णिम लंका को जला कर सीता-माता का पता ढूँढ़ लाया... उन्हें सुग्रीव जैसा मित्र मिल गया... वानरों और भालुओं की सेना उन के लिए युद्ध का साधन बन गई... उन्हें नल-नील और अंगद जैसे पराक्रमी योद्धा मिल गये... उन्हें जामवन्त जैसे अनुभवी... बुद्धिमान... सहयोगी... मिल गये... जब उन्होंने सागर की जड़ता को तोड़ दिया... तब 'राम-नाम' की कृपा से सिन्धु-जल में पत्थर भी तैरने लगे और जब सेतु-बंधन कर 'राम' रावण से युद्ध के लिये लंका पहुँच गये... तब भी विभीषण जैसा शरणागत सहयोगी मिल गया... किन्तु विभीषण के जैसे भीरु के मन में सँशय उभरा...

अरे...! यह मैंने कैसे योद्धा पर... कैसे 'राम' पर भरोसा कर लिया...? यह तो साधन हीन है... नंगे पाँव है... कवच... रथ... घोड़े... हाथी कुछ भी तो... युद्ध के साधन नहीं हैं इस वनवासी 'राम' के पास... तब भला यह कैसे मारेगा 'रावण' जैसे कैलाश पर्वत को सिर पर उठा लेने वाले महापराक्रमी... अतिबलशाली... महाअसुर... अतिमायावी योद्धा को... विभीषण के मन का संदेह प्रगट होता है...

**रावनु रथी बिरथ रघुबीरा।**
**देखि बिभीषन भयउ अधीरा।।**
**नाथ न रथु नहिं तन पद त्राना।**
**केहि बिधि जितब बीर बलवाना।।**

***विभीषण का सँशय दूर करते हुये... मानव रूप धारी... 'ब्रह्म'... त्रैलोक्य के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर... अजेय योद्धा श्री 'राम' कहते हैं... लकड़ी... सोने... चाँदी... लोहे... ताम्बे के बने रथों पर चढ़ कर... जीवन के महा संग्राम नहीं जीते जाते... 'राम' कहते हैं... जिस रथ पर सवार हो कर मैं युद्ध करूँगा...***

***'शौर्य' और 'धैर्य' उस रथ के दो पहिये हैं...***

***'सत्य' उस रथ की ध्वजा है और 'शील' उस रथ की पताकायें हैं...***

***'बल' 'विवेक ' दम' और 'परहित' उस रथ के चार घोड़े हैं... क्षमा दया समता की डोर उन घोड़ों को रथ से जोड़े है...***

***ऐसे दिव्य मानवीय गुणों से पूर्ण रथ का वर्णन धनुर्धर श्री 'राम' विभीषण से करते हैं.... अर्थात... 'ब्रह्म' जीव को समझाता है कि... यह जो... जीवन का कठिन संग्राम है... यह जो तेरा शरीर रूपी रथ है उसी पर आरुढ़ होकर ही उसे जीता जा सकता है... इसमें संशय न मान... मन को नियंत्रित कर मेरी शरण में आ जा... और मेरे बतलाए मार्ग पर चल...***

सद्गुणों के रथ पर सवार हो कर तू 'जीवात्मा' इस जीवन के रण को जोत... प्रभु श्री 'राम' ज्ञान देते हैं कि... पराक्रम और धीरज के पहियों पर सत्य और शालीनता की ध्वज पताकाएँ अपने जीवन में फहराओ... अपने बल और विवेक से परहित करो... सर्वहित करो... क्षमा... दया और समरसता से अपने मन को साध... ईश्वर का भजन करो... जो कुछ भौतिक साधन तुम्हें प्राप्त हों उसका अंश दान जरूर करो... संतोषी बनो... संतोष की बुद्धि रुपी तलवार से... अपने अभावों को... अपनी तृष्णा को काट डालो... मैं आज की युवा पीढ़ी को अपने स्वयं के जीवन अनुभवों से कहना चाहता हूँ कि...

*** धर्म के बिना राज्य निरर्थक है...**
*** 'राम' को समर्पण किये बिना अच्छा कार्य निरर्थक है...**
*** नीति के बिना जीवन निरर्थक है...**
*** विवेक के बिना विद्या निरर्थक है...**

युवराज राम... वनवासी राम... परम क्षत्रिय धनुर्धर राम... अयोध्यापति राजाधिराजा श्री राम... किसी भी रूप में... किसी भी वेश में... श्री राम अपने दिव्य भाल से शील और स्नेह के पावन चंदन को नहीं हटाते... वह हीरे मोती जड़े सोने के राज मुकुट को धारण करने के लिए... मात-पिता-बन्धु-सखाओं के चरण रजों से भरी... अयोध्या... चित्रकूट और पंचवटी की दया... ममता और संबंधों की धरती की पवित्र धूल को वह अपने माथे पर चंदन तिलक जैसे धारण करते हैं।

प्रभू श्री राम हर दीन-दुखी के श्राप का मोचन कर उसे अपनी छाती से लगा लेते हैं...

**को रघुबीर सरिस संसारा।**
**सीलु सनेहु निबाह निहारा।।**

प्रभू श्री राम का जीवन चरित्र हमें इस बात की शिक्षा देता है कि..... मानव में लेने की अपेक्षा जब देने की मानसिक शक्ति उत्पन्न हो जायेगी... तब वह कभी भी हीन... अथवा... अतृप्त इच्छाओं का दास नहीं होगा...

अयोध्या की राजगद्दी छोड़... चौदह वर्षों की लम्बी अवधि तक... वन-वन में भटके 'श्री राम' यही तो सिखा गये मानवता को कि... अन्याय का... अत्याचार का... प्रतिकार करो... और मानव समाज में बाँटो... न्याय... सुरक्षा... धर्म... ज्ञान... सँस्कार... सँस्कृति... और... सभ्यता को, अपने स्वयं के जीवन को मर्यादित करो... तभी मर्यादित जीवन के कर्मों से समाज भी मर्यादा सीखेगा...

भारत की जीवन दृष्टि... भोगवादी नहीं... त्यागवादी रही है... यहाँ इस देश में उन्हीं व्यक्तियों को पूजा गया है जो त्यागी और उत्सर्गी हुए हैं... भगवान श्री राम... सीता... लक्ष्मण... भरत... सभी ने तो वैभवपूर्ण जीवन का परित्याग कर परोपकार के कंटकाकीर्ण मार्ग को चुना था...

उन्होंने अभावों से भरे जीवन को अँगीकार किया था... भरत ने तो अयोध्या का राजा होकर भी 'राम' की खड़ाऊँ पूजते हुए... अन्ध कूप और पर्ण कुटीरों में रहकर त्यागवत् जीवन बिताया था तथा श्री राम का 'पादुका राज' स्थापित किया था...

मैं प्रत्येक भारतीय से कहना चाहता हूँ एक बार... दृढ़-आत्म-विश्वास और पूर्ण इच्छा शक्ति से 'राम' को मान कर तो देखो... उस कृपासिन्धु से माँग कर तो देखो... तुम्हें सब साधन स्वयमेव मिल जायेंगे... 'राम' पर भरोसा करके तो देखो... हर बिगड़ी बात बन जायेगी... 'राम' को समझ कर तो देखो... हर मुश्किल आसान हो जायेगी... 'राम' को मन में बैठा कर तो देखो... जिन्दगी खुशियों से भर जायेगी...

'राम' अर्थात् सद्गुणों का भंडार... 'राम' जैसे सद्गुण आज की युवा पीढ़ी के अन्दर आ जायें... यही मैं देखना चाहता हूँ...

'श्री राम' सिर्फ देवता नहीं है... 'राम' सिर्फ 'ब्रह्म' नहीं हैं... राम सिर्फ मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं है... 'राम' सिर्फ अजेय तथा अप्रतिम योद्धा भर नहीं हैं... बल्कि... यह सब होते हुये भी...

***श्री राम हैं... सत्य... सौहार्द... क्षमा... दया और मृदुता... राम हैं... धीरता... वीरता... गम्भीरता ओर पराक्रम... 'राम' हैं... विनय... शान्ति... तितिक्षा...? उपरति... संयम... 'राम' हैं... नीतिज्ञता... तेज... प्रेम और त्याग... 'राम' हैं... मात-पितृ की भक्ति... 'राम' भाइयों का निश्छल प्रेम हैं... 'राम' हैं... प्रजारंजकता... शरणागति प्रदाता... वत्सलता... प्रतिज्ञापालन... 'राम' हैं... मर्यादा... सरलता... सहजता... अपनत्व...***


'राम' सिर्फ शरीर नहीं है... 'राम' गुण है...

***श्री राम नवमी के इस पावन पर्व पर जब आज अयोध्या नगरी में भव्य श्री राम जन्म भूमि मंदिर में भगवान रामलला विराज चुके हैं तब ऐसे में यह राम नवमी हम सभी सनातन हिन्दुओं और समस्त भारत वासियों में एक नई ऊर्जा का... नये आत्म विश्वास का संचार करती है।***

# संसार को रामकथा का सार समझना होगा

**पर्व विशेष**

**धा**र्मिक मान्यता है कि चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। इस त्योहार का देश ही नहीं दुनिया में रह रहे हिन्दुओं और रामभक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता हैं। संसार के पालनहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम हैं। भगवान श्रीराम का आचरण त्याग व तपस्या का प्रतीक है। श्रीराम के चरित्र से सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। युवा पीढ़ी क्रोध और कुछ भी न सहने की क्षमता से ग्रसित है। इससे समाज का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है । वह खुलेपन के नाम पर नग्नता और बेशर्मी करने पर आमादा हैं। यह देखकर देश का भविष्य भी खतरे में लगने लगा है। श्रीराम और माता सीता के वनवास को लोग सिर्फ सुनते हैं लेकिन उसके पीछे का मर्म नहीं समझना चाहते। आजकल युवाओं को तो छोड़िए शादीशुदा दंपत्ति तक एक-दूसरे को दगा देने में लगे हुए हैं। बीते दिनों मेरठ में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इस घटना के बाद ऐसी खबरों का आना लगातार जारी है। सौ टके का सवाल यह है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी को भगवान, देवी-देवताओं और संतों के संदेश समझाने में इतने विफल हो चुके हैं कि वह अपने जीवन को संभाल नहीं पा रहे।



आज के हाईटेक दौर में मस्तिष्क में ठहराव नाम की चीज खत्म होती जा रही है। इससे लोगों में सहने की क्षमता कम हो गई और युवा आक्रोश में आकर गलत निर्णय ले लेते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में सबसे ज्यादा डिप्रेशन के मरीज बढ़े हैं जिसका कारण यहां अव्यवस्था बताई जा रही है। युवा तरक्की के दौड़ में भागते हैं और धर्म, ज्ञान व संस्कार अर्जित करने के लिए के उनके पास समय नहीं होता। मन की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को बहुत खराब कर देती हैं।

आज धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए देशभर में रामकथा हो रही है। रामकथा सुनने लाखों लोग पहुंचते हैं। वह कथा के सार को समझने का प्रयास तो करते हैं पर उसका पालन नहीं करते, लेकिन हमें आने वाली पीढ़ी को सुधारने के लिए उन्हें रामकथा का सार समझाना होगा।

**विषम परिस्थितियों में भी किस तरह मानव को अपने जीवन को संचालित करना चाहिए यह समझने के लिए भगवान राम का चरित्र मार्गदर्शक है। विडंबना यह है कि हम नई पीढ़ी को यह नहीं समझा पा रहे हैं।**

**योगेश कुमार सोनी**

# पूर्वोत्तर में सुरक्षा चुनौती को गंभीरता से लें

**बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस द्वारा अपनी हालिया चीन यात्रा के दौरान दिया गया बयान देश के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर पड़ोसी देश के मंसूबों को उजागर करता है। ऐसे में अंदरूनी हालात पर भी नज़र रखने और निर्णय लेने की जरूरत है।**

**गुरबचन जगत**

मीडिया रिपोर्टों में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस को उद्धृत करते बयान आए हैं, जो उन्होंने कथित तौर पर हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान दिए। उन्होंने बांग्लादेश के अलावा 'सेवन सिस्टर्स' (हमारे सात पूर्वोत्तर राज्य जिनके पास समुद्र तट नहीं लगता) सहित इस इलाके के विकास की परिकल्पना में इसको चीनी अर्थव्यवस्था और बांग्लादेश के बीच आर्थिक सहयोग का विस्तारित हिस्सा बनाए जाने की बात कही है, जिसमें बांग्लादेश और इसके बंदरगाह मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। इस किस्म की टिप्पणियों के साथ वे 'चिकन नेक' क्षेत्र (जिसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर के रूप में भी जाना जाता है) यानी पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में भूमि की वह संकरी पट्टी जो पूर्वोत्तर के राज्यों को शेष भारत से जोड़ती है, में व्याप्त भौगोलिक परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। यूनुस इस समस्या में एक नया आयाम जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, मुझे यकीन है कि भारत सरकार ने पहले ही इस पर संज्ञान ले लिया होगा और किसी आकस्मिकता से निबटने के लिए रणनीति बनाने में लगी होगी। 2023 तक और मणिपुर में हिंसा की शुरुआत होने तक, दशकों की अशांति और हिंसा के बाद पूर्वोत्तर में शांति कायम थी। नगालैंड में युद्ध विराम था और असम, अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में निर्वाचित सरकारें थीं। मणिपुर उच्च न्यायालय के एक फैसले में सिफारिश की गई कि राज्य सरकार को इस क्षेत्र के मुख्य समुदाय मैतेई को अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने के लिए भारत सरकार से कहना चाहिए और इस प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति देनी चाहिए दुर्भाग्यवश, राज्य स्तर पर इस मामले को ठीक से नहीं संभाला गया और स्थिति को अशांति और हिंसा में बदलने दिया गया। बड़ी संख्या में घाटी वासियों और पहाड़ी लोगों के बीच झड़पें हुईं और पुलिस के शस्त्रागार लूट लिए गए और बहुत से हथियार गायब हो गए (जिनमें से अधिकांश बरामद नहीं हो पाए)। सेना और पी.एम.एफ. का समुचित इस्तेमाल नहीं किया गया और पुलिस भी इसके लिए तैयार नहीं थी। अब किसी तरह शांति बहाल हुई है, लेकिन सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका है और चुप्पी ही एकमात्र संवाद है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश के सभी छात्रावासों में बनेंगी नशा-मुक्ति समितियां

**विसं भोपाल।** प्रदेश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समस्त छात्रावासों में नशा-मुक्ति समितियां गठित की जायेंगी, जो शैक्षणिक संस्थाओं में सक्रिय रहेंगी और छात्र-छात्राओं को नशा और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय नशा-मुक्ति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रमुख सचिव ने कहा कि भारत सरकार ने अगस्त 2020 से नशा-मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। इसमें प्रदेश के सभी 55 जिलों को शामिल किया गया है। अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे। मध्यप्रदेश में 11 हजार 500 मास्टर वॉलेंटियर्स बनाए गये हैं, जो लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। श्रीमती वायंगणकर ने राज्य स्तरीय समिति के सभी सदस्यों और विभागों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। इसमें लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, आयुष विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विकास विभाग, भारत सरकार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मध्यप्रदेश पुलिस नारकोटिक्स विंग, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, यूएनडीपी अहम भूमिका निभायेंगे।

**राज्य स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न**

# कांग्रेस ने मुस्लिम, सिख और ईसाई गांव बनाने की मांगी अनुमति

## धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू गांव बनाने के बयान पर सियासत, भाजपा विधायक बोले- पाकिस्तान की बात करने वालों को जमीन में दफना देंगे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री के हिन्दू गांव बसाने के बयान पर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस ने मुस्लिम, ईसाई व सिख गांव बनाए जाने की वकालत कर डाली। इस पर भाजपा विधायक ने दो टूक जवाब देते हुए, कहा कि पाकिस्तान की बात करने वालों को जमीन के दस फीट नीचे दफना दिया जाएगा। दरअसल छतरपुर जिले में आने वाले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री ने बुधवार को एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने बागेश्वरधाम में पहला हिन्दू गांव बनाए जाने और उसकी आधारशिला रखने की बात कही थी। पंडित शास्त्री ने जानकारी दी कि गढ़ा (बागेश्वरधाम) में बनने वाले हिंदू गांव में एक हजार परिवारों को बसाया जाएगा, इसके लिए बागेश्वरधाम जनसेवा समिति सनातन धर्म प्रेमियों को जमीन उपलब्ध कराएगी, जिस पर भवनों का निर्माण कराया जाएगा। पहले ही दिन दो परिवारों ने यहां बसने की


अब्बास हफीज़ धीरेंद्र शास्त्री रामेश्वर शर्मा

सहमति दी और कागजी प्रक्रिया पूरी की। इसके अलावा 50 लोग इस हिंदू ग्राम में घर बसाने के लिए आगे आए हैं। इस ट्वीट पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अब्बास हफीज ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग करते हुए कहा कि यदि देश का संविधान धर्म के आधार पर गांव बसाने की अनुमति देता है, तो मुझे भी मुस्लिम, ईसाई और सिख गांव बसाने की अनुमति दी जाए। अब्बास के इस ट्वीट पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों के पाक इरादों ने ही पाकिस्तान बनवा दिया था। अब जिन्ना की औलादें पाकिस्तान की बातें करेंगी, तो वे हिन्दुस्तान ही नहीं, दुनिया के किसी भी देश में पैदा नहीं होंगी। कांग्रेस पागल हो गई है। हिन्दू गांव की परिकल्पना यह है कि सभी सुरक्षित रहें। बहन-बेटियों को स्वतंत्र होकर घूमने की आजादी मिले। शर्मा ने कहा कि पाप मत करो, बेटियों को मत छेड़ो। न तो तिरंगे का अपमान करो और न ही सेना पर पत्थर फेंको। फिर किसी को डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर ऐसा किया, तो छोड़ा नहीं जाएगा। इस पर विधायक रामेश्वर शर्मा के बयान का जवाब देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता अब्बास हफीज ने कहा कि विधायक रामेश्वर शर्मा को पहले यह बताना चाहिए कि क्या वह फिर से बंटवारा कर रहे हैं? जब पंडित धीरेंद्र शास्त्री हिंदू ग्राम बनाने की बात कर रहे थे तो क्या भाजपा विधायक सो रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा को केवल इस मुद्दे पर राजनीति करनी है।

### मोदी से कहकर संविधान में संशोधन करा लें: मुकेश

इस मामले पर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री इतना परेशान क्यों हो रहे हैं? उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहकर संविधान में संशोधन करा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई उदाहरण प्रमाण के तौर पर देश में मौजूद हैं कि भाजपा हमेशा साधु संतों को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करती रही है। वर्तमान समय में भाजपा के सबसे धारदार हथियार हैं पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री। इसके पहले



भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा जैसे संतों का उपयोग करती रही है। नायक ने कहा कि उनकी धीरेन्द्र शास्त्री को सलाह है कि उन्हें भाजपा के कार्यकर्ता की तरह काम नहीं करना चाहिए, क्योंकि समाज में उनका बड़ा सम्मान है इसका भी ध्यान रखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी धीरेन्द्र शास्त्री को लेकर मुकेश नायक ने टिप्पणी की थी, जिसे लेकर भाजपा नेताओं द्वारा उनकी आलोचना की गई थी।

## अहमदाबाद में होने वाले अधिवेशन से पहले एमपी कांग्रेस में कलह, नटराजन नाराज

# प्रदेश से बनाए गए एआईसीसी सदस्यों के नामों पर है एतराज

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रस्तावित अहमदाबाद अधिवेशन से पहले मध्यप्रदेश कांग्रेस में कलह की सुगबुगाहट सुनाई दे रही है। इसमें पूर्व सांसद और राहुल गांधी की करीबी मीनाक्षी नटराजन की नाराजगी सामने आई है, जिन्होंने प्रदेश से बनाए गए एआईसीसी सदस्यों के नामों पर एतराज जताया है। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पिछले दिनों प्रदेश से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के लिए प्रतिनिधियों के नामों की सूची जारी की है। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि कई एआईसीसी सदस्यों के निधन और कुछ के दल छोड़ने की वजह से स्थान रिक्त हैं, जिनके स्थान पर नए सदस्यों की नियुक्ति की गई है। यह अधिकांश सदस्य उन्हीं जिलों से लिए गए हैं, जिन जिलों से पूर्व प्रतिनिधि आते थे। इस पर पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने अपनी नाराजगी जताते हुए फैसले का विरोध किया है। उन्होंने नाराजगी भरा पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल किया है। उन्होंने नीमच जिले में उमराव सिंह गुर्जर की जगह नर्मदापुरम के गौरव रघुवंशी को प्रतिनिधि बनाने पर एतराज जताया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि गौरव से उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आपत्ति नहीं है, लेकिन नीमच में अधिक योग्य नेता मौजूद हैं, जिन्हें मौका मिलना चाहिए था। गौरव भोपाल या उनके जिले से होते ठीक था। इस पर मेरी घोर आपत्ति है, जो मैं दर्ज कर रही हूं।


मीनाक्षी नटराजन



### कुणाल को लेकर भी आपत्ति

प्रदेश से एआईसीसी के खाली स्थानों पर कुणाल चौधरी और विधायक पंकज उपाध्याय को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर भी नाराजगी की बात सामने आई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी और पूर्व मंत्री रामनिवास रावत एआईसीसी सदस्य थे, जिन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। ऐसे में इनके स्थान पर नई नियुक्तियां की गई हैं। जीतू पटवारी ने दावा किया है कि अधिकांश सदस्य उन्हीं जिलों से बनाए गए, जहां से पूर्व सदस्य आते थे, लेकिन रायसेन से आने वाले पचौरी के स्थान पर शाजापुर के कालापीपल से विधायक रहे कुणाल चौधरी को और श्योपुर जिले से आने वाले रावत के स्थान पर मुरैना जिले से आने वाले विधायक पंकज उपाध्याय को एआईसीसी की सदस्य बना दिया। इस पर भी कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता नाराज बताए जा रहे हैं।

### जिलाध्यक्षी न जाए, नेता सक्रिय

जिलाध्यक्षों को पॉवर की चर्चाओं ने उन नेताओं को सक्रिय कर दिया है, जो काफी समय से जिला कांग्रेस कमेटी की बागडोर संभाले हुए हैं। ये नेता किसी भी स्थिति में अपनी जिलाध्यक्षी नहीं जाए, इसके प्रयास में जुट गए हैं। सूत्रों की मानें तो दिल्ली में 3 अप्रैल को जिलाध्यक्षों की बैठक के बाद इन नेताओं ने अपने आकाओं से संपर्क साधा और उनसे अपनी कुर्सी बचाने का आग्रह है। जानकारों की मानें तो इनमें से कुछ जिलाध्यक्ष तो जिलाध्यक्षी का चुनाव भी लड़ चुके हैं और उनकी सोच है कि जिलाध्यक्ष बने रहने से एक बार उन्हें फिर से पार्टी का टिकट मिल जाएगा।

### मीनाक्षी ने हतप्रभ कर दिया: कामले

इधर प्रदेश कांग्रेस संगठन के प्रभारी संजय कामले ने कहा कि एआईसीसी की जिस सूची को लेकर मीनाक्षी नटराजन बात कर रही हैं, वह प्रस्तावित है, जिसे पीसीसी चीफ ने केंद्रीय संगठन के पास भेजी है। अब तक सूची जारी नहीं हुई है, ऐसे में किसी भी तरह के विरोध का औचित्य नहीं है। जहां तक सोशल मीडिया में विरोध करने का मामला है, तो मीनाक्षी नटराजन स्वयं अनुशासनित कार्यकर्ता हैं, जिनके मार्गदर्शन में हजारों कांग्रेसी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करते हैं। उनके इस तरह से सोशल मीडिया पर विरोध करने से कांग्रेसी हतप्रभ हैं। उन्होंने किन परिस्थितियों में ऐसा कहा इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता। वे बड़ी नेता हैं ऐसे में उनके बारे में केंद्रीय नेतृत्व ही कुछ कह सकता है।

**कांग्रेस में विवाद पर भाजपा ने साधा निशाना**

भाजपा ने कांग्रेस के नए घमासान पर चुटकी ली है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस में कुछ बचा नहीं है, फिर भी डूब रहे जहाज में भी अस्तित्व बचाने को लेकर द्वंद्व मचा है। यह अभी शुरुआत है, जब तक निकाय, पंचायत और फिर विधानसभा चुनाव आएंगे, तब तक पार्टी से मेहनती कार्यकर्ताओं की पूरी तरह से विदाई हो जाएगी। मीनाक्षी नटराजन जैसी नेता यदि इस तरह की बात सार्वजनिक तौर पर उठाती हैं, तो समझ लीजिए कि कांग्रेस का अंदरूनी द्वंद्व किस स्तर तक पहुंच चुका है।



# एसएलएम में राज्य परियोजना प्रबंधक शुक्ला को हटाया जाए

## पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने लिखा सीएम और मंत्री को पत्र

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने मध्यप्रदेश आजीविका मिशन (एसआरएलएम) में राज्य परियोजना प्रबंधक सुषमा रानी शुक्ला को तत्काल सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) द्वारा चार दिन पहले एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद जोशी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन और पंचायत एवं ग्रामीण विकास की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी को पत्र लिखकर सुषमा रानी शुक्ला की संविदा सेवाओं को तत्काल समाप्त करने को कहा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच में भी इस बात के सबूत मिल गए हैं कि सुषमा ने न केवल अयोग्य होते हुए फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाई, बल्कि अपने पति और रिश्तेदारों को भी संविदा पर नियुक्ति दिलाई। ऐसे में अब तक सुषमा रानी शुक्ला की सेवा समाप्त न होने से कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### तीन जांच, सभी में दोषी पाई गईं सुषमा

दीपक जोशी ने दावा किया कि सुषमा रानी शुक्ला की फर्जी भर्ती के मामले में 2022 में एसआरएलएम की तत्कालीन एडिशनल सीईओ और आईएएस अधिकारी नेहा मारव्या ने जांच की थी। इस जांच प्रतिवेदन में भी वह फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाने की दोषी पाई गई थीं। इसके बाद तत्कालीन अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मलय श्रीवास्तव ने भी विकास आयुक्त कार्यालय से इस केस की जांच कराई थी। इसमें भी सुषमा रानी शुक्ला पर दोष सिद्ध हुआ। इधर, चार दिन पहले ईओडब्ल्यू ने भी मामले की जांच के दौरान आरोप सही पाते हुए सुषमा रानी शुक्ला, तत्कालीन सीईओ और रिटायर आईएफएस अफसर ललित मोहन बेलवाल एवं विकास अवस्थी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर केवल एक ही शिकायत की जांच के बाद दर्ज की गई है, अन्य शिकायतों पर अब भी ईओडब्ल्यू की जांच जारी है।

### शुक्रवार को नहीं पहुंचीं दफ्तर, संविदा बढ़ाने की थी तैयारी

एफआईआर होने के बाद से सुषमा रानी लगातार अपने दफ्तर आ रही थीं। इसकी शिकायत भी दीपक जोशी द्वारा किए जाने के बाद शुक्रवार को वे अपने ऑफिस नहीं आईं। एसआरएलएम के सूत्रों के अनुसार सुषमा ने अपनी संविदा अवधि गुपचुप ढंग से बढ़वाने की भी तैयारी की थी। पूर्व मंत्री दीपक जोशी के मुताबिक संविदा कर्मचारी को किसी गंभीर अनियमितताओं के आरोप में तत्काल टर्मिनेट किए जाने का प्रावधान है, इसके बाद भी उसे अब तक बर्खास्त न किया जाना कई सवालों को जन्म दे रहा है। हालांकि उन्होंने दावा किया है कि अगर शासन स्तर पर सुषमा के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तो वे अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

# नए लोकायुक्त डीजी के आते ही बड़ा फेरबदल

## 3 डीएसपी को पीएचक्यू भेजा, 4 का ट्रांसफर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश लोकायुक्त संगठन में नए डीजी योगेश देशमुख के आते ही अफसरों की पदस्थापना में बदलाव शुरू हो गया है। शुक्रवार को लोकायुक्त संगठन ने डीएसपी स्तर के तीन अधिकारियों की सेवाएं वापस पुलिस महकमे को सौंपते हुए उन्हें पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) के लिए रिलीव कर दिया है। इसके अलावा 4 अन्य डीएसपी का तबादला किया गया है। जिन चार डीएसपी के ट्रांसफर किए गए हैं, उनमें से 3 को भोपाल बुलाया गया है, जबकि एक को भोपाल से बाहर भेजा गया है। गौरतलब है कि पदभार संभालने के बाद ही नवागत डीजी ने लोकायुक्त संगठन में अफसरों और कर्मचारियों की पदस्थापना में बदलाव की तैयारी कर ली थी। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही लोकायुक्त संगठन में सालों से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों के भी तबादले होंगे।

**ये पीएचक्यू के लिए रिलीव:** संजय शुक्ला (भोपाल), अनिरुद्ध बांधिया (इंदौर), रामदयाल मिश्रा (इंदौर)।

**इनका ट्रांसफर:** संजय जैन (भोपाल से सागर), दिलीप कुमार झरवड़े (जबलपुर से सागर), ब्रजमोहन द्विवेदी (सागर से भोपाल), मंजू सिंह (सागर से भोपाल)।

# 20 फीसदी की दर से मिलेगा चिकित्सकों को एपीए भत्ता

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों में कार्यरत चिकित्सकों के लिए नॉन प्रेक्टिस अलाउंस (एनपीए) से संबंधित नया आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक अब मप्र के सरकारी क्षेत्र में कार्य करने वाले ऐसे चिकित्सक तो सिर्फ सरकारी अस्पतालों में काम करते हैं, कहीं और निजी प्रेक्टिस नहीं करते उनको उनके मूल वेतन के साथ 20 फीसदी एनपीए का भुगतान किया जाएगा। चिकित्सकों के लिए इस नए आदेश के अनुसार 1 अप्रैल से एनपीए दिया जाएगा। इसके विपरीत चिकित्सकों ने इस आदेश को मजाक बताया है। मप्र चिकित्सक महासंघ के संयोजक डॉ. राकेश मालवीय का कहना है कि हमारी लड़ाई केंद्र के समान एनपीए लेने की है। केंद्र में जो नियम है, उसके मुताबिक मूल वेतन में 20 फीसदी एनपीए जोड़ा जाता है। फिर जो राशि बनती है, उस पर तमाम प्रकार के भत्ते दिए जाते हैं। जबकि राज्य सरकार मूल वेतन में एनपीए को नहीं जोड़ती है और जितने भी भत्ते हैं, जैसे होम अलाउंस, यात्रा भत्ता, टेलीफोन भत्ता आदि वो सब सिर्फ मूल वेतन के आधार पर दिया जाता है। हमारी सरकार से मांग है कि वह पहले वेतन गणना को दुरुस्त करे फिर एनपीए के नए आदेश जारी करे।

**वित्त विभाग ने जारी किया आदेश**

# यौन शोषण का मामला: भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय पर कार्रवाई की मांग

## दिल्ली के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती ने भोपाल आकर डीजीपी से की शिकायत

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री रहे सोमनाथ भारती ने भोपाल में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा से मुलाकात कर बीजेपी के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को हुई मुलाकात के बाद भारती ने आरोप लगाया कि सतीश उपाध्याय के खिलाफ एक आदिवासी महिला ने पांच वर्षों तक यौन शोषण किए जाने की गंभीर आपराधिक शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह आदिवासी महिला भाजपा से जुड़ी रही है। उन्होंने डीजीपी को लिखित शिकायत देकर कहा कि यदि इस तरह के मामलों में सत्ताधारी दल के दबाव में आकर ढील बरती जाती है, तो यह देश के कानून और संविधान पर सीधा हमला होगा।

सोमनाथ भारती ने अपनी शिकायत के साथ महिला द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोप की शिकायत भी डीजीपी को सौंपी। भारती ने कहा कि वह इस मामले में न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेंगे, उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ऐसे मामलों में चुप नहीं बैठेगी और पीड़ितों की आवाज उठाने का सिलसिला जारी रखेगी।

### पीड़िता ने पिछले साल अक्टूबर में दिया था अदालत में आवेदन

महिला की गई शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद उसने भोपाल के जिला न्यायधीश की अदालत में भी आवेदन देकर सतीश उपाध्याय पर कार्रवाई की मांग की थी। उसने अक्टूबर 2024 में आवेदन दिया था। सतीश फरवरी 2025 में दिल्ली की मालवीय नगर सीट से भाजपा से विधायक चुने गए हैं और उन्होंने इस चुनाव में आप के प्रत्याशी सोमनाथ भारती को ही हराया है। पीएचक्यू में डीजीपी से मुलाकात के बाद सोमनाथ भारती जिला अदालत भी गए और वहां जाकर उन्होंने प्रधान जिला न्यायाधीश को इस केस की सुनवाई के लिए आवेदन दिया।

# शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने पर मिला अवार्ड



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटीज पूरा करने के लिए प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया। अवार्ड लेने के लिए कंपनी की ओर से रजनीश सचेती, ग्रुप प्रेसीडेंट, लीगल एंड इनडायरेक्ट टैक्सेस, मनीष कुमार सिन्हा, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स, देवेन्द्र मिश्रा एजीएम सीएसआर एंड पीआर एवं विनय उरमलिया मैनेजर पीआर मौजूद रहे। यह सम्मान समारोह भोपाल में आयोजित किया गया था।

# अतिथि विद्वानों का भी नाम बदले सरकार, अतिथि प्रथा हो खत्म

## अतिथि विद्वान महासंघ के मीडिया प्रभारी की मांग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** जैसे जैसे मोहन सरकार नाम बदल रही है वैसे ही अतिथि विद्वानों का नाम भी बदल देना चाहिए। अतिथि विद्वान महासंघ के प्रदेश मिडिया प्रभारी डॉ आशीष पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि अतिथि विद्वानों का भी नाम बदलें, इतने सम्मानित उच्च शिक्षा विभाग में अतिथि क्या होता है। ये नाम ही शोषणकारी है, अतिथि कोई दो, दिन-चार दिन का होता है। 25-26 वर्षों से सरकार अतिथि बनाकर रखी है क्यों? डॉ पाण्डेय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और शीर्ष अधिकारियों से अनुरोध किया कि अतिथि नाम हटाते हुए कोई सम्मानजनक नाम देने कि कृपा करें। इधर, सरकारी कॉलेजों में पीएससी द्वारा भर्ती का विज्ञापन जारी किया जा चुका है जिसका अतिथि विद्वान विरोध कर रहे हैं। महासंघ के महासचिव डॉ जेपीएस चौहान ने कहा कि 55-60 वर्ष तक के अतिथि विद्वान हो गए हैं सब नेट पीएचडी हैं। 26 वर्षों का अनुभव है, अब इनकी कैसी परीक्षा और ना ही ये फॉर्म भरने के पात्र हैं। डॉ चौहान ने बताया कि अतिथि विद्वान ही कॉलेजों के समस्त कार्य करते हैं। योग्यता है अनुभवी हैं फिर भी भविष्य सुरक्षित नहीं।

अगर वास्तव में शासन-प्रशासन संवेदनशील है तो अतिथि विद्वानों को फिक्स मासिक वेतन एवं स्थाई /समायोजन करे। हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी अतिथि विद्वानों को नियमित किया है। अब बारी मध्य प्रदेश सरकार की है।

■ **डॉ देवराज सिंह**, प्रदेश अध्यक्ष, अतिथि विद्वान महासंघ

# स्वदेशी मेले का आयोजन सात से

**जागरण, भोपाल।** स्वदेशी संघ 7 अप्रैल से राजधानी के बिट्टन दशहरा मैदान में राष्ट्रीय स्वदेशी मेले का आयोजन करेगा। जिसमें लोगों को स्वदेशी उत्पादों से अवगत कराया जाएगा। अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल के अनुसार मेले में प्रदेश एवं अन्य राज्यों के स्वदेशी उत्पादों एवं आर्टिस्टों के अनेक स्टॉल लगाएं जाएंगे। मेले में प्रदर्शनी एवं लोकनृत्य की प्रस्तुतियां होंगी।

**मंजूरी** एनटीसीए की मंजूरी के बाद शिफ्टिंग की तैयारी शुरू, जिस टाइगर रिजर्व में ज्यादा, वहां से भेजे जाएंगे

# राजस्थान, ओडिशा और छत्तीसगढ़ भेजे जाएंगे एमपी से 6 टाइगर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश से राजस्थान, ओडिशा और छत्तीसगढ़ को टाइगर दिए जाने पर नेशनल टाइगर कंजरवेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) ने भी अपनी सहमति दे दी है। इसके बाद अब इन तीनों राज्यों को बाघ-बाघिन का एक-एक जोड़ा दिया जाएगा। प्रदेश का विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। प्रदेश से बाघ और बाघिन भेजने की पूरी प्रक्रिया पशु चिकित्सकों की टीम और वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट की देखरेख में की जाएगी। वन विभाग अब ऐसे टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क से टाइगर भेजना की तैयारी कर रहा है, जहां उनकी संख्या ज्यादा है। एनटीसीए की गाइडलाइन में इसी का प्रावधान है। प्रारंभिक तौर पर तीनों राज्यों के लिए एमपी के बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से बाघों को भेजने की तैयारी की गई है। हालांकि, अभी इस संबंध में अंतिम निर्णय के लिए शासन से अनुमति ली जानी शेष है।



### तीनों राज्य उठाएंगे शिफ्टिंग का खर्च

बाघों को ले जाने का खर्चा ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ मिलकर उठाएंगे, जिसके लिए भारत सरकार से अनुमति लेनी होगी। प्रदेश के वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क में बाघों की संख्या उनकी टेरेटरी के हिसाब से अधिक है। ऐसे में जिन स्थानों पर बाघों की संख्या बढ़ने से टेरिटोरियल फाइट का खतरा अधिक है, वहीं से बाघों को अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा। एमपी में कई स्थानों से टेरेटरी की लड़ाई में बाघों की मौत भी हो चुकी है। वन विभाग का मत है कि बाहरी राज्यों में प्रदेश के टाइगर भेजे जाने से बढ़ रही संख्या का भी संतुलन बना रहेगा। इसके साथ ही इलाके को लेकर बाघों के आपसी संघर्ष का जोखिम भी घट जाएगा।

### ओडिशा में 2018 में ग्रामीणों ने मार डाला था एमपी का टाइगर, बाघिन को लाए थे वापस

2018 में भी एमपी के बांधवगढ़ से बाघिन सुंदरी और कान्हा नेशनल टाइगर रिजर्व से बाघ महावीर को ओडिशा के सतकोसिया टाइगर रिजर्व में भेजा गया था। बाघों का कुनबा बढ़ाने की खातिर ये शिफ्टिंग की गई थी। उस समय वहां बाघ खत्म हो गए थे। सतकोसिया के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था और मौका पाकर एक दिन उसे ग्रामीणों ने मार डाला। इसके बाद बाघिन सुंदरी भी हिंसक हो गई और ओडिशा की सरकार ने इसे नंदन कानन नेशनल पार्क भेज दिया। दो साल तक वहां कैद रहने के बाद 2020 में एमपी के तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को पत्र लिखकर सुंदरी को वापस भेजने को कहा। इसके बाद नंदन कानन से सुंदरी को मार्च 2021 में कान्हा टाइगर रिजर्व लाया गया। वहां उसे 7 एकड़ के बाड़े में रखकर उसका हिंसक स्वभाव बदलने का प्रयास किया गया। इस प्रयास में विफल होने के बाद सुंदरी को जुलाई 2022 में वन विहार नेशनल पार्क लाया गया। ऐसे में अब 6 बाघों की शिफ्टिंग के प्रस्ताव का वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट पहले से ही विरोध कर रहे हैं।

जिन स्टेट को टाइगर शिफ्टिंग अपने यहां करनी है, संबंधित स्टेट की वाइल्ड लाइफ की टीम यहां आएगी। इसके बाद ही शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। फिलहाल बांधवगढ़, कान्हा और पेंच से बाघ बाघिन के जोड़े को भेजने पर विचार चल रहा है। तीनों स्थानों पर आधा दर्जन टाइगर भेजे जाने हैं। एनटीसीए की अनुमति भी दी जा चुकी है।

■ **शुभ रंजन सेन**, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ, एमपी

# शादी तोड़ने से नाराज होकर लड़की के भाई पर हमला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शादी से पहले युवक की करतूतें पता चलने पर लड़की वालों ने रिश्ता तोड़ दिया तो बदमाश युवक को यह रास नहीं आया। गुस्साए बदमाश ने पहले लड़की के भाई से झगड़ा किया। उस पर चाकू से हमला किया। फिर लड़की का पीछा करना व उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर अरेराहिल्स थाने में बदमाश के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। टीआइ मनोज पटवा ने बताया 25 वर्षीय महिला अरेराहिल्स थाना क्षेत्र में रहकर प्राइवेट नौकरी करती है, उसके पिता शासकीय अधिकारी हैं। महिला तलाकशुदा है और उसकी एक बेटी भी है। करीब दो साल पहले परिवार की रजामंदी से महिला का रिश्ता जहांगीराबाद निवासी साहब खान से तय हुआ था। शादी पक्की होने के बाद लड़की के परिजनों को पता चला कि साहब आपराधिक प्रवृत्ति का है और आए दिन बदमाशी करता है। उसके विरुद्ध कई थानों में केस भी दर्ज हैं। यह जानकारी मिलने के बाद लड़की के परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया। जिसके बाद साहब ने कई बार उनके घर पर हंगामा किया। साथ ही वह आते-जाते महिला का पीछा करता था और उससे छेड़छाड़ करता था। पिछले वर्ष महिला ने अपने भाई को यह बात बताई तो उसने साहब को समझाया। दोनों के बीच विवाद हो गया और साहब ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था, यह प्रकरण एमपीनगर थाने में दर्ज किया गया था।

## प्रथम पेज की खबरों का शेष ...

### कोलकाता में पांच

फैलाने की साजिश की जा रही है। इस तरह की खुफिया रिपोर्ट मिलने पर कोलकाता, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, पश्चिमी मेदिनीपुर, उत्तर-दक्षिण 24 परगना, अलीपुरद्वार, कूचबिहार आदि में अतिरिक्त पुलिस बल व रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। गौरतलब है कि राज्य में रामनवमी पर पिछले दो वर्षों से लगातार हिंसा हो रही है। 2023 में हुगली और हावड़ा में जुलूस के दौरान पत्थरबाजी की घटना के बाद तीन लोगों की मौत हो गई थी। ऐसा ही 2022 में हुआ था। तब पांच लोगों की मौत हो गई थी।

## रामनवमीं पर्व पर शहर के मार्गों से गुजरने वाले भव्य जुलूस की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित



**टीकमगढ़।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ ओमपाल भदौरिया द्वारा राम नवमीं परिवार के साथ रामनवमीं पर्व की तैयारियां एवं शहर के मार्गों से गुजरने वाले भव्य जलूस की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शहर के मार्गों की साफ-सफाई, जलूस गुजरने वाले मार्गों पर चूना लाइनिंग, आवारा मवेशियों पर रोक, मार्गों में जगह -जगह पेयजल व्यवस्था के साथ पुलिस व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमीं परिवार के पदाधिकारियों सदस्यों के साथ- साथ नगर निरीक्षक पंकज शर्मा एवं यातायात प्रभारी कैलाश पटैल, पार्षद अनीस अहमद, पार्षद चंद्रभान प्रजापति, उपयंत्री श दीपक विश्वकर्मा, जलप्रदाय उपयंत्री सुश्री जेबा मंसूरी, विजय यादव, अनिल श्रीवास्तव इत्यादि शामिल रहे।

## अयोध्या प्रसाद मोतीलाल अग्रवाल फर्म से रिफाइंड सोयाबीन तेल का लिया नमूना



**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन पर एवं एस.डी.एम. टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मनीष जैन द्वारा आज फर्म अयोध्या प्रसाद मोतीलाल अग्रवाल हवेली रोड टीकमगढ़ से रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। मौके पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत स्टोरेज का लाइसेंस नहीं लेना पाया गया। लाइसेंस न पाए जाने के कारण गोदाम को सील किया गया। गोदाम में नमक, सोयाबीन तेल, वनस्पति, नमकीन संग्रहित पाये गये। संचालक द्वारा कुल कीमत लगभग 4,30,000 रूपए बतलाई गई। लिए गए नमूने को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## बाइक में टक्कर मारते हुए एसयूवी कार अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलटी, तीन लोग घायल



**दिगौड़ा।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिगौड़ा बिजरावन सड़क पर पावर हाउस के पास शनिवार सुबह करीब 8:30 एक अर्टिगा कार सड़क किनारे खड़ी पल्सर बाइक में टक्कर मारते हुए आनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। इस घटना में कार में सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिगौड़ा बिजरावन सड़क पर पावर हाउस के पास आज शनिवार की सुबह करीब 8:30 बजे अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर एक बाइक से टकरा कर खाई में जाकर पलट गई। इस कार में दिगौड़ा निवासी जाबिर खान मिस्त्री, फिरोज खान गाड़ी मालिक व कलू खान सवार थे। इन लोगों को मामूली चोटें आई, वहीं मिस्त्री जाबिर खान के सिर में चोट आने पर जिला अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में एसयूवी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और पल्सर बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई, एक बड़ी घटना होने से टल गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया है कि कार मालिक फिरोज खान अपनी कार को चेक कराने के लिए मिस्त्री की दुकान पर ले गए। जहां कार मिस्त्री जाबिर खान उसकी ट्रायल लेने के लिए बिजरावन सड़क पर ले गए और पावर हाउस के पास अचानक कार अनियंत्रित हो कर पलट गई।

## हवाई पट्टी की भूमि से अतिक्रमण हटाने की माँग



**टीकमगढ़।** राज्य शासन द्वारा प्रत्येक जिले में हवाई पट्टी निर्मित किए जाने की योजना है और क्रमशः प्रस्तावों पर विचार करते हुए स्वीकृतियाँ दी जा रहीं हैं। यह प्रदेश के विकास से जुड़ा विषय है और समस्त कार्यवाहियाँ और प्रस्ताव निर्बाध एवं पारदर्शी होने पर प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति जारी करने पर विचार किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा नेता विकास यादव की पहल पर कलेक्टर टीकमगढ़ द्वारा पत्र क्रमांक 134 दिनांक 30 जनवरी 2021 को जिला मुख्यालय पर नवीन हवाई पट्टी के निर्माण हेतु 36.031 हैक्टेयर भूमि का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। जो राजस्व रिकार्ड में हवाई पट्टी/हवाई अड्डा मद में दर्ज है। लेकिन पिछले 4 वर्षों में जिला प्रशासन प्रस्तावित भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं करा सका है जिस कारण हवाई पट्टी का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जिला प्रशासन ने पत्र भेजकर उल्टा विमानन विभाग को यह बताया है कि उक्त भूमि पर स्कूल भवन, तालाब, गौशाला, हाईटेंशन लाईन निकली हुई है। प्रशासन ने प्रस्तावित भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिये कोई प्रारंभिक प्रयास भी नहीं किया है जिससे शासन की अरबों रूपये कीमत की बेसकीमती भूमि पर लोगों द्वारा फसल बोकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। भाजपा नेता विकास यादव ने म0प्र0 शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर को पत्र देकर हवाई पट्टी की भूमि से अतिक्रमण हटाने की माँग की है। विमानन विभाग म0प्र0 शासन द्वारा 23 जनवरी 2025 को कलेक्टर टीकमगढ़ को पत्र भेजकर प्रस्तावित भूमि के संबंध में 5 बिन्दुओं की जानकारी 15 दिवस में भेजने के निर्देश दिये हैं। जिसमें विभाग ने कलेक्टर से पूछा है कि हवाई पट्टी के लिये भूमि कब आरक्षित की गई थी। आरक्षित भूमि आरक्षण दिनांक को पूर्णता रिक्त थी अथवा दर्शाई गई शासन की परिसम्पत्तियाँ निर्मित थीं। कलेक्टर के पत्र में दिनांक 30 जनवरी 2021 में तहसील मोहनगढ़ द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर प्रस्ताव भेजने का उल्लेख है। इस परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट किया जावे कि जानकारी प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल निरीक्षण किया गया था और उस समय यह परिसम्पत्तियाँ मौके पर दीं अथवा नहीं। यदि प्रस्ताव भेजने के समय पूर्व में परिसम्पत्तियाँ निर्मित थी तो ऐसी स्थिति में भी किन कारणों से प्रस्ताव भेजा गया। प्रेषित प्रतिवेदनों में यह उल्लेख किया गया है।

# डूब की घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश



**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गृह विभाग के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को जिले के विभिन्न जल संग्रहण स्थलों पर जनसामान्य के डूब की घटनाओं से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि गत दिवसों में डूब की सर्वाधिक घटनाएं नदियों में हुई हैं। इसके अलावा जिले की विभिन्न नदियों सहित जलग्रहण क्षेत्रों में डूब की अत्याधिक घटनाओं की सूचना प्राप्त हो रही है। तालाब, कुएं, जलभराव क्षेत्र, नहर, डैम, नाला व खदान इत्यादि में डूब की दुर्घटनाओं का कारण लोगों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही, तैराकी, सुरक्षा नियमों की अनदेखी और जागरूकता की कमी है। जिला कलेक्टर ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्थित डूब दुर्घटना संभावित समस्त स्थानों का सर्वेक्षण कर दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय किए जाएं। इसके अलावा समस्त जलग्रहण क्षेत्रों स्थित नावों तथा नाविकों का रजिस्टेªशन करवाने के साथ असुरक्षित नावों का परिचालन तत्काल प्रभाव से बंद करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नियमानुसार नावों की यात्री क्षमता संख्या निर्धारित कर नाव पर अंकित कराएं और निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर वैधानिक कार्यवाही भी करें। लाइफ जैकेट एवं रस्सा इत्यादि न्यूनतम उपकरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। जिले के समस्त दुर्घटना संभावित स्थलों की निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित कर आवश्यक होने पर मानसून के दौरान ऐसी जगहों को प्रतिबंधित घोषित कर प्रतिबंध नहीं मानने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। इसके अलावा नदी घाटों, डैम, तालाब, झील, खनन द्वारा रिक्त तालाबनुमा संरचना, झरने तथा अन्य जल संग्रहण क्षेत्रों पर डूब से बचाव की चेतावनी संकेत लिखवाने के साथ महत्वपूर्ण दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा के लिए भी जरूरी न्यूनतम उपकरणों की व्यवस्था की जाए।

जिला कलेक्टर द्वारा कहा गया है कि खनन द्वारा निर्मित गड्ढों को फेंसिंग के माध्यम से सुरक्षित कर चेतावनी बोर्ड लगाया जाए। बाढ़ के दौरान जिले के विभिन्न पुलिया एवं रपटा पर पानी होने के दौरान किसी वाहन अथवा व्यक्ति को इसे पार करने के लिए प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही चेतावनी बोर्ड और बैरियर के साथ निगरानी की जाए। बारिश के दौरान जल संग्रहण क्षेत्रों के आसपास स्थित पिकनिक स्पॉट, वाटर फाल, फिसिंग स्पॉट इत्यादि मनोरंजन स्थलों पर लोगों को जाने से रोकने की विशेष व्यवस्था हो, जिससे पानी से घिर जाने पर एयर रेस्क्यू की स्थिति निर्मित न हो। समस्त नदी घाट विशेषकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजन वाले घाटों पर भी चेतावनी बोर्ड लगाएं, जिसमें डैम से पानी छोड़े जाने पर जल स्तर व जनसामान्य की सुरक्षा का विवरण हो। डैम से पानी छोड़े जाने के दौरान घाटों पर लोगों को जाने से प्रतिबंधित करें। असुरक्षित नदी घाट का चिन्हाकंन कर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था हो। ऐसे स्थानों पर मानसून पूर्व सर्वेक्षण तथा लाल झंडा लगाने जैसे उपाए भी करें। उन्होंने समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में तैराकी जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए भी कहा है।

**सूचना प्रदान करने के लिए आमजनों को करें जागरूक :** जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि डूब संबंधी समस्त घटनाओं की सूचना से आमजनों द्वारा तत्काल अवगत कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के संपर्क नम्बर 181 का विभिन्न माध्यमों से जनसमुदाय के मध्य प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं, पंचायत एवं वार्ड आदि में भी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मॉकड्रिल की व्यवस्था करें। इस दौरान डूबे व्यक्तियों की जीवन रक्षा एवं सीपीआर देने की विधि की जानकारी देने के साथ स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर बचाव उपकरण तैयार करने की विधि का प्रदर्शन भी करें। इसके अलावा स्थानीय अस्पताल में डूब प्रभावित व्यक्तियों के बचाव की विशेष व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रशिक्षण एवं क्षमता वृद्धि योजनांतर्गत डूब से बचाव के लिए अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों से संबंधित बैनर, पोस्टर इत्यादि प्रचार सामग्री का उपयोग भी किया जाए।

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर उचित मूल्य दुकान बिलघाड़ी निलंबित




**जागरण, पन्ना।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं दुकान आवंटन प्राधिकारी गुनौर रामनिवास चौधरी ने खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान बिलघाड़ी को जारी प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की है।

आगामी आदेश तक बिलघाड़ी दुकान से संलग्न कार्डधारियों को सुगमतापूर्वक राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी रूप से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गुनौर द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान नचनौरा में संलग्न किया गया है। समिति को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ग्राम पंचायत बिलघाड़ी से ही निलंबित दुकान के हितग्राहियों को प्राथमिकता से खाद्यान्न वितरण कार्य प्रारंभ कराने के लिए निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर के गत 4 अप्रैल को गुनौर भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकान बिलघाड़ी मौके पर बंद पाई गई थी। संयुक्त जांच दल द्वारा भी आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अन्न उत्सव में शत-प्रतिशत राशन वितरण व ई-केवाईसी के निर्देश के बावजूद लापरवाही प्रमाणित पाई गई। समिति प्रबंधक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हरद्वाही अशोक उपाध्याय एवं विक्रेता राकेश सिंह गुर्जर द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर दुकान न खोलकर राशन वितरण नहीं करने से ग्राम पंचायत बिलघाड़ी के पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा का सामना करना पड़ा। उक्त कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की धारा 11 एवं 18 का उल्लंघन तथा नियंत्रण आदेश की धारा 16 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध होने पर उक्त कार्यवाही की गई है।

# नेशनल लोक अदालत 10 मई को



**जागरण, पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत शनिवार, 10 मई को आयोजित की जाएगी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को लोक अदालत के सफल आयोजन के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम के सदस्यों के साथ आवश्यक चर्चा की गई।

नोडल अधिकारी द्वारा नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को राजीनामा के जरिए प्रकरणों के निराकरण में होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। साथ ही अधिकतम प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने एलडीसीएस सदस्यों को लोक अदालत के प्रचार-प्रसार व राजीनामा योग्य प्रकरणों का चिन्हांकन कर लोक अदालत में प्रस्तुत करने का आग्रह किया। बैठक में डिप्टी चीफ करन सिंह, पवन पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक एवं शशांक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

# धार्मिक स्थल हनुमान भाटा पवई तक पक्की सड़क स्वीकृत होने पर भी कार्य प्रारम्भ नहीं

### पुरानी 03 किमी सड़क निर्माण से लाखों पौधे एवं जंगली जानवरों से होगी सुरक्षा

### तीन कि0मी0 दूरी के लिए पहाड़ एवं जंगलों से घूम कर 35 कि0मी0 लम्बी सड़क आखिर क्यों



**जागरण, पवई।** पन्ना जिला ही नहीं संपूर्ण मध्य प्रदेश एवं विभिन्न प्रांतो के लाखो श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्राचीन सिद्ध स्थल हनुमान भाटा पवई जो पवई नगर से मात्र 03 किलोमीटर दूर विंध्याचल पर्वत के ऊपर स्थित है हनुमान भाटा पहाड़ी के नीचे पतने नदी किनारे प्रसिद्ध मां कलेही देवी का मंदिर एवं भोले बाबा कैलाशी की विशालकाय प्रतिमा विराजमान है जहां मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन करने आते हैं । परंतु वहां पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है मात्र सीढ़ियां है ऐसे प्राचीन धार्मिक सिद्ध स्थल हनुमान भाटा तक ( पक्की सड़क )पहुंच मार्ग निर्मित करने हेतु क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी के प्रयासों से दो वर्ष के अधिक समय से स्वीकृत है परंतु सड़क निर्माण से जुड़े विभागीय अधिकारियों ने शासकीय का दुरुपयोग करने के उद्देश्य से पुरानी और चालू सीधी सड़क मात्र 03 किलोमीटर लंबी दूरी के लिए 20 किलोमीटर वन भूमि एवं पहाड़ और जंगलों से घुमावदार 35 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़क का एस्टीमेट स्वीकृत कराया जिसमें 20 कि0मी0 से अधिक वन सीमा जंगल के बीच खतरनाक वन्य प्राणियों से श्रद्धालुओं के लिए हमेशा खतरा रहेगा इस प्रकार की घुमावदार सड़क की योजना बना दी जिसमें 10 गुना सरकार का बजट भी लग रहा है। जबकि पवई पतने नदी पुल के पास कन्या छात्रावास के बगल से जो पुरानी सड़क थी वहां से मात्र तीन या चार किलोमीटर में ही हनुमान भाटा पहुंचा जा सकता है , परंतु सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा 10 गुना अधिक दूरी लेते हुए से ग्राम हडा , रमपुरा के जगलों से 35 किलोमीटर की लम्बी एवं जंगली जानवरों के खतरों से भरपूर सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जो पूर्णता अनुचित और गलत है क्योंकि इस लंबी सड़क बनाने में 20 कि0मी0 卐वन भूमि जंगल के लाखों पेढ पौधे काटना पड़ेंगे एवं श्रद्धालुओं को हमेशा 35 किलो मीटर का चक्कर लगाकर वन्य प्राणियों से साक्षात्कार करते हुए खतरों के बीच से श्रद्धालुओं को जाना होगा । प्रभारी मंत्री पन्ना जिला मध्य प्रदेश शासन , क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष , क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद सिंह लोधी , पवई क्षेत्र के पूर्व एवं वर्तमान में पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह , गुनौर विधायक राजेश वर्मा से आग्रह है कि महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हनुमान भाटा पवई तक सीधी 03 किलोमीटर सड़क निर्मित कराई जाना उचित है जिसके लिए शासन के द्वारा सभी स्वीकृतियां एवं आवंटन भी जारी किया गया है ।

# ठेकेदार अंशुल खरे पर था 41 लाख का बिल बकाया, विभाग ने कट किया कनेक्शन, पूर्व में बन चुका है बिजली चोरी का मामला

### विवादों में रहने वाले ठेकेदार अंशुल खरे पर बिजली विभाग ने की कार्यवाही



**जागरण, टीकमगढ़ ब्यूरो ।** अजय वर्मा। विद्युत विभाग ने क्षेत्र के नामदार शख्स पर कार्यवाही की है।इस पर लाखों रुपए बिजली बिल की राशि कई महीनों से बकाया चली आ रही थी। इसके साथ ही करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों के कनेक्शन को काटा गया है। क्रेशर संचालक व ठेकेदार अंशुल खरे पर 41 लाख से अधिक रुपए का बिल लम्बे समय से बकाया चला आ था, विभाग ने कई बार नोटिस जारी किया लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ और अंत में लक्ष्मणपुरा स्थित डिवाइन क्रेशर का कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया।गौरतलब हैं कि पूर्व में ठेकेदार अंशुल खरे पर चोरी से विद्युत के उपयोग करने का मामला सामने आया था। जिस पर विभाग ने जुर्माना लगाकर केस बनाया था। दरअसल वृंदावन तालाब के पास इनकी कॉन्ट्रैक्शन कंपनी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिसमें कटिया डालकर विद्युत उपकरण चलाए जा रहे थे। जैसे ही बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी लगी उन्होंने तत्काल छापामार कार्रवाई की थी।

**विवादों से है इनका नाता :** हमेशा विवादों में रहने वाले क्रेशर संचालक और ठेकेदार अंशुल खरे पर अभी हाल ही में अवैध खनन के आरोप लगे, जिसकी शिकायत भोपाल के बड़े अधिकारियों से लेकर कलेक्टर तक पहुंची है। वही वन विभाग से इन्होंने मुरम खदान की फर्जी एनओसी जारी कराने का आरोप है। लक्ष्मणपुरा गांव में स्थित इनकी स्टोन क्रेशर पर पहले ही खनिज विभाग कार्यवाही कर चुका हैं। जिसमें इनकी पत्थर खदान की लीज खत्म कर दी गई थी। जांच में यह पाया गया था कि अंशुल खरे ने नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से खनन किया है। विभाग की माने तो अंशुल खरे पर जुर्माना भी ठोका गया था।

# सड़क हादसे में मासूम बालिका की मौत



**जागरण पन्ना।** हरदुआ निवासी सात वर्षीय अनिशा पिता मिथलेश आदिवासी की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजन उसे सिमरा कलां स्थित मसान बाबा मंदिर में कन्या भोजन करवा कर ऑटो से घर लौट रहे थे। रास्ते में आनंदपुरा के पास परिवार पानी पीने के लिए रुका था, तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने अनिशा को टक्कर मार दी। बाइक सवार मोहंद्रा से बनोली स्थित कुंवातल मेला के लिए सामान लेकर जा रहा था। टक्कर के बाद बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में बाइक सवार ने ही अनिशा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने हादसे पर दुख जताते हुए यातायात नियमों के पालन की अपील की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान, जिले में संचालित हैं विभिन्न गतिविधियां



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में जन अभियान परिषद की टीम द्वारा भी जन जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जनसहभागिता से प्राचीन जल स्रोतों के पुनरूद्धार के साथ ही वालंटियर्स द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से भी लोगों को जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# कनिष्ठ को हटा उच्च शिक्षक को बनाया जाए प्रभारी प्राचार्य

### जिला पंचायत सदस्य ने दिया आवेदन, 7 दिवस में कार्यवाही न होने पर देंगे धरना

**जागरण, रीवा।** जिला पंचायत सदस्य वार्ड 15 लालमणि तिवारी ने शुक्रवार को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय के नाम आवेदन देकर संकुल शासकीय उमावि रतनगवां जिला मऊगंज के प्रभारी प्राचार्य (माध्यमिक शिक्षक) को हटाकर उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने की मांग की। साथ ही यह भी बताया कि विद्यालयों में उच्च माध्यमिक शिक्षकों के होते हुए भी शिक्षा विभाग में व्याप्त अराजकता के चलते माध्यमिक शिक्षक प्रभारी बने हुए हैं, जिस कारण संकुल अंतर्गत पात्र शिक्षक मानसिक रूप से कुंठित व प्रताड़ित हो रहे हैं, साथ ही प्रभारी प्राचार्य के गलत कार्यों का विरोध करने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भारी असंतोष व्याप्त है। श्री तिवारी ने मांग की कि जहां पर भी कनिष्ठ शिक्षक प्रभार लिए बैठे हैं उन्हें तत्काल हटाकर पात्र शिक्षकों को प्रभार दिया जाए। आगामी 7 दिवस के अंदर समुचित कार्यवाही न होने पर गांधीवादी तरीके से धरना आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन, प्रशासन की होगी।

# दुकानदार एक रुपए नहीं छोड़ते थे, मेला में 10 फीसदी की मिली छूट से अभिभावकों के खिले चेहरे

### सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा मेला

### शहर के प्रमुख पुस्तक, ड्रेस और स्टेशनरी विक्रेताओं ने लगाए स्टाल



**जागरण, रीवा**

प्राइवेट स्कूलों की किताबें सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने कलेक्टर ने दो दिवसीय मेला का शुक्रवार को शुभारंभ किया। मेला में अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी। जो दुकानदार दुकानों में एक रुपए नहीं छोड़ते थे, उन्होंने ग्राहकों को 10 फीसदी तक मेला में छूट दी। छूट मिलने पर अभिभावकों के भी चेहरे खिल गए। इतना ही नहीं दुकानदार आदेशों का पालन कर रहे हैं या नहीं इसकी मॉनिटरिंग के लिए शिक्षकों को भी स्टाल में तैनात किया गया था।

दो दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का कलेक्टर प्रतिभा पाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मानस भवन में आयोजित मेले में विभिन्न विद्यालयों की पुस्तकें एवं गणवेश रियायती दर पर उपलब्ध रहेंगे। पुस्तक मेले के शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर ने पुस्तक व ड्रेस विक्रेताओं से चर्चा की तथा निर्देश दिये कि निर्देशानुसार विद्यालयों की सभी पुस्तकें उपलब्ध करायें जिससे अभिभावक को पुनः किताब खरीदने न आना पड़े। उन्होंने अभिभावकों व विद्यार्थियों से भी संवाद किया। विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने कलेक्टर को इस पहल के लिये धन्यवाद दिया तथा कहा कि हमें अपने विद्यालय की किताबें व ड्रेस एक ही जगह मिल रही हैं और इनमें छूट भी दी जा रही है। उन्होंने कुछ किताबें न होने की बात कलेक्टर को बताई। कलेक्टर ने तत्काल व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। पुस्तक मेला के भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने विक्रेताओं के स्टाल का निरीक्षण किया तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार पुस्तक व ड्रेस विक्रय किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्टाल में विभागीय एक व्यक्ति की परिचय पत्र के साथ ड्यूटी लगायें तथा इस बात को सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों व अभिभावकों को वांछित पुस्तकें मिलें और उन्हें भटकना न पड़े। कलेक्टर ने भीड़ को नियंत्रित कर व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने तथा पीने के पानी व छाया की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता, प्राचार्य वरुणेन्द्र सिंह, सहायक संचालक राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

**मानस भवन के बाहर तक लगे स्टाल :** पुस्तक मेला में पिछले साल से ज्यादा दुकानें इस मर्तबा लगी। करीब 32 दुकानदारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सभी ने मानस भवन पुस्तक मेला में स्टाल लगाया। मानस भवन के अंदर स्टाल की जगह नहीं मिली तो बाहर भी जगह उपलब्ध कराई गई थी।

# ऐतिहासिक होगा पार्टी का स्थापना दिवस पखवाड़ा : सुंदरलाल

### कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोले जिलाध्यक्ष



**जागरण, बैढ़न**

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जिला कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ। इस पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल समेत विधायक द्वय रामनिवास शाह राजेंद्र मेश्राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 6 अप्रैल हमारी पार्टी का स्थापना दिवस है और स्थापना दिवस को हमें एक भव्य उत्सव की भांति मनाना है। हमें अपने घर और आस पड़ोस से लेकर समाज के हर वर्ग के बीच स्थापना दिवस का उत्सव मनाना है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडारोहण करेंगे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भव्य तरीके से स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसमें कार्यालय की साज.सज्जा की जायेगी तथा पूर्व जिलाध्यक्षों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों तथा संगठन संबंधी यात्रा की प्रदर्शन लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्यों के साथ कार्यक्रम करने हैं 8 एवं 9 अप्रैल को मंडल अथवा विधानसभा स्तर पर समस्त सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा । इन्हीं कार्यक्रमों के साथ.साथ 7 से 13 अप्रैल तक मंडल स्तर पर समस्त वरिष्ठ नेताओं समस्त जनप्रतिनिधियों पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम चलो अभियान का कार्यक्रम होगा जिसके अंतर्गत मंदिर अस्पताल एवं स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा लाभार्थियों से संपर्क करना है आंगनबाड़ी गौशालाओं प्राथमिक चिकित्सालय पशु चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को देखना है जल स्रोतों की सफाई करनी है सामाजिक नेताओं से संपर्क करना है तथा वरिष्ठ नेताओं विशेष रूप से मीसा एवं डीआरआई बंदियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। 14 अप्रैल डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर एक पूर्व उनकी प्रतिमाओं तथा स्मारकों की सफाई की जायेगी तथा जयंती के दिन उनका माल्यार्पण तथा मिष्ठान वितरण किया जाएगा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ होगा आंगनबाड़ी एवं अनुसूचित जाति बस्तियों में पेयजल एवं साफसफाई की चिंता करनी है। 15 से 25 अप्रैल तक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति महासंघ का लखनऊ में भाषण के दिनों के बीच विभिन्न वर्गों के नेताओं के बीच संगोष्ठियों का आयोजन करना है जिसमें कांग्रेस द्वारा विभिन्न स्तरों पर अंबेडकर को अपमानित किया गया तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके सम्मान में किये गये कार्यों को उल्लेखित करना है तथा भाजपा ने उनके बनाए संविधान के प्रति जो सम्मान दिखाया है उसको भी प्रचारित करना है। वार्ता के दौरान जिला महामंत्री राजकुमार दुबे जिलामंत्री पूनम गुप्ता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल एवं जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

**सिंगरौली।** सिंगरौली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद ग्राम बठनार में चल रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनमती देवी सरपंच बठनार व विशिष्ट अतिथि रामलल्लू सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ महाविद्यालय के निदेशक अनिल कुमार शुक्ल मौजूद रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नमन प्रकाश व विनीत तिवारी के अथक प्रयासों का परिणाम बताया। इस अवसर पर बठनार ग्राम वासियों ने भी छात्र स्वयं सेवक एवं सेविका की खूब प्रशंसा कि और ताली बजाकर स्वागत किया। यहां बताते चले कि इसके पूर्व कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम जैसे 29 मार्च स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 30 को स्वच्छता अभियान 31 को महिला स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता कार्यक्रम 1 अप्रैल को आयोजित कृषि उत्पादन उन्मुक्त जागरूकता कार्यक्रम 2 को पर्यावरण संवर्धन एवं वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम तथा 3 को स्कूल चलो और कॉलेज चलो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। इधर आज उक्त कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य अध्यापक व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों में से अनिल सिंह पुष्पेन्द्र बैस एवं श्याम नारायण विश्वकर्मा बलदेव प्रसाद शर्मा और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा



### भगवा पताकाओं से पटा मोरवा शहर

**जागरण, सिंगरौली।** मोरवा में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म उत्सव मनाने की तैयारियां लगभग पूर्ण की जा चुकी है। शहर को भगवा पताकाओं और झंडो से पाट दिया गया है। रविवार को रामनवमी के उपलक्ष में मोरवा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारियों को समिति द्वारा अंतिम रूप गया। शोभायात्रा सदस्यों ने बताया रविवार को भव्य जुलूस का आयोजन किया गया है। दोपहर 2 बजे वार्ड क्र.4 स्थित रामजानकी मंदिर एवं मोरवा बाजार हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा। दोनों ही जगह डीजे एवं बैंड के धुन पर राम भक्त महावीरी ध्वज लेकर शहर के भ्रमण पर निकलेंगे जो मोरवा थाने के पास एकत्रित हो शहर का भ्रमण करेंगे। शाम फल मंडी के समीप भजन संध्या में मुम्बई की सुप्रसिद्ध गायिका रिज़ा खान और बाली ठाकरे अपनी प्रस्तुति देंगी। वहीं अन्य कलाकारों द्वारा बरसाने की होली के साथ मसाने की होली खेली जाएगी।

### शोभायात्रा में रहेगा विशेष परिधान

रामनवमी शोभायात्रा समिति ने सभी से अपील की है कि पुरुष शोभायात्रा में सफेद या भगवा कुर्ता पहन कर आए वहीं महिलाएं भगवे कलर की साड़ी या सूट में यात्रा में सम्मिलित हों।

**शस्त्रों पर होगी पाबंदी :** पुलिस के संदेश के बाद इस बार शस्त्रों पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई गई है किसी भी प्रकार के शस्त्र को शोभायात्रा में लाने के लिए वर्जित किया गया है।

# चैत्र नवरात्र अष्टमी तिथि पर शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर पर भक्तों की उमड़ी भीड़



**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर पर चैत्र नवरात्र अष्टमी तिथि पर तीर्थ यात्रियों का जन सैलाब उमड़ा प्रातः काल मंगला आरती के पश्चात क्रमशः भक्तों की भीड़ बढ़ती चली गई। मंदिर के नए गेट एवं प्राचीन मार्ग पर भक्तों के आने.जाने का क्रम लगातार जारी रहा। मंदिर प्रांगण में तीर्थ पुरोहितों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। मंदिर में थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह के नेतृत्व में पीएसी के साथ स्थानीय पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रही।



# जल को संरक्षित करें तभी जीवन संभव : प्रीता गुर्जर

### नवांकुर संस्था नर्मदा सेवा समिति बरदघटा महिलाओं के अधिकार के बारे में जगा रही अलख



**जागरण, बैढ़न।** नवांकुर संस्था नर्मदा सेवा समिति बरदघटा के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को लेकर गांव.गांव रैली निकाल कर आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। वही वही नदी नालों की साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है ताकि गांव क्षेत्र में स्वच्छता की अलख जगाई जा सके। इसके अलावा समिति ने महिला अधिकारों को लेकर महिलाओं को उनके हक के बारे में बताने का प्रयास किया जा रहा है। नवांकुर संस्था नर्मदा सेवा समिति बरदघटा की अध्यक्ष सुश्री प्रीता गुर्जर के द्वारा क्षेत्र मैं लगतार ग्रामीण महिलाओं के बीच पहुंचकर संगोष्ठी की जा रही है। इस बैठक में तियरा मंडल अध्यक्ष कमलेश शाह नवांकुर संस्था के अध्यक्ष मनोहर लाल वर्मा जग प्रसाद विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों के मौजूदगी में संस्था प्रमुख सुश्री प्रीता गुर्जर के द्वारा महिलाओं के अधिकार के बारे में ग्रामीण महिलाओं को विधिवत महिला सशक्तिकरण लैंगिक उत्पीड़न महिला हिंसा घरेलू हिंसा बाल विवाह नशा मुक्ति सहित जल संरक्षण के बारे में विधिवत बैठक कर महिलाओं सहित आम जनमानस को जानकारी दी गई। वहीं बैठक में संस्था प्रमुख के द्वारा आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा गया कि जल को संरक्षित करें तभी जीवन संभव है। अगर हम इसी तरह जल का दुरुपयोग करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब हम जल की बूंद बूंद को तरसेंगे। हम सब कसम ले के जल को बर्बाद नहीं होने देंगे। जल को सुरक्षित करेंगे। इसके अलावा नवांकुर संस्था नर्मदा सेवा समिति के द्वारा नदी नालों की साफ सफाई की गई। इसके पश्चात ग्राम पंचायत खमरिया सहित आसपास के गांव में रैली निकालकर जनमानस को संदेश दिया गया। इस दौरान रमेश कुमार अगिता साहू पूर्णिमा गुर्जर आशीष शाह अभिषेक उपाध्याय राजकुमार विश्वकर्मा अमृता शर्मा सीमा वर्मा अस्मिता गुप्ता प्रतीक्षा सिंह नीलू सिंह सहित सैकड़ो लोग सहभागी बने।

# यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 100 से अधिक वाहनों का ऑनलाइन हुआ चालान



**जागरण, बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्रीके कुशल मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के निर्देशन में थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही ऑनलाइन चालानी कार्यवाही शुरू की गई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से शहर के विभिन्न चौराहे जैसे माजन मोड़ इंदिरा चौक अंबेडकर चौक मस्जिद तिराहा कालेज तिराहा अमलोरी तिराहा जयंत बस पड़ाव स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से यातायात का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक जो बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठ कर वाहन चलाना वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग वाहनों का नम्बर प्लेट निर्धारित मानक अनुरूप नहोना वाहनों में बिना किसी प्राधिकृत व्यक्ति के अनुमति परिवर्तन या मोडिफिक्रेशन कराना शहर के अंदर निर्धारित गति का पालन न करते हुए तेज रफ्तार में वाहन चलाना उक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर वाहनों के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उनके लाइव फुटेज एवं फोटोग्राफ संधारित कर पीओएस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन चालानी कार्यवाही की गई एव चालान बनाया गया चालान की जानकारी वाहन स्वामी के मोबाइल नंबर जो वाहन का रजिस्ट्रेशन कराते समय दिए गए मोबाइल पर एसएमस के माध्यम से जायेगी उक्त एसएमस में दर्शाए गए लिंक में दिए गए क्यू आर कोड को विभिन्न यूपीआई .फोन पे गूगल पे से स्कैन कर अथवा 15 दिवस के अंदर थाना यातायात में उपस्थित होकर उपरोक्त नियम के उल्लंघन में शासन द्वारा निर्धारित शंमन शुल्क की राशि अनिवार्य रूप से जमा कर रसीद प्राप्त किया जाना होगा 15 दिवस के अंदर जुर्माना राशि जमा न करने की स्थिति में चालान स्वतः न्यायालय में पंजीकृत हो जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं वाहन स्वामी/चालक की होगी ऑनलाइन चालान में किसी प्रकार की असुविधा होने एवं यातायात संबंधी किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु यातायात हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## रेलवे क्रॉसिंग पुलिया के नीचे मिला अज्ञात महिला का शव

**क्षेत्र में फैली सनसनी**

**जागरण, बैढ़न।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रमा टोला रेलवे क्रॉसिंग के पास पुलिया के नीचे आज एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा तैयार कर अंत परीक्षण के लिए चिकित्सालय भिजवा दिया कोतवाली पुलिस मामले में विवेचना कर रही है वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक महिला की हत्या कर उसका शव पुलिया के नीचे फेंक दिया गया है।

**एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(एक मिनिरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पणी)

// आवश्यक सूचना //

ब्लाक-बी परियोजना हेतु अधिसूचना संख्या 1897 दिनांक 18.07.1992 एवं 3821 दिनांक 13.09. 2006 के तहत भूमियो का अर्जन किया गया है। ब्लॉक-बी परियोजना में रेलवे लाईन बिछाने, डम्पिंग कार्य करने, सड़क निर्माण करने एवं परियोजना के अन्य प्रस्तावित कार्य को सुचारु रूप से संचालित हेतु अधिग्रहण वर्ष 1992 एवं अधिग्रहण वर्ष 2006 में अर्जित भूमिओ के शेष बचे भूस्वामियों को डिसेंडिंग ऑर्डर के तहत नौकरी दी जानी है। उपरोक्त दोनों अधिग्रहणों के कुल 163 भू-स्वामियों की नौकरी की सूची जिला प्रशासन, सिंगरौली द्वारा अनुमोदित है।

अधिग्रहण वर्ष 1992 एवं अधिग्रहण वर्ष 2006 के नौकरी हेतु शेष बचे भूस्वामियों/उनके वारिसों को पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस/सूचना व्यक्तिगत रूप से प्रेषित की जा चुकी है, इस नोटिस के द्वारा संबन्धित भूस्वामियों/वारिसों को 15 दिन के अंदर संबन्धित सभी आवश्यक दस्तावेज़ ब्लाक – बी कार्यालय में जमा करने की सूचना दी गई है। इस प्रकाशन के माध्यम से उन भू-स्वामियों जिनकी सूची नीचे दी गई है जिन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज़ प्रकाशन के दिनांक तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए हैं।

अतः निम्नलिखित सभी भू-स्वामियों/उनके वारिसों को सार्वजनिक रूप से सूचना दी जाती है कि जिन्होंने अभी तक सभी आवश्यक दस्तावेज़ जमा नहीं किए हैं, वे इस सूचना के प्रकाशन तिथि से पंद्रह दिवस (15 दिन) के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेज़ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अवश्य जमा करा दें, सूचना के प्रकाशन तिथि से पंद्रह दिवस (15 दिन) के उपरांत उनका (निम्नलिखित सभी भू-स्वामियों/उनके वारिसों) कोई दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**भूमि अधिग्रहण वर्ष 1992 के भू-स्वामियों की सूची जिन्होंने चेकलिस्ट के अनुसार अभी तक सभी दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किए हैं-**

| क्र | भू स्वामी का नाम | पिता/पति का नाम | ग्राम |
|---|---|---|---|
| 1 | ललउ राम | ब्रह्मा राम | नौढ़िया |
| 2 | यदुनाथ सिंह | मोतीलाल सिंह गोंड | नौढ़िया |
| 3 | मिठाई लाल | भूआल तेली | नौढ़िया |
| 4 | पूरन | रामनाथ बैसवार | रजखड़ |
| 5 | ददन राम | ददई राम | नौढ़िया |
| 6 | अरुण कुमार | गंगाराम ब्राह्मण | नौढ़िया |
| 7 | जवाहर लाल पाठक | सुग्रीव राम पाठक | सिगाही |
| 8 | मानकुँवरी | स्व. बलीराम सिंह | सिगाही |
| 9 | श्यामा देवी पुत्री | शीतल प्रसाद ब्राह्मण | चकुआर |
| 10 | रामरति देवी | शीतल प्रसाद ब्राह्मण | चकुआर |

**भूमि अधिग्रहण वर्ष 2006 के भू-स्वामियों की सूची जिन्होंने चेकलिस्ट के अनुसार नौकरी हेतु अभी तक सभी दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किए हैं-**


| क्र | भू स्वामी का नाम | पिता/पति का नाम | ग्राम |
|---|---|---|---|
| 1 | कैलाश प्रसाद श्रीवास्तव | विश्वनाथ प्रसाद श्रीवास्तव | सोलंग |
| 2 | रमाशंकर | रामदेव बैशवार | मुहेर |
| 3 | सुल्तान खान | दरियाब खान | रजखड़ |
| 4 | आनंद लाल | गहरु साहू | रजखड़ |
| 5 | हदीश खान | इशहाक खान | सोलंग |
| 6 | कमला प्रसाद | रामदेव बैसवार | मुहेर |


(R-02) महाप्रबंधक ब्लॉक-बी क्षेत्र

## तीर्थ यात्रियों को हो रही असुविधा

**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर मेला प्रांगण में स्थानीय भक्तों के साथ.साथ मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ झारखंड एवं बिहार बॉर्डर के तीर्थ यात्रियों के आने का क्रम लगातार बना हुआ है वही मंदिर एवं मेला परिसर में जन सुविधाओं का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। पूर्व से ही मेला एवं मंदिर प्रांगण में बिजली पानी शौचालय एवं साफसफाई की व्यवस्था स्थानीय परियोजना नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जाता रहा है। पर जिला प्रशासन के निर्देश के बाद भी मंदिर एवं मेला प्रांगण में जल की सुविधा हो रही है पूर्व में पाइप लाइन जो एनटीपीसी द्वारा लगाई गई थी पानी का पाइप लाइन काट दिया गया है जिससे जल के लिए तीर्थ यात्री दर.दर भटक रहे हैं।


दूसरी ओर मेला प्रांगण में एकमात्र शौचालय का भी बिजली पानी काट दिए जाने से मेले के व्यापारी एवं तीर्थ यात्री बाहर खुले में शौच जाने के लिए मजबूर हैं। जिला प्रशासन द्वारा एकमात्र मोबाइल टॉयलेट लगाया गया है जो गंदा एवं बदबूदार है एवं पानी की व्यवस्था भी नहीं है। इस संबंध में गौ सेवा नारी सेवा समिति के कोषाध्यक्ष गणेश कुमार मिश्रा द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए मेला एवं मंदिर प्रांगण में पेयजल की सुविधा शौचालय की सुविधा एवं अनुष्ठानिक सरोवर के साथ सफाई हेतु निवेदन किया गया है।











जगनिवास प्रभु प्रकटे
अखिल लोक बिश्राम....
जन-जन की प्राण शक्ति
धर्म और न्याय के रक्षक मर्यादा पुरुषोत्तम
भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस
श्रीराम नवमी
के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मैहर
मां शारदा पूजन
विकास कार्यों का
भूमिपूजन एवं शिलान्यास
अपराह्न 1:00 बजे
चित्रकूट
गौरव दिवस कार्यक्रम
गंगा आरती एवं दीपोत्सव
सायं 5:30 बजे
गरिमामयी उपस्थिति
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
6 अप्रैल 2025
सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय के पथ पर बढ़ता
धार्मिक पर्यटन को समृद्ध करता मध्यप्रदेश
D- 11001/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025




# चेपॉक में नहीं चला धोनी का मैजिक! दिल्ली ने चेन्नई सुपर किंग्स को दी 25 रनों से मात



**चेन्नई, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 17वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को उनके ही घर में 25 रनों से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। चेन्नई के ऐतिहासिक एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में दिल्ली की यह जीत खास रही, क्योंकि 15 साल बाद इस मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को पराजित किया है।

**दिल्ली की ठोस बल्लेबाज़ी :** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। हालांकि टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर-मैकगर्क बिना खाता खोले आउट हो गए। लेकिन इसके बाद अभिषेक पोरेल (33 रन, 20 गेंद) और केएल राहुल (42 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़कर टीम को मजबूती दी। मिडल ऑर्डर में राइली रूसो और अक्षर पटेल ने अहम योगदान दिया, जिससे दिल्ली एक मजबूत स्कोर तक पहुँच पाई।

## चेन्नई की शुरुआत लड़खड़ाई

184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। टीम ने 14 रन के भीतर अपने दो अहम विकेट गंवा दिए। रचिन रवींद्र (3 रन) को मुकेश कुमार ने आउट किया तो कप्तान ऋतुराज (5 रन) मिचेल स्टार्क की गेंद पर चलते बने वहीं डेवोन कॉन्वे (13 रन) को विपराज ने पवेलियन भेजा। हालांकि विजय शंकर (नाबाद 69 रन) और धोनी (नाबाद 30 रन) ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन जीत दिला पाने में असफल रहे।

## मिचेल स्टार्क और मुकेश कुमार मैच के रहे हीरो

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाज़ी में मिचेल स्टार्क और मुकेश कुमार चमके, जिन्होंने टॉप ऑर्डर को ढेर किया। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से विजय शंकर ने सबसे ज़्यादा रन बनाए (69 रन, 54 गेंद, 5 चौके, 1 सिक्स)। वहीं, धोनी का संयमित प्रदर्शन (30 रन, 26 गेंद, 1 चौका, 1 सिक्स) भी सराहनीय रहा, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

### स्कोर बोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स : 183/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फ्रेजर का. रचिन बो. खलील | 0 | 5 | 0 | 0 |
| राहुल का. धोनी बो. मथीसा | 76 | 51 | 6 | 3 |
| पोरेल का. मथीसा बो. जडेजा | 33 | 20 | 4 | 1 |
| अक्षर बो. अहमद | 21 | 14 | 2 | 1 |
| रिजवी का. जडेजा बो. खलील | 20 | 15 | 1 | 1 |
| स्टब्स नाबाद | 24 | 12 | 2 | 1 |
| आशुतोष रन आउट (जडेजा) | 1 | 1 | 0 | 0 |
| विपराज नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 6 कुल : 183 रन 6 विकेट पर 20 ओवर में विकेट पतन : 1-0, 2-54, 3-90, 4-146, 5-179, 6-180 गेंदबाजी : खलील 4-0-25-2, मुकेश 4-0-50-0, अश्विन 3-0-21-0, जडेजा 2-0-19-1, नूर अहमद 3-0-36-1, मथीसा 4-0-31-1

**चेन्नई सुपर किंग्स : 158/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन का. एंड बो. मुकेश | 3 | 6 | 0 | 0 |
| कानवे का. अक्षर बो. निगम | 13 | 14 | 1 | 0 |
| रुतुराज का. फ्रेजर बो. स्टार्क | 5 | 0 | 1 | 0 |
| विजय शंकर नाबाद | 69 | 54 | 5 | 1 |
| शिवम का. स्टब्स बो. निगम | 18 | 15 | 1 | 1 |
| जडेजा पगबाधा बो. कुलदीप | 2 | 3 | 0 | 0 |
| धोनी नाबाद | 30 | 26 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 158 रन 5 विकेट पर 20 ओवर में। विकेट पतन : 1-14, 2-20, 3-41, 4-65, 5-74 गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-27-1, मुकेश कुमार 4-0-36-1, मोहित शर्मा 3-0-27-0, विपराज निगम 4-0-27-2, कुलदीप 4-0-30-1, अक्षर पटेल 1-0-5-0

**20 साल बाद मैच देखने पहुंचे माही के माता-पिता**

# महेन्द्र सिंह धोनी के संन्यास लेने की अटकलें हुईं तेज



**चेन्नई, जेएनएन।** चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में आज कुछ अलग ही माहौल था। मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ रही थी, लेकिन दर्शकों की निगाहें सिर्फ एमएस धोनी पर टिकी थीं। हालांकि, आईपीएल से धोनी के रिटायरमेंट को

## सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट की बाढ़

लेकर अटकलें तब और तेज हो गईं जब एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसमें धोनी के माता-पिता और पत्नी साक्षी स्टेडियम में मौजूद दिखे। फैंस ने इसे धोनी के आखिरी मैच से जोड़ते हुए इमोशनल पोस्ट की बाढ़ ला दी। दरअसल, आज आईपीएल 2025 का 17वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चेपॉक स्टेडियम में मैच खेला गया। इस मुकाबले में जब महेंद्र सिंह धोनी के माता-पिता और पत्नी साक्षी धोनी स्टेडियम में मौजूद दिखे, तो फैंस को लगा मानो आज का दिन इतिहास रचने वाला है। शायद आखिरी बार थाला को खेलते देखने का!

## थाला लेंगे रिटायरमेंट?

इस खास मौके पर धोनी के परिवार का स्टेडियम में होना फैंस के बीच यह सवाल खड़ा कर गया। क्या ये 'थाला' का आखिरी मुकाबला है? क्या धोनी आईपीएल को अलविदा कहने वाले हैं? जैसे ही कमेंटेटर ने मैच के दौरान धोनी के माता-पिता की मौजूदगी की बात की, सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। फैंस ने इस लम्हे को बेहद भावुक बताया और कई लोगों ने लिखा- धोनी के माता-पिता चेपॉक में हैं, उम्मीद है धोनी फिर कहेंगे-रिटायरमेंट?

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 02 | 02 | 00 | 04 | 1.485 |
| दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 04 | 1.320 |
| बेंगलुरु | 03 | 02 | 01 | 04 | 1.149 |
| गुजरात | 03 | 02 | 01 | 04 | 0.807 |
| कोलकाता | 04 | 02 | 02 | 04 | 0.070 |
| मुंबई | 03 | 01 | 02 | 00 | 0.309 |
| लखनऊ | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.150 |
| चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.771 |
| राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 00 | -1.112 |
| हैदराबाद | 04 | 01 | 03 | 02 | -1.612 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| निकोलस (लखनऊ) | 201 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 186 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 184 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 171 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चेन्नई) | 09 |
| हार्दिक पंड्या (मुंबई) | 08 |
| मिचेल स्टार्क (दिल्ली) | 08 |
| शार्दुल ठाकुर (लखनऊ) | 07 |

### बाउंड्री मीटर



303 छक्के
483 चौके
33 अर्धशतक

31 गेंद में 60 रन मिशेल मार्श ने बनाए। उन्होंने पावरप्ले के दौरान 30 गेंदे खेली, जो आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक है। मार्श ने शिखर धवन का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। धवन ने मुंबई के खिलाफ पावरप्ले के दौरान 29 गेंदें खेली थी।

**आईपीएल 2025 का 19वां मैच**

# हैदराबाद-गुजरात में होगा रोमांचक मुकाबला आज, किसका पलड़ा है भारी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 19वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच 6 अप्रैल को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद, जो इस सीजन में अब तक मुश्किल दौर से गुजर रही है, चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे है, और एक भी जीत दर्ज करने में विफल रही है। वहीं गुजरात टाइटन्स वर्तमान में तालिका में चौथे स्थान पर है और इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर रही है क्योंकि उन्होंने अपने तीन मैचों में से दो जीते हैं, लेकिन हैदराबाद के मैच में बहुत कुछ हो सकता है। हैदराबाद को 4 में से 3 मैचों में शिकस्त मिली है जबकि गुजराज की टीम 3 में से 2 मैच जीत चुकी है। दोनों टीमों ने अब तक अंक तालिका में पॉइंट्स को बढ़ाने के लिए हैदराबाद के मैदान में भिड़ेंगी।

हैदराबाद के इस मैदान की सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी साबित हो सकती है। यहां रन बनाने के लिए काफी मौके बैटर्स को मिलेंगे। दोनों ही टीमें इस मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद करेंगी। ऐसे में टॉस बॉस फैक्टर दिखेगा। यहां का औसत स्कोर 181 है। लगभग 46 फीसदी मैच यहां पर पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। यहां तेज गेंदबाजों को शुरुआत में कुछ मूवमेंट मिल सकता है, लेकिन बल्लेबाजों के पक्ष में परिस्थितियां जल्दी ही आसान हो जाती हैं। स्पिनरों को बीच के ओवरों में कुछ पकड़ मिल सकती है, लेकिन बाद के हाफ में ओस का प्रभाव अक्सर पीछा करने वाली टीम की मदद करता है। सनराइजर्स हैदराबाद, जो इस सीजन में अब तक मुश्किल दौर से गुजर रही है, चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे है, एक भी जीत दर्ज करने में विफल रही है। गेंदबाजी विभाग में तब से बहुत निरंतरता नहीं रही है, और बल्लेबाजी लाइनअप कभी भी एक टीम नहीं रही है। टीम अपने सबसे हालिया खेल में बड़ी हार झेलने के बाद अपने घरेलू मैदान में मजबूत प्रदर्शन के साथ फॉर्म में वापसी करना चाहेगी। गुजरात टाइटन्स वर्तमान में तालिका में चौथे स्थान पर है और इस सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर रही है क्योंकि उन्होंने अपने तीन मैचों में से दो जीते हैं। यह जीत एक पूर्ण और व्यापक प्रदर्शन, एक टीम संतुलन और प्रमुख खिलाड़ियों की उपस्थिति थी जो बल्लेबाजी या गेंदबाजी विभाग में खेल को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन वे खुद को तालिका में ऊपर लाने के लिए इस गति को जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे।

**हेड टू हेड**

सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के पिछले पांच मैचों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 1 मैच रद्द हुआ है जबकि 4 में से 3 गुजरात के नाम रहे हैं। वहीं हैदराबाद सिर्फ एक मैच जीत पायी है।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ किया क्लीन स्वीप, वनडे सीरीज 3-0 से जीती



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के हाथों लगातार तीसरे वनडे मैच में करारी हार मिली और इसी के साथ मेजबान न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया। तीन मैचों की वनडे सीरीज को कीवी टीम ने 3-0 से जीता। हैरानी वाली बात ये रही कि लगातार दूसरे मैच में कनकशन के कारण पाकिस्तान की ओर से 12 बल्लेबाज क्रीज पर उतरे और दोनों ही बार टीम को हार मिली। पहले मैच में 73, दूसरे मैच में 84 और तीसरे मैच में पाकिस्तान को न्यूजीलैंड ने 43 रनों से हराया। ये मैच 42-42 ओवर का था, क्योंकि बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ था। इस मुकाबले की बात करें तो पाकिस्तान की टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हालांकि, कप्तान का ये फैसला सही साबित रहा था, क्योंकि पहली सफलता 13 रन के कुल स्कोर पर मिल गई थी। इसके बाद साझेदारियों का दौर चला और न्यूजीलैंड की टीम 42-42 ओवर के मैच में 8 विकेट खोकर 264 रन बनाए। 58 रन रीस मारिउ ने बनाए, जबकि 59 रनों की पारी कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने खेली। 4 विकेट आकिफ जावेद को मिले, जबकि दो विकेट नसीम शाम को मिले। फहीम अशरफ और सूफियान मुकीम एक-एक विकेट निकालने में सफल रहे। वहीं, 265 रनों के जवाब में पाकिस्तान की टीम को दमदार शुरुआत मिली। इमाम उल हक रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। उनके सिर पर गेंद लगी थी। इसके बाद क्रीज पर बाबर आजम आए। उन्होंने 58 गेंदों में 50 रन बनाए।

## दर्शकों ने पाक क्रिकेटर खुशदिल को पीटा?



पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे मैच खेला गया। लेकिन मैच के दौरान मैदान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब खुशदिल शाह दर्शकों के बीच पहुंच गए। हालांकि सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं मानें। सामने आई तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि खुशदिल दर्शकों से उलझते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान टीम के क्रिकेटर और कुछ सुरक्षाकर्मी खुशदिल शाह को रोकते नजर आ रहे हैं। लेकिन खुशदिल शाह उनके रोकने से भी नहीं रुक रहे हैं। बताया जा रहा है कि दर्शकों ने कुछ टिप्पणी की थी। इसके बाद खुशदिल शाह खुद को रोक नहीं पाए और दर्शकों से उलझ गए।

# बीसीसीआई मेडिकल टीम ने बुमराह को दी हरी झंडी, मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे



**मुंबई, जेएनएन।** आईपीएल 2025 में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अगले सप्ताह से खेलते हुए नजर आ सकते हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आखिरकार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से आईपीएल खेलने की मंजूरी मिल गई। तेज गेंदबाज बुमराह मुंबई इंडियंस की टीम से अगले कुछ दिन में जुड़ने वाले हैं। जसप्रीत बुमराह इस समय मुंबई में हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जनवरी में सिडनी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान लगी पीठ की चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सात अप्रैल को होने वाले मुकाबले से पहले जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के स्क्वॉड में शामिल होंगे। हालांकि वानखेड़े में होने वाले मैच में उनके खेलने की उम्मीद नहीं है। जसप्रीत बुमराह ने मुंबई के लिए शुरुआती चार मैच नहीं खेले हैं। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह बाहर थे। बुमराह हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली स्क्वॉड का भी हिस्सा नहीं थे।

# इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ने के बाद हल्का महसूस कर रहा हूं: बटलर



**मुंबई, जेएनएन।** इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद वह हल्का महसूस कर रहे हैं तथा आईपीएल में अपनी नई मानसिकता के साथ स्वच्छंद होकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाई थी, इसके बाद बटलर ने कप्तानी छोड़ दी थी। वह इस दौरान स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। लेकिन आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने तीन मैच में 166 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। बटलर ने कहा, मैं निश्चित तौर पर काफी हल्का महसूस कर रहा हूं। कप्तान के रूप में जब आप अनुकूल परिणाम हासिल नहीं करते हो तो आप पर इसका दबाव पड़ता है तथा आप चीजों को सही करने के लिए अपना काफी समय और ऊर्जा लगाते हो।

# पीसीबी अध्यक्ष नकवी अगले एसीसी अध्यक्ष बनने को तैयार



**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मौजूदा चेयरमैन मोहसिन नकवी इस साल के आखिर में एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अगले अध्यक्ष बनने वाले हैं। यह बात इसकी रोटेशन नीति के अनुसार है। हाल ही में एसीसी की बैठक में अध्यक्ष पद के मामले पर चर्चा की गई थी। एक सूत्र ने कहा, जब इस साल के आखिर में एसीसी की बैठक होगी, तो यह पुष्टि की जाएगी कि नकवी दो साल के कार्यकाल के लिए अगले अध्यक्ष होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह मौजूदा एसीसी अध्यक्ष हैं, जिन्हें इस साल जनवरी में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एक साल का विस्तार मिला था। सूत्र ने कहा, जब शाह पद छोड़ देंगे तो पीसीबी प्रमुख कार्यभार संभाल लेंगे। एसीसी ने हाल ही में एशिया कप 2025 की मेजबानी के अधिकार भारत को दिए हैं, क्योंकि यह टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में आयोजित किया जाएगा और 2027 संस्करण की मेजबानी का अधिकार बांग्लादेश को एकदिवसीय प्रारूप में दिया गया है। इसका अर्थ यह है कि 2025 में दो प्रमुख आयोजन निर्धारित हैं - फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद एशिया कप - जो 2026 के टी-20 विश्व कप का अग्रदूत

## सिटी स्पोर्ट्स

# मप्र फुटसाल स्टेट चैंपियनशिप में हजरत निजामुद्दीन क्लब बना विजेता



**भोपाल।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ कै तत्वाधान से 7 मेंगोस फूटसाल एरीना मे 3 दिवसीय राज्य स्तरीय फुटसाल प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें 8 क्लब ने भाग लिया भोपाल के हजरत निजामुद्दीन क्लब ने फाइनल मुकाबले में खेल एवं युवक कल्याण विभाग को एक रोचक मुकाबले में चार तीन से हरा कट चैंपियनशिप अपने नाम की। हजरत निजामुद्दीन क्लब ने अपने लीग मैच में खेल एवं युवा कल्याण को 6.2 से, सिंगरौली को 5-0 से एवं एम. शूटर मंडीदीप को 6-0 और सेमीफाइनल मे मंडला को 5-1 से हराया हराकर फाइनल में प्रवेश किया था फाइनल मुकाबले काफी संघर्षपूर्ण रहा, खेल एवं युवक कल्याण विभाग की टीम ने भी अपनी पिछली हार का बदला लेने का प्रयास किया लेकिन हजरत निजामुद्दीन की सभी टीम ने अंतत 4-3 से मुकाबला अपने नाम किया। फाइनल से पहले हजरत निजामुद्दीन हजरत निजामुद्दीन क्लब से ऋषभ, तरुण, अर्जुन, लक्ष्य, प्रदुल, ने गोल किये।

# खेलो चेस इंडिया : मास्टर्स शतरंज प्रदेश के नंबर 1 आयुष ने बनाई बढ़त



**भोपाल।** विश्व शतरंज संघ और अखिल भारतीय शतरंज के द्वारा अधिकृत और चेसबेस इंडिया द्वारा आयोजित खेलों चैस इंडिया इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल का आरंभ आज कोलार स्थित सेज इंटरनेशनल स्कूल में हो गया । इस फेस्टिवल में एक अंतरराष्ट्रीय रेटिंग रैपिड स्पर्धा हो रही है जिसमें देश भर से 270 खिलाड़ी और इंग्लैंड से एक खिलाड़ी भाग ले रहे है जबकि फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण है मास्टर्स रैपिड और ब्लिट्ज स्पर्धा जिसमें देश और विदेश के कुल 4 शीर्ष और प्रदेश के 4 उभरते हुए खिलाड़ी राउंड रॉबिन आधार पर मुकाबले खेल रहे हैं। मास्टर्स में आयुष नें बनाई बढ़त -मध्य प्रदेश और मध्य भारत के नंबर एक खिलाड़ी और जल्द ही ग्रांड मास्टर बनने की कगार पर खड़े इंटरनेशनल मास्टर आयुष शर्मा पाँच राउंड के बाद 4 जीत के साथ एकल बढ़त पर पहुँच गए हैं। आयुष को पहले राउंड में महाराष्ट्र के सक्षम बधवा से हार का सामना करना पड़ा था पर उसके बाद उन्होने लगातार जीत के साथ वापसी की।

मास्टर्स में दूसरे स्थान पर चल रहे है कभी विश्वनाथन आनंद को पराजित करने वाले देश के दिग्गज इंटरनेशनल मास्टर अनूप देशमुख को फिलहाल 3.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर है। वहीं 3 अंक बनाकर भोपाल के एशियन अंडर 10 चैम्पियन माधवेन्द्र प्रताप शर्मा तीसरे स्थान पर 3 अंक बनाकर खेल रहे हैं।

अन्य खिलाड़ियों में अश्विन डेनियल , सक्षम बाधवा 2.5 अंक ,प्रखर बजाज 2 अंक, सौरभ चौबे 1.5 अंक और कोलंबिया की इंटरनेशनल मास्टर एंजेला फ्रांकों 1 अंक बनाकर खेल रही हैं। फीडे रैपिड रेटिंग स्पर्धा में इस समय 5 राउंड के बाद राजस्थान के अरुण कटारिया, बिहार के अभिषेक सोनू 5 अंक ,मध्य प्रदेश के मृदुहास त्रिपाठी और भूपेंद्र जाटव सयुंक्त बढ़त पर चल रहे हैं।

**मुक्केबाजी विश्वकप**

# 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचे अभिनाश जामवाल



**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत के अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली के जियानलुइगी मलंगा को हराकर ब्राजील के फोज डो इगुआकु शहर में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के 65 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। इस 22 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने मलंगा की पहुंच से दूर रहने के लिए अपनी लंबाई और गति का अच्छा इस्तेमाल किया। उन्होंने 5-0 के सर्वसम्मत मतों से जीत हासिल की। पांच में से चार जजों ने जामवाल को परफेक्ट 30 अंक दिए। जामवाल इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले गुरुवार को हितेश 70 किग्रा भार वर्ग में फ्रांस के ओलंपियन माकन ट्राओरे को हराकर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। फाइनल में हितेश का मुकाबला इंग्लैंड के ओडेल कामारा से जबकि जामवाल का स्थानीय खिलाड़ी यूरी रीस से होगा। भारत के एक अन्य मुक्केबाज मनीष राठौड़ का 55 किग्रा वजन वर्ग में अभियान सेमीफाइनल में समाप्त हो गया।

# भारत को फुटबॉल ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए : एडमिल्सन

**मुंबई, जेएनएन।** ब्राजील के 2002 विश्व कप विजेता जोस एडमिल्सन का मानना है कि भारत को फुटबाल में प्रगति के लिए अपने ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और युवा खिलाड़ियों की महत्वाकांक्षाओं को भी देखना चाहिए। एडमिल्सन रियाल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना के उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो रविवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में 'लीजेंड्स फेसऑफ' में खेलेंगे। इसमें कार्लोस पुयोल, लुइस फिगो, जावी, जेवियर सावियोला, रिवाल्डो, फर्नांडो मोरिएंटेस, माइकल ओवेन और कई अन्य खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे।

मैच से पहले यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एडमिल्सन ने कहा, एक अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी बनने की तकनीक हासिल करने से पहले कई तरह की चीजों से निपटना होता है। भारत को ट्रेनर की शिक्षा पर ध्यान देना होगा और बच्चों की महत्वाकांक्षाओं पर भी ध्यान देना होगा। पूर्व ब्राज़ीलियाई खिलाड़ी ने एक अनुवादक के माध्यम से कहा, एक अच्छा खिलाड़ी बनाने से पहले उन्हें एक अच्छा इंसान बनाना होगा। और यह बहुत महत्वपूर्ण है। कई जगहों पर बच्चे खिलाड़ी बनने का सपना देखते हैं। लेकिन इससे पहले समाज की कई समस्याओं का समाधान करना होगा। पेपे ने कहा कि अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की तुलना में पुर्तगाल टीम के उनके साथी क्रिस्टियानो रोनाल्डो डिफेंडर के रूप में मुश्किल खिलाड़ी थे। मुझे क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम लेना होगा क्योंकि मैं उनके साथ ट्रेनिंग करता हूं। मुझे पता है कि उनके खिलाफ कितना मुश्किल है।

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 अप्रैल को मैहर जिले के प्रवास पर आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 6 अप्रैल को प्रातः 11.40 बजे रीवा से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 12 बजे हेलीपैड मैहर आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात अपरान्ह 3.20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा मैहर से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

दैनिक जागरण
रीवा, 06 अप्रैल 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल पहुंचे अमरपाटन

**सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मैहर जिले के प्रवास के दौरान अमरपाटन में पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल के निवास पहुंचे। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पूर्व राज्यमंत्री के पिता स्व. भैयालाल पटेल के निधन पर अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, उनके परिवार जन सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी पुलिस बन कर अवैध वसूली करने वाला गिरफ्तार

### मैहर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा



जागरण सतना

फर्जी पुलिस बनकर अवैध वसूली करने वाले एक आरोपी को मैहर की कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर कोतवाली टीआई अनिमेश द्विवेदी द्वारा की गई है।

### ये है घटना

पुलिस ने बताया कि नकतरा गांव में एक व्यक्ति द्वारा फर्जी पुलिस बनकर अवैध वसूली किये जाने की सूचना मिली थी जिसकी तस्दिक कराई गई सूचना सही पाये जाने पर आरोपी सीताराम पिता रामवीर सिकरवार उम्र 27 साल निवासी आइला बसइ थाना खीरागढ जिला अगरा उ.प्र. को गिरफ्तार किया गया है। यह सूचना खज्जू आदिवासी द्वारा पुलिस को दी गई थी। आरोपी के विरूद्ध मैहर कोतवाली में बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है वह जमानत मुचलके के नाम पर 10 हजार रूपये की मांग कर रहा था आरोपी के कब्जे से बाइक क्रमांक एमपी 20 जेडजे 2651 एवं आरोपी द्वारा पहनी गई वर्दी पुलिस ने जब्त की है।

# वृद्ध की निर्मम हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

### जैतवारा थाना क्षेत्र के कुएं में पत्थर से बंधा मिला था वृद्ध का शव

**जागरण सतना।** जैतवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोठारा पासी गांव के बीच खेत में बने कुएं में वृद्ध की हत्या कर शव पाये जाने का पुलिस ने खुलासा किया है। जैतवारा थाना प्रभारी ने इस मामले का खुलासा करते हुये बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मृतक का मोबाईल फोन उसका चश्मा , घटना में प्रयुक्त वाहन और मृतक के जमीन संबंधी कागजात जब्त किये गये हैं।

### मृतक के किराये के मकान पर रहती थी बिट्टी

पुलिस ने घटना को खुलासा करते हुये बताया कि इस मामले में जब जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि मृतक रामकिशोर पटेल आखरी बार बिट्टी प्रजापति के घर के आसपास देखा गया था पुलिस ने जब बिट्टी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सारा सच बयां कर दिया। उसने बताया कि मृतक रामकिशोर पटेल के मकान में वह किराये से रहती थी उसका पति बम्बई में काम करता रामकिशोर बिट्टी व उसकी बेटी पर अनुचित दृष्टि रखता था अक्सर वह उसके घर आता जाता था इसकी जानकारी बिट्टी ने अपने करीबी सत्यनारायण कुशवाहा और ब्रम्हजीत चौधरी को दी जिस पर तीनों ने उसे खत्म करने की योजना बनाई। बताया जाता है कि बिट्टी ने रामकिशोर को कोटर वाला काम खत्म कर आने के लिए कहा जिस पर रामकिशोर शराब के नशे में पहुंचा उसे एक बोतल शराब पिलाई गई, योजना के मुताबिक जब मृतक नशे से सराबोर बेहोश हो गया तब उसे तीनों अपनी बाइक पर बीच में बैठाकर सुनसान जगह कोटरा पासी गांव के खेत में ले गये वहां पर उसे स्प्राईट में धान की दवाई मिलाकर पिला दी गई तीनों ने दुपट्टा लेकर रामकिशोर का गला घोंट दिया उसके के बाद शव को गमच्छे से कुएं के पास पड़े तीन पत्थर में बांधकर पानी में फेंक दिया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

वृद्ध की निर्मम हत्या के आरोप में पुलिस ने बिट्टी प्रजापति उम्र 30 साल , ब्रम्हजीत चौधरी पिता राघव प्रसाद उम्र 25 और सत्यनारायण कुशवाहा उम्र 28 साल निवासी ग्राम महुला थाना जैतवारा जिला सतना हाल निवास हनुमान नगर नईबस्ती को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में एएसपी शिवेश सिंह , एएसपी विक्रम सिंह , डीएसपी मुख्यालय वीरेन्द्र बहादुर सिंह, सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान, कोलगवां टीआई सुदीप सोनी, उपनिरीक्षक अजीत सिंह, दिपेश पटेल सहित थाना जैतवारा से उपनिरीक्षक विजय सिंह की सराहनीय भूमिका रही टीम को 10 हजार रूपये के नगद इनाम से पुरस्कृत किया जायेगा।

## मैहर दर्शन बस सेवा का शुभारंभ आज

**सतना।** मां शारदा प्रबंधन समिति की ओर से मैहर दर्शन बस सेवा का शुभारंभ रामनवमी 6 अप्रैल को प्रातः 10 बजे किया जायेगा। जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह बंधा बैरियर से बस सेवा का शुभारंभ करेंगी। मैहर दर्शन की एक ट्रिप का किराया 30 रुपए प्रति यात्री होगा। यह बस बंधा बैरियर से प्रारंभ होकर आल्हा मंदिर, आल्हा आखाड़ा, गोला मठ, बड़ा अखाड़ा मंदिर, मैहर किला, अलाउद्दीन खां म्यूजियम, नीलकंठ मंदिर, ओईला बड़ी माई मंदिर आदि स्थलों का भ्रमण करती हुई वापस बंधा बैरियर आएगी।




## मुख्यमंत्री डॉ. यादव मैहर जिले को देंगे 71 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**जागरण सतना।** रामनवमी के दिन 6 अप्रैल को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 70 करोड़ 99 लाख 84 हजार रूपये लागत के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नवरात्रि के अवसर पर मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन-पूजन के उपरांत बंधा बैरियर में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां मैहर जिले के 71 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इन 52 कार्यों में 43 करोड़ 16 लाख 49 हजार रूपये के 38 विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 27 करोड़ 83 लाख 35 हजार रूपये लागत के 14 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

# मैहर पहुंचे सांसद ने किए मां शारदा के दर्शन

### माई की रसोई में श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद



**सतना।** चैत्र नवरात्र के अष्टमी के शुभ अवसर पर सतना सांसद गणेश सिंह ने मैहर में मां शारदा के दर्शन कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा अर्चना की है। सांसद ने माई को चुनरी चढ़ाई और कामना की है कि लोकसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा न हो और किसानों की फसल सुरक्षित उनके खलिहान और घर तक पहुंच जाय। प्रधान पुजारी द्वारा भी सांसद श्री सिंह को प्रसाद के रूप में माता की चुनरी भेट की गई है। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ता और सांसद के समर्थक साथ रहे। त्रिकूट पर्वत से दर्शन कर नीचे उतरे सांसद ने माई की रसोई में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया है। रसोईं के संचालक धीरज पांडे भी इस मौके पर उपस्थित रहे हैं।

### सांसद ने लिया संतो का आर्शिवाद

पुरूषोत्तम पीठ देवी धाम बरा में 30 मार्च से 8 अप्रैल तक चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं विशाल संत सम्मेलन व राम जानकी प्रतिष्ठा महोत्सव में सतना सांसद गणेश सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वामी प्रमोद बिहारीदास महराज एवं लालिताम्बपीठाधीश्वर जयराम महराज का आर्शिवाद भी लिया। कुछ देर वहां रूक कर श्री सिंह ने कथा का रसपान किया। इसके पश्चात श्री सिंह रीवा जिले के कुम्हरा जुड़वानी में चल रही श्रीमद् भागवत् कथा में शामिल हो कर कथा का आनंद उठाया एवं कथा व्यास धीरेन्द्र शास्त्री का आर्शिवाद लिया। इस अवसर पर श्री सिंह के साथ काफी लोग मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने ली व्यवस्थाओं के संबंध में जिला अधिकारियों की बैठक

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रविवार 6 अप्रैल को मैहर प्रवास के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने कलेक्टर रानी बाटड ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौपी है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शनिवार को जिला अधिकारियों की आयोजित बैठक में कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं और तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रमों के लिये प्रभारी अधिकारी एसडीएम मैहर विकास सिंह और सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह प्रभारी अधिकारी होंगे। इसके अलावा जिला अधिकारियों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, अधीक्षण यंत्री म.प्र. विद्युत वितरण प्रमिल कुमार मिश्रा, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीएल साकेत, उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी बीआर सिंह, सहायक आपूर्ति अधिकारी मैहर राजीव पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक गौर, उप संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह, डीआईयू एनआईसी परमीत कौर, मुख्य अभियंता दूर संचार, उप संचालक कृषि मनोज कश्यप, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी नवीनचन्द्र पाण्डेय, जल निगम के जीएम विवेक गुप्ता, एसडीओ उप स्वास्थ्य यांत्रिकी मनीष मिश्रा सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अनुभाग स्तर के अधिकारियों को भी व्यवस्थाओं संबंधी जिम्मेदारी सौंपी गई है।










## डीआईजी ने मैहर में ली पुलिस अधिकारियों की बैठक



**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मैहर नगर आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में रीवा जोन डीआईजी राजेश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने मैहर जिले पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली एवं कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल नागर नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक, थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी यातायात प्रभारी राशिद खान सहित सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर एवं एसपी ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर लिया जायजा

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मैहर जिले में एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के आवागमन के मार्गों एवं कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी अधिकारी द्वय ने दिए। अधिकारियों ने मैहर शारदा मंदिर परिसर के नीचे बंधा बैरियर के सभा स्थल, हेलीपैड, मंदिर और मुख्यमंत्री जी के मैहर नगर के भ्रमण रूट, आवागमन मार्ग की आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित विभागीय अधिकारियों ने तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### कन्या महाविद्यालय खोले जाने मुख्यमंत्री से की मांग

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री का रविवार 6 अप्रैल को माँ शारदा की नगरी में आगमन हो रहा है वरिष्ठ समाजसेवी रमापति गौतम ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री का मैहर आगमन हो रहा लेकिन दुख होता है की महिला शशक्तिकरण के बारे में बहुत भाषण होते हैं मुख्यमंत्री जब आप उच्चशिक्षा मंत्री थे तब मैहर महाविद्यालय में आपने कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा और कुछ विषय दर्शन शास्त्र भूगर्भ शास्त्र कर्मनोलॉजी एवं सांख्यिकी की घोषणा की थी कन्या छात्रावास का उद्घाटन भी आपके द्वारा किया गया था जो आज तक प्रारम्भ नहीं हुआ।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com